वाराणसी, मंगलवार, 7 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 30, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



# जनसंदेश टाइम्स
परख सच की



वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित
डाक/ नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

### अवकाश की सूचना

होली के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, पत्र वितरकों सहित शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर जनसंदेश टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 7 व 8 मार्च 2023 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 10 मार्च 2023 को मिलेगा।

–महाप्रबंधक







# सस्ता इलाज हमारी सरकार का लक्ष्य

## पीएम ने दिया 'वन अर्थ, वन हेल्थ' का मंत्र, पोस्ट-बजट वेबिनार को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च' पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। इसमें पीएम मोदी ने कहा कि हमने हेल्थकेयर को सिर्फ स्वास्थ्य मंत्रालय तक सीमित नहीं रखा है बल्कि इसे सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा बनाया है। इलाज को किफायती बनाना हमेशा से हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

यह वेबिनार उन 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की सीरीज का हिस्सा है, जिनका आयोजन केंद्र सरकार कर रही है। इससे माध्यम से बजट में घोषित पहलों को लेकर विचारों और सुझावों को एकत्र किया जा सके। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कोरोना जैसी बड़ी आपदा के कारण पूरी दुनिया का ध्यान 'हेल्थकेयर' पर गया, लेकिन भारत ने अपनी प्राथमिकता हेल्थकेयर से एक कदम आगे यानि 'वेलनेस' को बनाई है, इसलिए हमने दुनिया के सामने विजन रखा है - वन अर्थ-वन हेल्थ। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों पर बात करते हुए कहा कि भारत में इलाज को खरीदने की सामर्थ्य बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने के पीछे यही भाव है। इससे देश के करोड़ों मरीजों के लगभग 80 हजार करोड़ रुपए जो बीमारी में उपचार के लिए खर्च होने वाले थे वो बचे हैं। हमारे यहां करीब 9 हजार जन औषधि केंद्र हैं, और यहां बाजार भाव से बहुत सस्ती दवाएं उपलब्ध हैं। इससे भी गरीब और मिडिल क्लास परिवारों को लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बीते सालों में 260 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। इससे मेडिकल सीटों की संख्या 2014 के बाद आज दोगुनी हो चुकी है। इस वर्ष के बजट में नर्सिंग क्षेत्र के विस्तार में बल दिया गया। मेडिकल कॉलेज के पास ही 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलना, मेडिकल ह्यूमन रिसोर्स के लिए बड़ा कदम है। हेल्थ इंफ्रा पर उन्होंने कहा कि देश में अच्छे और आधुनिक हेल्थ इंफ्रा का होना बहुत जरूरी है। आज देश में डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तैयार हो रहे हैं। इन सेंटरों में डायबिटीज, कैंसर और हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग की सुविधा है।

**बोले मोदी**

- स्वास्थ्य के क्षेत्र में विदेश पर तेजी से खत्म हो रही निर्भरता
- देश में उपचार को सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता
- हमने दुनिया के सामने 'वन अर्थ-वन हेल्थ' का विजन रखा
- छोटे शहरों-कस्बों तक मजबूत हो रहा हेल्थ सेक्टर
- भारत में मेडिकल सीटें दोगुनी हुईं, 260 से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए



**4 मार्च को 'इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट' पर वेबिनार हुआ था**

इससे पहले पीएम मोदी ने शनिवार (4 मार्च) को 'इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट' पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया था। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति मानती है और इससे भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनने में मदद मिलेगी।

# मुश्किल में लालू और राबड़ी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव से भी जल्द ही पूछताछ हो सकती है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सीबीआई अधिकारियों के हवाले से बताया कि जमीन के बदले नौकरी मामले में कुछ दिन पहले सीबीआई ने लालू यादव को नोटिस जारी किया था। बताया जा रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी जल्द ही उनसे पूछताछ कर सकती है।

इससे पहले बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और लालू यादव का पत्नी राबड़ी देवी के आवास पर सोमवार सुबह सीबीआई की टीम पहुंची। करीब पांच घंटे तक राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम राबड़ी आवास से बाहर निकली। सीबीआई अधिकारियों ने मीडिया बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और चले गए। टीम ने जमीन के बदले नौकरी केस में पूछताछ की। उनकी बेटी मीसा भारती समेत 14 लोग आरोपी हैं। 15 मार्च लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है।

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो निकल गए थे। इसके बाद पता चला कि सीबीआई की टीम पहुंची है। देखिए, हमलोग तो निश्चिंत हैं। हर महीने सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स आते रहते हैं। 2024 तक यह सिलसिला चलता रहेगा। इससे हमलोगों को कोई फर्क नहीं पड़ा। जब कोई गलत हुआ नहीं तो उसकी चिंता हमलोगों को नहीं है। 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। कहा जा रहा है कि नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए।



**पड़ा छापा**

- राबड़ी देवी के आवास पर सीबीआई ने की पूछताछ
- जमीन के बदले नौकरी के मामले में जांच, लालू को भी मिला समन
- तेजस्वी बोले-2024 तक चलेगा ये सिलसिला

# बच्चे को गर्भ में सुनाई जाएगी गीता-रामायण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी शाखा संवर्धिनी न्यास ने बच्चों को मां के गर्भ में ही संस्कार देने के लिए 'गर्भ संस्कार' अभियान शुरू किया है। इसमें गर्भवती महिलाओं को गीता, रामायण, शिवाजी महाराज और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और संघर्ष के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे भारतीय संस्कृति के बारे में सीख सकें।

रविवार को जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में संवर्धिनी न्यास के एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान एआईएमएस सहित 12 राज्यों के 70-80 डॉक्टर भी मौजूद रहे। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धूलिपुडी को कार्यक्रम का चीफ गेस्ट बनाया गया था। हालांकि वे नहीं पहुंचीं। इस अभियान में महिला रोग विशेषज्ञों, आयुर्वेदिक डॉक्टरों और योग प्रशिक्षकों को शामिल किया गया है। वे गर्भवती महिलाओं के पास जाकर उन्हें गीता और रामायण पढ़ने और योग करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। ये महिलाओं के पास जाकर उन्हें बताएंगी कि वो अपने बच्चे को कैसे गर्भ से ही भारतीय संस्कृति के बारे में सीख दे सकती हैं। राष्ट्रीय आयोजन सचिव माधुरी मराठे ने कहा कि महिलाओं को प्रेग्नेंसी में ही बच्चों को संस्कार देने का काम शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि मां के गर्भ में एक बच्चा 500 शब्द सीख सकता है। यह अभियान महिला की प्रेग्नेंसी से शुरू होगा, जो बच्चे की उम्र दो साल होने तक चलेगा। इस अभियान के जरिए 1000 महिलाओं तक पहुंचने की योजना है।



वाराणसी के पक्के महाल में सोमवार की रात होलिका दहन हुआ

### सपा ने जिलाध्यक्ष घोषित किए, इन नेताओं के नाम पर लगी मुहर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कई जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। जिन जिलों के जिलाध्यक्ष घोषित किए गए हैं उनमें लखनऊ, मिर्जापुर, बदायूं, रायबरेली और गोरखपुर है। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कई जिलों के जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। इसमें लखनऊ, मिर्जापुर, बदायूं, रायबरेली और गोरखपुर के जिलाध्यक्ष घोषित किए गए हैं। लखनऊ में जय सिंह 'जयन्त', मिर्जापुर में देवी प्रसाद चौधरी, बदायूं में आशीष यादव, रायबरेली में इंजीनियर वीरेन्द्र और गोरखपुर में एम बृजेश कुमार गौतम को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। समाजवादी पार्टी लोकसभा के चुनाव को लेकर तैयारियां कर रही है। इसके लिए संगठन में परिवर्तन किए जा रहे हैं जो कि आगे भी जारी रहेगा।

# माणिक साहा होंगे त्रिपुरा के नए सीएम

**तय हो गया**

- दोबारा संभालेंगे त्रिपुरा सरकार की कमान
- भाजपा विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला, आठ मार्च को होगा शपथ ग्रहण

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला हो गया है। यहां पार्टी ने माणिक साहा पर ही भरोसा जताया है। जानकारी के मुताबिक, माणिक साहा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। साहा दूसरी बार राज्य में सरकार की कमान संभालेंगे। इससे पहले त्रिपुरा भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार शाम को हुई। इसमें माणिक साहा के नाम पर सहमति बनी और उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया।




**कांग्रेस छोड़कर भाजपा में हुए थे शामिल**

माणिक साहा 2016 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उन्हें 2020 में त्रिपुरा में पार्टी प्रमुख बनाया गया था। माणिक साहा को मुख्यमंत्री बनने से एक महीने पहले ही राज्यसभा सांसद चुना गया था। उनके मुख्यमंत्री बनने बाद बिप्लव देब को राज्यसभा सांसद का चुनाव लड़ाया गया था, जिसे जीतकर वे उच्च सदन पहुंचे थे।

शपथ ग्रहण समारोह आठ मार्च को हो सकता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे। इससे पहले पिछले साल मई में माणिक साहा को तत्कालीन सीएम बिप्लव कुमार देब के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री बनाया गया था। माणिक साहा ने 15 मई 2022 को राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# पूर्व सीएम येदियुरप्पा का हेलिकॉप्टर क्रैश होने से बचा

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का हेलिकॉप्टर क्रैश होते-होते बचा है। कलबुर्गी में येदियुरप्पा को लेकर लैंड करने जा रहे हेलिकॉप्टर के पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। दरअसल जिस ग्राउंड पर लैंडिंग होनी थी वहां काफी मात्रा में प्लास्टिक बिखरे हुए थे। अतिम पलों में पायलट ने खतरे को भांपा और लैंडिंग को टालकर हेलिकॉप्टर को हवा में ही रखा। 27 फरवरी को येदियुरप्पा का 80वां जन्मदिन था।



बीएस येदियुरप्पा का कर्नाटक के कलबुर्गी में एक कार्यक्रम था। यहां पर उनका हेलिकॉप्टर लैंड करने ही वाला था, तभी पायलट ने देखा कि हेलीपैड के पास काफी प्लास्टिक इकट्ठा हैं। इसके बाद पायलट ने लैंडिंग न करने का फैसला लिया। पायलट उस ग्राउंड के आसपास हेलिकॉप्टर उड़ाता रहा, जहां इसे लैंड होना था। जब अधिकारियों ने प्लास्टिक को हटवाकर हेलीपैड साफ कराया, उसके बाद पायलट ने सुरक्षित लैंडिंग की। कर्नाटक में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बीजेपी ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है।

हाल ही में येदियुरप्पा के 80वें बर्थडे पर पीएम मोदी और येदियुरप्पा के बीच दिलचस्प केमिस्ट्री दिखी थी। शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने येदियुरप्पा की जमकर तारीफ की थी।

### शूटिंग के दौरान बिग बी को लगी चोट

**लखनऊ।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन सोमवार की सुबह हैदराबाद में शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं। अमिताभ बच्चन प्रभास की फिल्म प्रोजेक्ट के की शूटिंग कर रहे थे। एक एक्शन सीन के दौरान उनकी पसलियों में चोट आई है। हैदराबाद में चेकअप के बाद अमिताभ को मुंबई भेजा गया। इसके बाद वह शूटिंग रोक मुंबई वापस चले गए। बिग बी के घायल होने की खबर मिलने के सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है- अमिताभ बच्चन के शूटिंग के दौरान आई चोट से जल्द ठीक और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और पुनः सक्रिय होने की कामना। इसके अलावा उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने ट्वीट कर लिखा, प्रयागराज के गौरव, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के शूटिंग के दौरान घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है।

# सिसोदिया की तिहाड़ जेल में मनेगी होली

**राहत नहीं**

- कोर्ट ने 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई रिमांड खत्म होने पर सोमवार को सीबीआई मुख्यालय से आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। दिल्ली की आबकारी नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजा है।

सीबीआई के वकील ने कहा, इस स्थिति में हम और सीबीआई रिमांड नहीं मांग रहे हैं लेकिन अगले 15 दिनों में हम इसकी मांग कर सकते हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल और फोर्स की तैनाती की गई है। सिसोदिया ने जेल में नोटबुक और पेन देने की मांग की है। सोमनाथ भारती (आप पक्ष के वकील) ने कहा, सीबीआई ने यह मान लिया है कि इनके (मनीष सिसोदिया) पास कुछ है नहीं। प्रक्रिया के तहत 10 मार्च को जमानत आवेदन पर सुनवाई है, मनीष सिसोदिया को न्यायिक हिरासत में 20 मार्च तक रखा जाएगा। मनीष जी ने कोर्ट में जो मांग रखी थी उन्हें मान लिया गया है। विपश्यना सेल की उनकी मांग को न्यायालय द्वारा मंजूर किया गया और भागवत गीता, डायरी पेन व चश्मे की मांग की गई थी उसे भी माना गया है। आज कोर्ट के अंदर एक अजीब से स्थिति बनी थी जिसमें सीबीआई के वकील ने कहा करते आप हैं और बदनामी हमारी हो रही है। सीबीआई को इसका एहसास हो गया है कि किस प्रकार से वे राजनीतिक दबाव में गलत काम कर रहे हैं। सीबीआई ने 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, जब तक बेल पर निर्णय नहीं आता तब कोर्ट के पास न्यायिक हिरासत को आगे बढ़ाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।



# सीएम योगी ने गन्ना समितियों को दी 77 ट्रैक्टरों की सौगात

**उपहार**

- सीएम ने फार्म मशीनरी बैंकों के लिए 77 ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- बोले-पहले किसान करता था आत्महत्या, अब उत्तर प्रदेश में फायदे का सौदा है खेती



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज गन्ना एवं चीनी उद्योग नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज सबसे ज्यादा ग्रीन ईंधन एथेनॉल के माध्यम से देने का काम हमारी शुगर इंडस्ट्री और हमारे किसान कर रहे हैं। अब यह नहीं होगा कि हमारा ही पैसा पेट्रोडॉलर के नाम पर बाहर जाएगा और हमारे ही खिलाफ आतंकवाद के नाम पर खर्च होगा। अब यह पैसा डीजल और पेट्रोल पर अपने यहां खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को फार्म मशीनरी बैंकों के लिए सोमवार को अपने आवास से 77 ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 से पहले यूपी में किसान आत्महत्या करते थे और खेती को घाटे का सौदा कहा जाता था। लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी की तरफ से किसानों के कल्याण के लिए बनाई गयी योजनाओं को हमारी सरकार ने धरातल पर उतारकर न सिर्फ किसानों की आय को बढ़ाया है बल्कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन और उसका रकबा दोनों बढ़े हैं।

सीएम योगी ने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश में 119 चीनी मिल चल रही हैं और इनमें 100 से भी ज्यादा 10 दिनों के अंदर गन्ने का भुगतान किसानों को कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में जिन चीनी मिलों को बंद कर दिया गया था उन्हें हमारी सरकार ने न केवल चालू कराया बल्कि जब तक किसानों के खेत में गन्ने का एक भी डंठल है तब तक पेराई करने के निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि आज जब किसान अपने ट्रैक्टर और उपकरण लेकर जिलों तक पहुंचेंगे तो उन्हें एक और खुशखबरी मिलेगी।

सीएम ने कहा कि आज किसानों के खाते में 2 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में प्रत्येक किसान 10 टन अतिरिक्त गन्ना उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा रहा है। साथ ही प्रदेश में 8 लाख हेक्टेयर गन्ना उत्पादन का रकबा भी बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 284 खांडसारी लाइसेंस जारी किये गए हैं जिससे गन्ना किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि अन्नदाता का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब सेनेटाइजर की कमी हुई थी तो यूपी की चीनी मिलो ने देश के 27 राज्यों में इसकी पूर्ति की। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में 2 करोड़ 60 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। बीते 3 वर्षों में इसके जरिये 51 करोड़ रुपये की राशि सीधे खातों में भेजी गयी है। सीएम ने कहा कि किसानों को सरकार की तरफ से बिजली, सिंचाई जैसी कई सुविधाएं तय समय पर दी जा रही हैं जिससे उनकी उपज प्रभावित न हो। साथ ही गन्ना और दूसरी फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के जरिये किसानों को उनकी उपज पर लाभ दिया जा रहा है।

# उमेश पाल हत्याकांड में शामिल एक और शूटर ढेर

**आठ दिन में दूसरा एनकाउंटर**

- प्रयागराज पुलिस ने मुठभेड़ में शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान छर्रा का किया खात्मा
- आरोपी की पत्नी ने लगाया फर्जी मुठभेड़ का आरोप
- उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बोले-हमारी सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है

**प्रयागराज/लखनऊ।** उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी विजय चौधरी उर्फ उस्मान प्रयागराज पुलिस के साथ मुठभेड़ में सोमवार तड़के मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उस्मान की पत्नी ने पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ में उसके पति की हत्या करने का आरोप लगाया है।

प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने लखनऊ में संवाददाताओं से कहा, आज सुबह प्रयागराज पुलिस को एक उल्लेखनीय सफलता मिली, जब राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह उमेश पाल और उनके दो अंगरक्षकों की हत्या के मामले में शामिल उस्मान नामक बदमाश पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ। उस्मान को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दौरान हमारा एक आरक्षी नरेंद्र भी घायल हुआ है। नरेंद्र का उपचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, उस्मान पर 50 हजार रुपये का इनाम था और सभी चैनल के माध्यम से जो वीडियो प्रसारित हुआ था उसमें यह व्यक्ति उमेश पाल तथा हमारे जवानों को गोली मारते हुए देखा जा सकता है। उसके पास से 32 बोर की अवैध पिस्तौल और कारतूस भी बरामद हुए हैं।'' कौंधियारा थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ कौंधियारा थाना क्षेत्र के गोठी और बेलवा के बीच करीब पांच बजे हुई। विजय चौधरी उर्फ उस्मान की गर्दन, सीने और जांघ में गोलियां लगीं हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी को कौंधियारा में लोग नान बाबा के नाम से भी जानते हैं और उसे उस्मान नाम अतीक गिरोह के लोगों ने दिया है।



इस बीच, उस्मान की पत्नी सुहानी ने पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ में उसके पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस उसके पति और ससुर को तड़के अपने साथ ले गई और सभी के मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सुहानी ने पुलिस पर कानून के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा, पुलिस ने बिल्कुल गलत किया है। कानून इसलिए नहीं बनाया गया है कि किसी को जान से मार दिया जाए। कानून हिफाजत के लिए बनाया गया है।

उसने कहा कि उसका पति विजय एक कम्पनी में गाड़ी चलाता था और वह पिछली 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड वाले दिन किसी काम से जाने की बात कहकर घर से निकला था। अपर पुलिस महानिदेशक कुमार ने कहा, 'उत्तर प्रदेश पुलिस यह स्पष्ट कर देना चाहती है कि इस जघन्य हत्याकांड में जो भी व्यक्ति शामिल रहा है उसे कानून के दायरे में लाने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और हमारे दल इस काम में लगे हुए हैं। अभियुक्त जहां भी होंगे, हम उन्हें गिरफ्तार करेंगे और जल्द से जल्द सभी साक्ष्य एकत्र करके उन्हें अदालत में पेश करेंगे।'

इस बीच, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा, हमारी सरकार इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एक-एक आरोपी को पकड़ेंगे और उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा देंगे।' उन्होंने कहा, 'कितने दुर्दांत और बेखौफ अपराधी हैं कि पुलिस पर भी हमला करने से बाज नहीं आ रहे। आज सुबह ही पता चला है कि हमारी पुलिस ने बदमाश को मुइससे पूर्व, उस्मान पाल हत्याकांड का एक अन्य आरोपी अरबाज 27 फरवरी को धूमनगंज थाना क्षेत्र में नेहरू पार्क के जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

# जेल से भागे रेप के आरोपी को एसटीएफ ने पकड़ा

**फंसा शिकंजे में**

**दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को लिखा गया पत्र**



**वाराणसी।** जिला जेल से बीते शनिवार को फरार दुष्कर्म के आरोपी को एसटीएफ वाराणसी यूनिट ने सोमवार की तड़के भोजूबीर स्थित यूपी कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। वहीं जेल प्रशासन ने जेल कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश शासन से की है।

बीते शनिवार को शातिर राजू हाथ में मुलाकातियों की मुहर लगवाकर फरार हो गया था। लालपुर निवासी राजू बंगाली ने एसटीएफ को यह बताया कि जेल में बंदियों से मुलाकात के लिए आने वाले उनके परिजनों और करीबियों को देखता था। उनके हाथ में जो मुहर लगाई जाती थी उसपर ध्यान देता था। उसे पता चला कि मुलाकातियों को लगने वाला मुहर हर दिन बदल दिया जाता था। इसके बाद से ही वह मुहर की नकल कागज पर उतारने लगा। इस बीच जेल में ही उसे आलू मिल गया। राजू फिर नकली मुहर आलू पर तैयार करने लगा। एसटीएफ को बताया कि शनिवार को जो मुहर लगने वाली थी उसकी जानकारी उसे पहले से थी।

योजनाबद्ध तरीके से उसने आलू पर वही मुहर बनाया जो शनिवार को प्रयोग हो रहा था। इसी मुहर को राजू ने हाथ पर लगाया। दूसरे पहर के मुलाकाती जब जेल से बाहर जाने लगे तो उन्हीं की भीड़ में शामिल होकर जेल कर्मियों को चकमा देते हुए वह बाहर निकल गया। जेल से निकलने के बाद वह मुकदमा दर्ज कराने वाली दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचा और उसे धमकाया।

पुलिस की सक्रियता बढ़ी तो अंडरग्राउंड हो गया। सोमवार को ही वह पीडीडीयू नगर से ट्रेन पकड़कर कोलकाता भागने की फिराक में था। इस बीच मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ वाराणसी यूनिट ने दबोच लिया और लालपुर पांडेयपुर थाने की पुलिस को सौंप दिया। अब इस बात की जांच की जा रही है कि जेल में मुलाकातियों के हाथ पर लगने वाली मुहर की स्याही राजू तक कैसे पहुंची।

## कब्जे का विरोध करने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को धमकी

**रोहनिया।** आराजी लाइन विकास खंड के ग्राम पंचायत पनियरा (बाबू राम का पूरा) के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार पांडेय उर्फ अमरेश को ग्राम सभा में स्थित सरकारी भूमि पर हो रहे कब्जे का विरोध करना पड़ रहा है। कब्जाधारियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। अरविंद ने थाना राजातालाब व तहसीलदार को पत्रक सौंप जान माल की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार पनियरा बाबूराम का पुरा गांव में आराजी नंबर 363 (ख) सरकारी अभिलेख में पोखरी के नाम से अंकित है। जिस पर गांव के ही संतोष सिंह उर्फ बबलू सिंह पर मिट्टी डालकर दो विश्वा भूमि पर कब्जा करने का आरोप है। इस बात की सूचना जब प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार पांडेय को जब मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया और मामले की जानकारी एसडीएम राजातालाब को दी। इससे उन्हें जान से मारने की धमकी मिलने लगी। वहीं दूसरी आरोपी संतोष सिंह का कहना रहा कि जहां मिट्टी डालकर पाटने का हो रहा है वह उनकी जमीन है। बाबत तहसीलदार राजातालाब सतीश कुमार वर्मा का कहना रहा कि मामला संज्ञान में आया है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी ने सोमवार को जिला कारागार चौकाघाट में बंद कैदियों को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण में पाया गया कि एक कक्ष काफी जर्जर है उसे जिसे ठीक कराने के लिए कहा गया।

महिला कैदियों के प्रशिक्षण के लिए जिला कारागार में नवनिर्मित अस्पताल के एक माह में पूर्ण होने के फलस्वरूप पुराने चिकित्सालय में महिला कैदियों को शिफ्ट करते हुए वर्तमान में उपलब्ध प्रत्येक कक्ष को प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराने को आश्वस्त किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय उपलब्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं को पुनः कैदियों का काउन्सिलिंग करने के लिए निर्देशित किया गया।

## संक्षेप

### आबकारी विभाग की छापेमारी में 12 कुंतल लहन नष्ट



**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कंजड बस्ती में आबकारी निरीक्षक रमेश यादव, प्रयागराज के आबकारी निरीक्षक कृष्ण मुरारी सिंह आबकारी अधिकारी हरिओम सिंह, राजमणि प्रसाद, रोशन लाल और फूलपुर थाने के इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार के संयुक्त छापेमारी की गई। इस दौरान कंजर बस्ती के पुरुष मौके से भाग गए। पुलिस ने यहां संचालित दर्जनों शराब की भट्ठी तोड़ी। इस दौरान 12 कुंटल लहन को नष्ट किया गया और मौके से 40 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।

### पुरानी रंजिश में मारपीट कर किया घायल

**सिंधोरा।** पार्टी कर रहे सुंदरम सिंह को उसी गांव के चार युवकों ने पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल किया। जानकारी के अनुसार, छताव निवासी सुंदरम गांव के बाहर अजीत सिंह के पंपिंग सेट पर पार्टी मना रहे थे। इसी बीच उसी गांव के दीपक सिंह, सूरज सिंह, योगेश सिंह व उदय राज सिंह वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर सुंदरम पर हमला बोल दिया। सुंदरम के हाथ में चोट लगी है। लोगों के जुटने के पहले ही हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। भुक्तभोगी ने थाने पर नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने मुकदमा संख्या 42/2023 के तहत धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दौड़ती रही पुलिस, भाग निकले संदिग्ध

**जंसा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाजार में सोमवार की देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब तीन संदिग्ध युवक आगे-आगे भाग रहे थे और पीछे-पीछे पकड़ने के लिए पुलिस दौड़ रही थी। जब तक लोग मामला समझ पाते, तीनों युवक भागने में सफल रहे और पुलिस हाथ मलती रह गयी। संदिग्धों के पीछे दौड़ने के चक्कर में थानाध्यक्ष सड़क पर गिर गए, जिससे उन्हें मामूली चोट भी आई। बताया जाता है कि पुलिस स्थानीय चौराहे पर संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन युवक आए। जिन्हें पुलिस रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। कुछ दूर जाकर दो युवक पैदल और एक बाइक से कुरौना बाजार की तरफ भागने लगे। जिस पर पुलिस पकड़ो-पकड़ो की आवाज लगाते हुए संदिग्धों के पीछे दौड़ने लगी। हालांकि तीनों संदिग्ध बाइक समेत भागने में सफल रहे। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

### समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र "दयालु ने सोमवार को प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय में जनसुनवाई की, जनसुनवाई के दौरान मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र "दयालु ने सभी फरियादियों को पर्याप्त समय दिया और फरियादियों की सभी समस्याओं को सुना। घंटो तक चली जनसुनवाई में ज्यादातर मामलों का त्वरित समाधान किया गया। जनसुनवाई में आये मामलों में आराजी लाइन ब्लाक, वाराणसी के ग्राम सभा गुरुदासपुर के प्रधान अजय कुमार ने अपने प्रार्थना पत्र में लेखाकार की शिकायत करते हुए कहा कि गुरूदास पुर ग्राम डा भीमराव अम्बेडकर उत्सव धाम योजना में चयनित हुआ है लेकिन? लेखाकार योजना में चयनित ग्राम की जगह दूसरे ग्राम को इसका फायदा पहुंचा रहे है जिसके कारण इस ग्राम के लोगों को मिलने वाली सुविधाओं से वह वंचित रह जाएंगे।

### होलिका में स्वामी प्रसाद की अहंकारी बुद्धि को किया दहन

**वाराणसी।** होलिका दहन से पहले युवाओं ने अमित चौरसिया के नेतृत्व में होलिका की परिक्रमा करके हाथों में स्वामी प्रसाद मौर्य का पोस्टर लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस को लेकर दिए गए विवादित बयान के खिलाफ स्वामी प्रसाद मौर्य के दुर्बुद्धि और अहंकार का होलिका से काफी दूर हटकर दहन किया युवाओं ने कहा कि जिस तरह से सनातन और रामायण को लेकर स्वामी प्रसाद लगातार गलत बयान दे रहे हैं उससे उनकी दुर्बुद्धि प्रदर्शित होती है जिसे लेकर होलिका माता से प्रार्थना किया कि आज होने वाले होलिका दहन में उनकी दुर्बुद्धि और अहंकार के साथ जितने सनातन विरोधी हैं सभी के दुर्बुद्धि का दमन और दहन हो जाए, कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणेश चौरसिया, अनूप चौरसिया, साहिल गुप्ता, पियूष बरनवाल, सौरभ गुप्ता, विकास तिवारी, श्रेयांश जायसवाल, विकास चौरसिया, उमेश गुप्ता, शुभम गुप्ता सहित दर्जनों युवा शामिल हुए।

### चोरों ने बिगाड़ी फॉरेस्ट रेंजर की होली

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के वीडीए कॉलोनी निवासी फॉरेस्ट रेंजर चंद्र भूषण सिंह के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सिंह जौनपुर में तैनात हैं। बीते एक मार्च से चार मार्च तक वह जौनपुर के शाहगंज में ड्यूटी पर थे। उसदौरान उनका परिवार भवानीपुर स्थित मकान पर था। बीते रविवार को वह शिवपुर के वीडीए कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर आलमारी और बक्सों का ताला टूटा हुआ देखा। श्री सिंह के मुताबिक चोर तीन सोने की अंगूठी, कान का झुमका, चांदी का बर्तन, चांदी की दो पायल, चांदी का सिक्का, पीतल का घड़ा चोर उठा ले गए। इस बारे में शिवपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## लाखों की चोरी का पर्दाफाश, चार अरेस्ट



**वाराणसी।** पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया है। इन गैंग में एक नाबालिग समेत चार चोरों को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस ने बताया कि ये सब 2020 से अबतक चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने इनके पास से लाखों के सोने, चांदी के आभूषण, लैपटाप, तीन मोबाइल आदि सामान बरामद किये हैं।

डीसीपी वरूणा जोन आरती सिंह ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 17 वर्षीय नाबालिग चोर के अलावा पकड़े गये अन्य चोरों में अरविन्द भारद्वाज कपसेठी थाना क्षेत्र के हरिभानपुर कालिकाधाम, आदित्य पाण्डेय आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के खादारामपुर गांव, रितेश राजभर लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के सोयेपुर का निवासी हैं। चोरी की घटना तीन मार्च की रात हुई थी। टकटकपुर के नीलेश कुमार सिंह के भाई स्व. राजेश सिंह का मढ़वां में आवास है। उनकी भाभी पैतृक आवास पर रह रही थीं। उनका घर बंद था। वह चार मार्च की सुबह वह भाई के घर की सफाई के लिए पहुंचे तो मुख्य दरवाजा टूटा पड़ा था और पीछे का दरवाजा खुला था। चोरों के पास से सोने की बाली, चेन, हार, टप्स, कंगन, तीन सोने की अंगूठी, दो नाक की कील के अलावा चांदी के आभूषण बरामद किये गये हैं।

## गैंगरेप पीड़िता को धमकाने के आरोपी पूर्व विधायक की जमानत खारिज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत ने सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़िता को धमकाने व हत्या का प्रयास के मामले में ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्रा की जमानत अर्जी निरस्त निरस्त कर दी। भदोही जिला की रहने वाली पीड़िता ने विजय मिश्रा समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अदालत में आरोपित की जमानत का विरोध एडीजीसी विनय कुमार सिंह ने किया।

अभियोजन पक्ष का आरोप था कि उक्त मुकदमे में शपथ पत्र दाखिल करने,बयान बदलने और सुलह करने के लिए विजय मिश्रा के साजिश पर उनकी बेटी,दामाद,भतीजों एवं अन्य अवांछनीय लोगों द्वारा पीड़िता को धमाकाया जा रहा था। पीड़िता के जैतपुरा में स्थित आवास में घुसकर सभी उसके साथ गाली-गलौज किए और सुलह न करने पर जान से मार डालने की धमकी दिए। पीड़िता का मोबाइल छीनकर उसकी हत्या का प्रयास करना चाहा लेकिन शोरगुल होने पर सभी भाग गए। पीड़िता ने इस मामले में जैतपुरा थाना में मुकदमा दर्ज करायी।

## होली व शब-ए-बारात को लेकर डीसीपी की गश्त



**वाराणसी।** होली और शब-ए-बारात के लिए शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर ने मातहतों संग फ्लैग मार्च किया। गश्त के दौरान स्थानीय लोगों, सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, आम जनमानस एवं व्यापारियों तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों से संवाद किया और पर्व को शांति पूर्वक मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि विवादित स्थल होलिका दहन नहीं होगी। होली में पारम्परिक लोकगीत को छोड़ अश्लील तथा फूहड़ शब्दों का प्रयोग और गाना बजाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। महिलाओं के साथ अभ्रदता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसी व्यक्ति विशेष, वर्ग विशेष अथवा सम्प्रदाय विशेष पर आपत्तिजनक टीका टिप्पणी न हो।

### डीसीपी काशी जोन ने मातहतों संग बैठक की

डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने एसीपी भेलूपुर, दशाश्वमेध और कोतवाली थाना प्रभारियों की उपस्थिति में होली और शब ए बारात को लेकर बैठक की। चौकी प्रभारियों को शरारती तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही के लिए कहा गया। कोई भी लाउड स्पीकर का प्रयोग तेज ध्वनि में नही करेगा। वाहन चोरी, नकबजनी व अन्य चोरियों के रोकथाम के लिए हॉट स्पॉट घोषित कर उन स्थानों पर सादे वस्त्रों में ड्यूटी लगायी जाए। भीड़-भाड़, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन फूट पैट्रोलिंग करने को कहा।

## 22 गोवंश को पुलिस ने किया बरामद, डीसीएम भी जब्त

**बरामदगी**

**तस्करी के लिए जा रहे थे पशु, चालक फरार**



**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद क्षेत्र के रखौना रिंग रोड के पास से सोमवार की तड़के मिर्जामुराद पुलिस ने डीसीएम वाहन से 22 राशि गोवंश बरामद किया। रात होने की वजह से वाहन चालक भागने में सफल रहा। उसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

थानाअध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि रखौना रिंग रोड के पास सोमवार के तड़के संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्रयागराज के तरफ से एक डीसीएम वाहन में वध के लिए गोवंश जा रहे हैं।

उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर जब वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चालक कुछ दूरी तक भागा और फिर वाहन को रिंग रोड के पास पार्क कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 22 राशि गोवंश ठूस के भरे मिले। जिसमें कुछ की मौत हो चुकी थी। डीसीएम नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक दिलशाद अहमद निवासी कोखराज सदका उपरहार भरवाटी कौशाम्बी समेत एक अज्ञात के खिलाफ पशु तस्करी में रपट दर्ज हुई।

## भाजपा नेता की हत्या के मामले में दो की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने भाजपा नेता पशुपति सिंह की हत्या के मामले में दो और आरोपियों सुरेश सरोज व अनुज सरोज की जमानत अर्जी खारिज कर दिया। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध जिला शासकीय अधिवक्ता आलोक चंद्र शुक्ल व वादी के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश सिंह गौतम ने किया।

प्रकरण के मुताबिक सिगरा के जयप्रकाश नगर कॉलोनी में बीते 13 अक्टूबर 2022 की रात पशुपति सिंह की कुछ मनबढ़ों ने लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर हत्या कर दी थी। वादी ने 17 लोगों के खिलाफ सिगरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में 14 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब तक 12 आरोपी की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। एक आरोपी मंटू सरोज की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने भी खारिज कर दिया है।

## कार चालक को भेजा गया जेल

**गिरफ्तारी**

**मृतकों का दाह संस्कार सरायमोहाना घाट पर हुआ**



**सारनाथ।** सिंहपुर रिंगरोड पर सोमवार हुई दुर्घटना में मृत तीन लोगों के मामले में आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। दुर्घटना में बेकाबू कार ने महिला समेत दो मासूम बच्चों को रौंद दिया था जिनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं हादसे में घायल मृतका के पति की हालत अभी चिंताजनक बनी है उसका इलाज बीएचयू ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

दुर्घटना में मृत लोगो का दाह संस्कार सोमवार रात 2.30 बजे सारनाथ के सरायमोहाना घाट पर किया गया। इंद्रावती को उनका पुत्र आशीष ने मुखाग्नि दी। वहीं नतिनी क्रमश अंशिका व सन्ध्या के शव को गंगा नदी में प्रवाहित किया गया। सोमवार को दुर्घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने चुनाडीह चौबेपुर के कार चालक सुरेश मौर्या मंगलवार को सिंहपुर रिंगरोड पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दर्दनाक हादसे से दोनों गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। होली के त्यौहार पर घटित इस घटना से चारों तरफ दुख का माहौल फैला हुआ है। मृतिका अपने पति के साथ सिंहपुर गांव में किराए पर रहती थी जहां पर काफी लोगों से नजदीकी हो गई थी। इस घटना से इस गांव के साथ ही पैतृक हृदयपुर में भी सन्नाटा पसरा हुआ है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-इंडियन स्पाइसी जायका रोहनिया गांधी चौक केशरीपुर लोहता रोड वाराणसी में एक कुशल कारीगर जो इंडियन, चाइनीज व तंदूर में माहिर हो इच्छुक व्यक्ति अपना बायो डाटा के साथ संस्थान पर या फिर नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करे-
+919455444929,+918303204103

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 2057229 वर्ष 2019 का मूल प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में खो गया है। शाहबान अली पुत्र लाल मुहम्मद ग्राम-गौरा रघुबर, पोस्ट-बेनीगौरा, जिला-आजमगढ़।

मेरा कन्या सुमंगला योजना के तहत डाकघर रामपुर, जौनपुर में खाता नम्बर 3251375253 है। उक्त खाते में जन्मतिथि 04.09.2013 है जो कि गलत है। सही जन्मतिथि 04.09.2014 है। सोनल यादव पुत्री अवधनारायण, निवासी-मिसिरपुर, असनाव, भदोही।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक 2208647 वर्ष 2010 का मूल प्रमाण पत्र व अंकपत्र और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 1981155 वर्ष 2012 मूल प्रमाण पत्र सहअंकपत्र वास्तव में खो गया है। संदीप कुमार पाण्डेय पुत्र चंद्र भूषण पाण्डेय, ग्राम-कनैला, पोस्ट-देवरापट्टी, जिला-आजमगढ़।

मैं अपने पुत्र करीमुद्दीन व पुत्रवधू हबीबुननिशा को दिनांक 05.03.2023 से पारिवारिक सम्बन्ध खत्म करते हुए उनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अजीजुननिशा पत्नी स्व0 मो0 अब्बास, ग्राम-साबुआपोखरा, थाना-लोहता, शहर वाराणसी।

## रंग गुलाल लगाकर अधिवक्ताओं ने दी एक दूसरे को बधाई

**रोहनिया।** तहसील राजातालाब परिसर में सोमवार को दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के तरफ से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ। प्रयागराज जौनपुर वाराणसी चंदौली और मीरजापुर से आए हुए हास्य कवियों ने होली मिलन समारोह में उपस्थित अधिवक्ता सहित वादकारियों अच्छे अच्छे चुटकुले व गाना शायरी सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार राय, महामंत्री विजय भारती, पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, छेदी लाल यादव, सर्वजीत भारद्वाज दिनेश शर्मा, पूर्व महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह, नंदकिशोर सिंह पटेल, प्रदीप कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## फर्जी स्टांप पेपर के सहारे ठेकेदारी लेने वाला अरेस्ट

**धराया**

**50 लाख रुपये का जाली एवं कूटरचित स्टाम्प का प्रयोग हुआ**




**वाराणसी।** ईओडब्लू वाराणसी ने की टीम ने फर्जी स्टांप पेपर के सहारे ठेकेदारी लेने वाले ठेकेदारों में शामिल एक अभियुक्त को निवास स्थान देवरिया जिला से गिरफ्तार। आगे की कार्रवाई में टीम ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा। इस मामले में 2003 में देवरिया में नौ ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

ईओडब्लू निरीक्षक सुनील वर्मा ने बताया कि साल 1999- 2001 के मध्य गोरखपुर मंडल के विभिन्न जनपदों में निर्माण खण्ड प्रथम पीडब्ल्यूडी, प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग देवरिया से जिला पंचायत देवरिया,नगर पंचायत देवरिया आदि सरकारी विभागों में ठेकेदारी प्राप्त करने में ठेकेदारों में हरिशंकर प्रसाद ने फर्जी दस्तावेज के सहारे ठेकेदारी ली थी। इसके लिए करीब 50 लाख रुपये का जाली एवं कूटरचित स्टाम्प का प्रयोग ठेकेदारों ने स्टाम्प वेंडर से मिलकर किया और सरकारी विभागों में ठेकादरी ली।

अधीक्षक ईओडब्लू डी.प्रदीप कुमार ने बताया कि इस प्रकरण की जांच ईओडब्लू को मिली और जांचकर्ता निरीक्षक अरविन्द कुमार और निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने कोतवाली देवरिया पुलिस के सहयोग से इस प्रकरण में शामिल अभियुक्त हरिशंकर प्रसाद पुत्र बृजलाल मूल निवासी कस्बा लार, हाल पता-गरूलपार, नेहरू नगर कॉलोनी सदर देवरिया को सोमवार को गिरफ्तार किया।

### खाद्यान्न घोटाले में भी हुई गिरफ्तारी

वाराणसी। बलिया खाद्यान्न घोटाले में तत्कालीन ग्राम प्रधान व कोटेदार ईओडब्लू वाराणसी ने गिरफ्तार किया। साल 2002 से 2005 के मध्य जनपद बलिया में योजना के तहत जनपद के विभिन्न गावों में विकास कार्य के लिए लगे श्रमिको को श्रम के बदले खाद्यान्न और नकद पैसे दिए जाने का निर्देश था। लेकिन तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं कोटेदारों से मिलीभगत कूटरचना कर उनका पैसा गबन कर लिया गया। इस मामले में तत्कालीन ग्राम प्रधान जेठवार बलिया कामेश्वर राय और कोटेदार ललिता चौहान निवासी ग्राम चक बहाउद्दीन, थाना पकड़ी जनपद बलिया नदेसर मिन्ट हाऊस के पास से ईओडब्लू गिरफ्तार किया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 110/न0पा0प0गो0/ दिनांक 06.03.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माधुरी वर्मा पत्नी स्व0 बृजेश कुमार वर्मा ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 02.03.2023 द्वारा भवन संख्या-25 व 25 मोहल्ला अस्पताल गली वार्ड नं0-17 में स्थित मकान पर अंकित श्री बृजेश वर्मा पुत्र शोभनाथ वर्मा के वरासत के आधार पर श्रीमती माधुरी वर्मा पत्नी वृजेश कुमार वर्मा, गौरव वर्मा, गौतम वर्मा पुत्रगण स्व0 बृजेश कुमार वर्मा का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 111/न0पा0प0गो0/ दिनांक 06.03.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय शंकर पुत्र स्व0 अनिरुद्ध प्रसाद ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 02.03.2023 द्वारा भवन संख्या-69 मोहल्ला जामा मस्जिद गली वार्ड नं0-25 में स्थित मकान पर अंकित श्री विनय कुमार पुत्र स्व0 अनिरुद्ध प्रसाद के रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्री विजय शंकर पुत्र स्व0 अनिरुद्ध प्रसाद का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी भदोही**

**अपील/चेतावनी**

आगामी होली के पर्व के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली शराब का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से बिकने वाली शराब में मिथाइल अल्कोहल अथवा जहरीले केमिकल का मिश्रण हो सकता है, जिसको थोड़ी भी मात्रा में पीने से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।

अतः जन साधारण से अपील की जाती है कि किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों तथा जरीकेनो एवं पाउचों में बिकने वाली शराब का सेवन न करें। अपना एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी दुकानों से ही बार कोड एवं सील लगी बोतल खरीदें। अवैध मदिरा का निर्माण/बिक्री की सूचना आबकारी विभाग भदोही के निम्न मोबाइल नम्बर पर दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा तथा उचित इनाम भी दिया जायेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी भदोही,** मो0 नं0-9454465620
**आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, ज्ञानपुर,** मो0 नं0-9454466189
**आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2, भदोही,** मो0 नं0-9761446843
**आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3, औराई,** मो0 नं0-7827890506

(अरुण कुमार शुक्ल)
**जिला आबकारी अधिकारी**
**भदोही**

संख्या-1807/जि0आ0अ0/भदोही/दिनांक : मार्च 06.2023



# वाराणसी



# अबकी गब्बर भी परेशान, कब है होली...?

**भ्रम की इन्तहा**

**महिलाओं ने कहा सात-आठ के चक्कर में बदरंग त्योहार**

**आठ को भी घर में ही रहेंगे, बाहर निकलने पर पड़ न जाए रंग**

**अखबरों के दफ्तर में देर रात तक घनघनाते रहे मोबाइल**

**वाराणसी।** शोले फिल्म में गब्बर के द्वारा सांभा से पूछे जाने कि होली कब है कब...,को लोग भले ही भूल गये होंगे, लेकिन 48 साल बाद एक बार फिर पूरा शहर गब्बर बना तो एक एक लोग सांभा और सभी ने एक दूसरे से पूछा कि होली कब है।

रंगों के त्योहार होली, होलिका दहन के बाद पूरे उत्साह के साथ मनाया जाने की परम्परा है लेकिन इस बार ग्रह नक्षत्र और योग का ऐसा पहिया घूमा कि सभी के दिमाग की दही हो गई। जी-हां, इस बार कर्मकांडी ब्राह्मणों ने ऐसा पत्रा देखा कि होली दो दिन मनाने की घोषणा कर दी। हालांकि काशी के विद्वत परिषद की ओर से जिस भी त्योहार की घोषणा की जाती है उसे पूरा देश मानता है लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ, परिषद ने वाराणसी में होली सात को बताया तो पूरे देश में होली मनाने के लिए आठ की तिथि निर्धारित कर दी गयी। लोगों की मानें तो अभी तक होलिका दहन के बाद होली मनाने की परम्परा रही है, लेकिन इस बार ही ऐसा हुआ कि दो दिन होली हो गयी।



नाटी इमली स्थित मंदिर में भजन गातीं महिलाएं

**बोली महिलाओं की टोली :** मंदिर में भजन करतीं महिलाओं से बात करने पर नाटी इमली निवासी शिवानी मौर्या ने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें होलिका दहन की रात ही परिवार के सभी सदस्य बैठकर गोझिया, सेवड़ा, मठली सहित त्योहार से संबंधित अन्य व्यंजनों को पकाते हैं, यह मनोरंजन की रात होती है क्योंकि इसमें कोई भी थकता नहीं है,अब तो दो रात को गोझिया बनायी जायेगी। सुषमा बताती हैं कि एक दिन गीले रंग खेलने के बाद एक बात तो पक्का हो जाता है कि अब कोई गीला रंग नहीं फेकेगा, लेकिन इस बार तो असमंजस की स्थिति बन रही हैं, आठ को भी कुछ लोगों की ओर से खेली जाने वाली होली के चलते दूसरे दिन भी निकलना मुश्किलों भरा होगा। गौरी गिरी बताती हैं कि अब तो त्योहार का आनंद ब्राह्मणों की ओर से बिगाड़ा जा रहा है, कहती हैं कि इतने उम्र तक कभी ऐसा नहीं सुना गया था कि दो दिन होली हो, लेकिन अब लगता है कि कलियुग ने दस्तक दे दिया है। मुन्नी सिंह बताती हैं कि घर में बच्चों के सूट वगैरह सिलने के लिए दिये जाने के बाद दर्जी भी दो दिन में किसी एक दिन कपड़ा लेने की बात कह रहें थे। बड़ी मन्नत से सात की दोपहर तक देने की बात को स्वीकार किया है। इसके साथ ही अनिता, गीता, सीमा ने भी दो दिन होली होने को बदरंग बताया।

**अखबारों के दफ्तार में घनघनाये मोबाइल**

सात आठ को लेकर अखबारों के दफ्तर में देर रात तक लोगों के फोन घनघानते रहे शहर के लोगों की ओर से लगतार पूछा जाता रहा होली कब है।

# नोटों पर रंग लगा तो बैंक नहीं लेगा

**हो जाएं अलर्ट**

**होली पर रंग खेलते व अबीर लगाते समय बरतें सावधानी**

**वाराणसी।** इस बार भी रंगोत्सव का पर्व होली आपको कैशलेस होकर ही खेलनी होगी। दरअसल आरबीआई ने नई करेंसी को साफ और स्वच्छ रखने के लिए क्लीन नोट पॉलिसी जो जारी कर रखी है। इस पॉलिसी के तहत पेन से लिखे या रंगे हुए और गंदे नोट अब बैंक में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आरबीआई ने इस बाबत सख्त दिशा-निर्देश जारी किये हैं। लिहाजा, होली और अबीर-गुलाल खेलते समय इस बात को ध्यान में रखिए कि नोटों पर रंग न लगे अन्यथा बैंक रंग लगे नोटों को लेने से इंकार कर सकता है।

जी हां, अगर आप होली के रंग में रंगने जा रहे हैं और आपके नोट पर होली का रंग लग



जाता है तो बैंक इन नोटों को नहीं लेगा। इसका मतलब होली का रंग आपकी जेब की चमक को फीकी कर सकता है। इसलिए सावधान रहे और जब होली खेलने जाएं या होली के रंग में पड़ोसी को रंगने जाएं तो कैशलेस होकर जाएं। बैंकर्स का कहना है कि आरबीआई ने क्लीन नोट पॉलिसी (सीएनटी) जारी कर रखा है। बाजार में स्वच्छ मुद्रा का चलन ही इस पॉलिसी का उद्देश्य है। आरबीआई ने सभी बैंकों को इस पॉलिसी की गाइडलाइन जारी करते हुए इसके नियमों का पालन करने और कराने के आदेश भी दे रखे हैं। इस पॉलिसी के तहत कोई भी बैंक अब उन नोटों को स्वीकार नहीं करेगा, जिन पर पेन से लिखा हुआ होगा या फिर नोट पर किसी तरह का रंग लगा हुआ होगा।















# राजधानी बस को सौरभ ने दिखायी झंडी



**वाराणसी।** राजधानी से जोड़ने के लिए शुरू की जाने वाली रोडवेज की राजधानी सेवा को सोमवार को कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने हरी झीं दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया।

कैण्ट डिपो की वाहन संख्या-यूपी78 एचटी/3927 राजधानी एक्सप्रेस का सौरभ श्रीवास्तव ने हरी झण्डी देकर बस को रवाना किया गया। यह बस प्रातः 04:30 बजे से वाराणसी से चलकर 10:30 बजे लखनऊ पंहुचेगी, जो उसी दिन 17:00 बजे लखनऊ से वाराणसी के लिए प्रस्थान करेगी। बस के शुभारम्भ के अवसर पर श्री गौरव वर्मा, क्षेत्रीय प्रबन्धक, वाराणसी, श्री महेन्द्र पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, कैण्ट डिपो एवं श्री विजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, ग्रामीण डिपो उपस्थित रहे।

# मंत्रोचार के बीच होलिका में लगी आग

**परम्परा**


**कहीं सात तो कहीं आठ के बीच ही सोमवार को शहर के कई स्थानों पर जली होलिका**

**वाराणसी।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार की रात शहर के कई जगहों पर होलिका जलाई गई। वहीं कहीं मंगलवार को भी जलाने की तैयारी की गयी थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सभी सीओ, थाना प्रभारी और सादे पोशाक में पुलिसकर्मी क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। होलिका में आग लगने के बाद होली की हुड़दंग शुरू हो गयी, पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल लेने वालों की भीड़ रही, होलिका में ढोल नगारों के बीच सभी ने होली गीत गाया तो कहीं रात में ही अबीर गुलाल उड़े। रात भी युवाओं की टोली सड़कों पर भ्रमण करती रहीं, विभिन्न स्वरुपा को मुखौटा लगाये युवाओं ने रात से ही होली के विभिन्न गीतों पर बज रहे डीजे पर डांस किया।

































## संक्षेप

### बीएसए एकादश ने सीडीओ एकादश को हराया




वाराणसी। उदय प्रताप इंटर कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर जनपद में होने वाले जी-20 की मीटिंग के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक करने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी एकादश और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। प्रथम 10 ओवर का मैच बीएसए एकादश एवं मुख्य विकास अधिकारी एकादश के बीच हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी एकादश द्वारा पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 78 रन का लक्ष्य दिया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी एकादश ने नौ ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया और छह विकेट से मैच जीत लिया। अरविंद कुमार पाठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दो ओवर में तीन विकेट प्राप्त किए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एकादश की ओर से हिमांशु अनुदेशक ने शानदार बल्लेबाजी की। दूसरा मैच मुख्य विकास अधिकारी एकादश द्वारा जीता गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने शानदार बॉलिंग करते हुए दो विकेट प्राप्त किए। दूसरे मैच में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 35 रन बनाए गए, जिसको मुख्य विकास अधिकारी एकादश द्वारा आखरी ओवर में दो चौके रहते प्राप्त कर लिया गया। मैच के दौरान धनंजय सिंह, राजेश सिंह दोहरी, धर्मेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बीएचयू के डॉ. वैभव बने पूर्वी क्षेत्र के कोच



वाराणसी। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद-बीएचयू में सहायक निदेशक पद पर कार्यरत डॉ. वैभव राय को बीसीसीआई ने विज्जी ट्रॉफी के पूर्वी क्षेत्र के लिए कोच के तौर पर चयनित किया है। विज्जी ट्रॉफी का आयोजन बीसीसीआई की तरफ से रायपुर में 10 मार्च से 16 मार्च तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से चार जोन की टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस समय वे पूर्वी अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम के चयन के लिए भुवनेश्वर गए हुए हैं और वे अपना कार्यभार सात मार्च से संभालेंगे। डॉ. राय की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसवीएस राजू, महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बधाई दी है।

### नगर आयुक्त ने वरुणा पार जोन का लिया हाल



वाराणसी। नगर आयुक्त शिपू गिरि ने सोमवार की सुबह वरुणा पार जोन का औचक निरीक्षण किया। वरुणा पार जोन पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले कम्प्यूटर टैक्स कलेक्शन कक्ष का निरीक्षण किया, जिसमें कम्प्यूटर के माध्यम से जमा हो रहे गृहकर वसूली को देखा। वहां तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर से ऑनलाइन टैक्स जमा करने एवं ऑनलाइन नामांतरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उसके पश्चात नगर आयुक्त कार्यालय में विभिन्न पटलों पर किये जा रहे कार्यों को देखा, इस दौरान नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पत्रावलियों और अभिलेखों को सुरक्षित रखा जाय, साथ ही कार्यालय में कहीं गंदगी न की जाय। नगर आयुक्त द्वारा समयांतर्गत कार्यों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय जोनल अधिकारी प्रमिला सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय युवा संसद स्पर्धा में छात्रा ने लहराया परचम



वाराणसी। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्य महिला पीजी कॉलेज की दर्शन विभाग की छात्रा प्रतिमा यादव ने परचम लहराया देश के 29 राज्यों से 87 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिमा यादव ने इस मौके पर जी-20 में भारत की प्रधानता विषय पर बात की और राष्ट्रीय युवा संसद में पांचवां स्थान हासिल किया। लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला की उपस्थिति में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, की ओर से सम्मानित किया गया।

### सीएचसी व हेल्थ सेंटर के स्टाफ बरत रहे लापरवाही



पिंडरा। आम आदमी पार्टी यानि 'आप' कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विकास खंड के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते सोमवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक पिंडरा व काशीपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र और गंगापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक उपचार कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। साथ ही वहां आने वाले मरीजों के प्रति उनका व्यवहार आपत्तिजनक है। अस्पताल के डॉक्टर रोगियों के साथ दुर्व्यवहार भी कर रहे हैं। बीते दो मार्च को गंगापुर सीएचसी पर डॉक्टर अनुपस्थित थे। फलस्वरूप वहां पहुंचे मरीजों को हलकान होना पड़ा। उस चिकित्सालय की महिला चिकित्सक समय पर नहीं पहुंचीं। डिलवरी के कई मामलों में प्रसूता को शासन से दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि वंचित है। ज्ञापन देने वालों में संगठन के प्रमोद पांडेय, पप्पू सिंह, अमित मिश्र, विजय नाथ पांडेय, मूलचंद कवि, दिनेश पटेल व धनीराम आदि थे।

### बिजली के तारों के नीचे सजी होलिका, प्रशासन अनजान



वाराणसी। बिजली के तारों और केबल के नीचे होलिका लगाई गई। जिससे दुर्घटना के साथ ही बिजली व केबल की सप्लाई बाधित होने का खतरा बना रहा। वहीं दूसरी ओर प्रशासन इससे अनजान बना रहा। शहर में जहां एक ओर होली की धूम है वहीं दूसरी ओर होली से पूर्व होलिका दहन के लिए लगाए गए कुछ होलिकाओं को लगाने में सुरक्षा नहीं बरती गई। इस दौरान कई स्थानों पर होलिका दहन के समय तारों और केबलों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहा। ऐसे में सुरक्षा को ताक पर रखकर होलिका दहन का कार्यक्रम किया गया। शहर के मदलहिया चौराहे पर लगाई गई होलिका पर लोगों की नजर नहीं गयी। जिससे केबल के तमाम तार और बिजली के तार लगे हुए दिखाई दिए।

### शहर में 75 फीसदी होलिकाओं का दहन आज

वाराणसी। नगर निगम सीमा में आने वाले क्षेत्रों में इस बार होलिका दहन का निर्धारण दो दिनों का किया गया है। जिसमें 25 फीसदी होलिकाओं का दहन सोमवार को कर दिया गया। जबकि 75 फीसदी होलिका दहन का कार्यक्रम मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए नगर आयुक्त शिपू गिरि ने बताया कि होलिका दहन स्थलों पर मुहल्ला समितियों से वार्ता की गई थी। जिसके आधार पर 25 फीसदी समितियों ने सोमवार को और 75 फीसदी समितियों ने मंगलवार को हालिका दहन करने की बात कही।

### 27वें कैरम फेडरेशन कप के लिए यूपी की टीम घोषित

वाराणसी। आगामी 26 से 29 मार्च के बीच बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण समूह परिसर में आयोजित होने जा रहे 27वें आल इंडिया फेडरेशन कप कैरम टूर्नामेंट में भाग लेने वाली महिला और पुरुष टीम की सोमवार को घोषणा कर दी गयी। उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष और चयन समिति के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह के अनुसार, मेजबान स्टेट होने के नाते उत्तर प्रदेश को हर स्टेट से दोगुना खिलाड़ी अर्थात चार की जगह आठ-आठ महिला और पुरुष रैंकिंग खिलाड़ियों को फेडरेशन की तरफ से प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जायेगा। इसके अलावा पुरुष टीम में दो खिलाड़ी रिजर्व भी रखे गए हैं। अध्यक्ष बैजनाथ सिंह की अध्यक्षता में चयन समिति के सदस्य प्रदेश सचिव जहीर अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार रणवीर सिंह और प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश वर्मा ने टीम का चयन किया। महिला टीम में कामना गुप्ता, रिम्पा, हरियाली सिंह, दीपाली यादव, अंजलि गुप्ता, रेणुका राय, सुमन गिनोड़िया व रिषिता केसरी को शामिल किया गया है। टीम मैनेजर रीनी श्रीवास्तव होंगी। जबकि पुरुष टीम में मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद शाहिद, फैसल खान, शिवदयाल यादव, पीएस सिंहारिया, मोहम्मद अजहर, कृष्ण दयाल यादव व धर्म-दर्शन को शामिल किया गया है। रिजर्व खिलाड़ी के रूप में गौरव गुप्ता और उप तनवीर है। टीम मैनेजर विनोद यादव को बनाया गया है।

### पीआरडी जवान 20 तक दे दें अपना ब्योरा

वाराणसी। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के विभागीय पोर्टल पर पीआरडी स्वयंसेवकों की डाटा फीडिंग की जा रही है। इसके लिए वैध रूप से प्रशिक्षित छूटे पीआरडी स्वयंसेवकों को प्रत्येक दशा में आगामी 20 मार्च तक संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करानी होगी।

## मंडुवाडीह के व्यापारियों ने सौंपा पत्रक

**लगाई गुहार**

**जिलाधिकारी से मिलकर सड़क चौड़ीकरण डिजायन में की परिवर्तन की मांग**

वाराणसी। मंडुवाडीह चौराहे के चौड़ीकरण से कई व्यापारियों व निवासियों के मकान और प्रतिष्ठान के जद में आने की चिंता को लेकर सोमवार को वहां के व्यापारियों ने जिलाधिकारी एस. राजलिंग से मिले और सड़क चौड़ीकरण डिजाइन में परिवर्तन करने के बाबत पत्रक सौंपा।

मंडुवाडीह बाजार के व्यापारियों ने चौड़ीकरण के संदर्भ में अपनी समस्याओं को पत्रक के रूप में प्रस्तुत किया। पत्रक में व्यापारियों ने चौराहे की त्रिज्या कम करने और चौराहे के ऊपर लहरतारा से ककरमत्ता की तरफ ऊपरगामी सेतु के निर्माण की प्रमुख रुप से मांग की। जिलाधिकारी ने उनकी बातों को शासन स्तर पर पहुंचाने का व्यापारियों को आश्वासन दिया। जिलाधिकारी से मिलने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, कुंवर वीरेंद्र, रितेश जयसवाल, मुकेश, शक्ति जयसवाल, अंकित जयसवाल, बबलू सोनकर, चंदन गुप्ता, मानस गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।



जिलाधिकारी एस. राजलिंग को पत्रक देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य

## 'एक साल में 15 सिलिंडर का तोहफा'

जितेंद्र श्रीवास्तव

**एलपीजी**


**बिक्री बढ़ाने के लिए ऑयल कंपनियों का एजेंसियों पर दबाव**

**कोटा पूरा करने के लिए बुकिंग और डिलेवरी का चल रहा खेल**

वाराणसी। रसोई गैस का इस्तेमाल करने वाले अधिकांश उपभोक्ताओं को यह पता नहीं होगा कि सिलिंडर उपलब्ध कराने वाली ऑयल कंपनियां इस चालू वित्तीय वर्ष में उनको 15 सिलिंडर का तोहफा दे रही है। हालांकि इसके पीछे भले ही उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की बात कहीं जा रही है। लेकिन हकीकत यह है कि एलपीजी की बिक्री बढ़ाने के लिए ऑयल कंपनियों ने उपभोक्ताओं का कोटा अघोषित रूप से बढ़ा दिया है। अब इसको लेकर एजेंसियों पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे में एजेंसी संचालक कोटा पूरा करने के लिए बुकिंग और डिलेवरी का खेल खेलने को विवश है।

मालूम हो कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एलपीजी उपभोक्ताओं को 170.2 किलो गैस यानी 12 भरे सिलिंडर मिलने का प्रावधान है। उपभोक्ताओं के प्रत्येक बुकिंग के बाद मिलने वाली रसीद यानी पर्ची पर इसका उल्लेख रहता है। पर्ची पर प्रत्येक सिलिंडर की डिलिवरी के बाद यह भी बताया जाता है कि अब आपके कोटे का कितना एलपीजी शेष बचा है। एजेंसी सूत्रों की मानें तो तमाम उपभोक्ता साल में 12 से अधिक सिलिंडर इस्तेमाल करते हैं।

इसके पीछे कनेक्शन कम होना और परिवार के सदस्यों की संख्या अधिक मानी जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को 12 से अधिक सिलिंडर की आवश्यकता पड़ती है। चूंकि अभी भी उपभोक्ताओं को कोटे के प्रत्येक सिलिंडर की बुकिंग पर 59.52 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाती है। ऐसे में निर्धारित कोटे से अधिक सिलिंडर लेने पर सब्सिडी नहीं मिल पाती।



एजेंसी सूत्रों की मानें तो इसी बीच ऑयल कंपनियों ने उपभोक्ताओं के निर्धारित कोटे की गैस खत्म होने के बाद चालू वित्तीय वर्ष में तीन-तीन और सिलिंडर मुहैया कराने का फरमान जारी कर दिया। इस फरमान के बाद एजेंसी संचालको को अतिरिक्त सिलिंडर के कोटे की भरपाई का दबाव बढ़ गया। रोजाना संदेश पर संदेश आने लगे हैं कि आप अपने निर्धारित कोटे के सिलिंडर का उठान करने के लिए पैसा जमा करिए। चूंकि तमाम उपभोक्ता चंद रुपये की सब्सिडी के लालच में महंगा सिलिंडर खरीद पाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में एजेंसी संचालकों पर अतिरिक्त कोटे को खपाने दबाव बढ़ गया है।

नाम न छापने की शर्त पर एजेंसी संचालकों ने बताया कि कोटा पूरा करने के लिए खुद ही बुकिंग कर डिलेवरी करना उनकी विवशता बन गयी है। हालांकि इसका लाभ उन उपभोक्ताओं को मिल रहा है, जो बुकिंग नहीं कराते हैं और उनके पंजीकृत मोबाइल पर बुकिंग और डिलीवरी के साथ ही सब्सिडी मिलने का संदेश मिल जा रहा है। इसमें से तमाम उपभोक्ता एजेंसी पर आकर किच-किच भी करते हैं कि जब मैंने बुकिंग करायी ही नहीं तो यह संदेश कैसे आ जा रहा है। जब उनको अंदरुनी बात बतायी जाती है तो वे संतुष्ट होकर लौट जाते हैं। लेकिन इस नये झमेले से एजेंसी पर कार्यरत कर्मचारियों पर काम का बोझ और उनका सिरदर्द बढ़ गया है।

# देर रात तक होती रही होली की खरीदारी

**बाजार का हाल**

**तन-बदन ही नहीं साज-सज्जा आदि की दुकानों पर उमड़ी भीड़**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। होली मंगलवार को हैं या फिर बुधवार को। इस उलझन में हर काशीवासी है। फिर भी त्योहार मनाना है तो मनाना है, चाहे वह आज हो कल। आज-कल के उधेड़बुन स परे हटकर लोगों ने सोमवार को होली की खरीदारी को अंतिम रूप दिया।

कई बाजारों में भीड़ इस कदर उमड़ी कि लोग एक-दूसरे को आगे बढ़ाते हुए चल रहे थे। तन-बदन ढकने के ही नहीं पांव सज्जा, सौंदर्य प्रसाधन समेत अन्य दुकानों पर तो तिल रखने की जगह नहीं थी। मिठाई की दुकानों पर रेडिमेड गुझियां की डिमांड सर्वाधिक रही। देर रात तक बाजारों में खरीदारी होती रही।



होली की पूर्वसंध्या पर युवतियों ने रंग खेलकर मनाई खुशी

बाजारों में एक बात खास देखने को मिला कि लेबर क्लास वर्ग के लोग काम-धंधा से लौटते समय परिजनों के लिए खरीदारी करने में मगशूल रहे। रेडीमेड वस्त्र की बात रही हो या फिर फुटवीयर, खाद्य पदार्थ आदि। इन लोगों ने अपने पॉकिट के हिसाब से खरीदारी की। इनके बीच अन्य वर्ग के लोग भी लेकिन उनमें से अधिकांश किचेन के आइटमों की खरीदारी करते दिखे। चटपटे नमकीन की बात हो या फिर ड्राई फूट्स की। इन दुकानों पर भीड़ रहीं।

रंग-अबीर-गुलाल-पिचकारी-रंगीली टोपियों की बिक्री भी अंतिम क्षण तक होती रहीं। फुटवीयर कारोबारी अंतिम अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहते थे। ग्राहकों को आवाज लगाते-'ऐसा सस्ता जूता-चप्पल-सैंडिल तो बाद में मिलने से रहा। भारी डिसकाउंट को पहले कभी नहीं मिली होगी।'

हर किसी ने अपनी पसंद के अनुरूप जूता, चप्पल या सैंडिल की खरीदारी की। सर्वाधिक डिमांड स्पोर्ट्स जूते और सैंडिल की रहीं। रेडिमेड गारमेंट्स के बड़े शोरूम में तो खरीदारी के दौरान गिफ्ट हैंपर या गिफ्ट बाउचर भी दिया जा रहा है। इसके पीछे सेल को बढ़ाना माना गया। थोक एवं फुटकर कारोबारियों की माने तो होली पर्व ऐसा माहौल बनाता है कि लोगों को खरीदारी करना विवशता है। महंगाई के बावजूद विविध प्रकार के फुटकर बाजारों में खूब ग्राहकी निकली।

## शहर में 600 स्थानों पर जलाई जा रही होलिका

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में करीब 600 स्थानों पर होलिका जलाई जा रही है। उक्त स्थानों पर लगाई गई होलिकाओं की निगम ने सूची तैयार की है। साथ ही इनके दहन के लिए समय भी निर्धारित की गई है। होली से पूर्व की रात्रि में संवत (होलिका दहन) जलाने की परंपरा जहां सदियों से चली आई है। वहीं इस बार होली की तैयारी को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। होली के साथ होलिका दहन भी इस बार दो दिन मनाया जा रहा है। निगम की ओर से भी इसके लिए दो दिनों का निर्धारण किया गया है। जिसमें सोमवार और मंगलवार की रात्रि का निर्धारण किया गया है। इसके लिए मुहल्ला समितियों से वार्ता कर दहन के समय का निर्धारण किया गया है। निगम अधिकारियों की मानें तो इस बार दो दिन होलिका दहन का कार्यक्रम किया जाएगा।

# एलपीजी के दाम में वृद्धि पर सिलिंडर संग प्रदर्शन

**महिलाओं में नाराजगी**

**सिलिंडरों पर माला पहना कर महिलाओं ने किया स्वागत भी**

जनसंदेश न्यूज

रामनगर। रसोई गैस के दामों में बेतहाशा और लगातार वृद्धि के खिलाफ लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। महंगाई के चलते गृहस्थी की नैया डगमगा रही है। इसी से नाराज महिलाओं ने सोमवार को जनकपुर में सिलिंडरों के साथ प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



मूल्य वृद्धि के विरोध में सिलिंडर के साथ प्रदर्शन करतीं महिलाएं

समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री रीबू श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिलाओं ने एलपीजी के दामों में वृद्धि के खिलाफ सिलिंडरों पर माला पहना कर स्वागत भी किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाएं तख्ती और पोस्टर लिए हुए थीं। जिन पर केंद्र सरकार के खिलाफ व्यंग्यात्मक टिप्पणियां लिखी हुई थी। इस मौके पर बोलते हुए रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार हर तरफ से लोगों पर महंगाई का बोझ लाद रही है। आम आदमी की रोजी-रोटी की चिंता तो उसे है नहीं, लेकिन जो लोग किसी तरह दो जून की रोटी का जुगाड़ कर ले रहे हैं तो उनको भी भूखा मारने के प्रयास में जुटी हुई है।

कभी इसी भाजपा के नेता 400 रुपये के सिलिंडर का विरोध का करते थे, लेकिन आज 1200 रुपये के पार कर चुके दाम उन्हें दिखाई नही पड़ रहा है।

महिलाओं ने कहा कि हर चीज महंगाई की गिरफ्त में हैं। घर-गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है। ऊपर से सिलिंडर के बढ़े दामों ने रसोई का बजट ही बिगाड़ दिया है। आम आदमी समझ ही नही पा रहा है कि करे तो क्या करें।

केंद्र सरकार तरह-तरह की जुमलेबाजी कर लोगों को उलझाने में लगी हुई है। महिलाओं ने मांग की कि सरकार सिलिंडरों के दामों में की गई वृद्धि तत्काल वापस ले। प्रदर्शन में आरती यादव, संगीता पटेल, बुद्धि देवी, जीरा देवी, कुलपत्ति देवी, गीता देवी, साधना पटेल, सुनीता, राजकुमारी, बिंदु, मंजू, रेखा, मालती, गंगा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## 'राहुल का बयान भारत की अखंडता के खिलाफ'



वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक व अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए राहुल गांधी के उस बयान पर नारजागी जताते हुए कार्रवाई की भी मांग की बताया कि 28 फरवरी को राहुल गांधी जी द्वारा कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल में बयान दिया गया जिसको तीन मार्च को कांग्रेस के प्रमुख नेता थ रणनीतिकार सैम पित्रोदा ने अपने ट्विटर अकाउंट पर केरल के वायनाड से सांसद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का वीडियो ट्वीट किया और कई अन्य ऐसे कटैट शेयर किए जो आपत्तिजनक थे. इनके द्वारा ट्विटर पर जारी राहुल गांधी के बीडियो में और कंटेंट में राहुल गांधी जी का बयान भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ था. राहुल गांधी जो कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हैं केरल के वायनाड से सांसद है ने ब्रिटेन के कैंब्रिज जज मैनेजमेंट स्कूल के छोटे से ऑडिटोरियम में छोटे से समूह के समक्ष दिया गया था, राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के नाम पर भारत में पर्याप्त सफलता न मिलने पर उनके मैनेजरों ने कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल के नाम पर एक ड्रामा रचा और उसमें भारत तोड़ने की विभाजनकारी विवेद कारी व संविधान की मूल भावना के विरुद्ध अप्रासंगिक बयान कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल मैं दिलवाकर दुनिया भर के मीडिया संस्थान में सनसनी फैलाने के लिए भारत राष्ट्र को बदनाम करने के लिए और भारत के अल्पसंख्यको दलित व आदिवासियों को भारत की मूल धारा से अलग कर भारत राष्ट्र को कमजोर करने की साजिश रची।

## उदयपुर में खेल प्रतियोगिता संपन्न

**आयोजन**

**युवक मंगल दल की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित**

चांदमारी। हरहुआ ब्लॉक के उदयपुर ग्राम पंचायत स्थित खेल मैदान में सोमवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल से संबद्ध युवक मंगल दल की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबीकूद, दौड़ आदि की प्रतियोगिताएं हुईं। अध्यक्ष प्रिंस चौबे ने बताया कि ग्रामीण युवा अत्यधिक प्रतिभाशाली हैं। उनको मंच देना सभी की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खेल से समाज में बदलाव आता है। इससे तन और मन स्वस्थ एवं सुंदर होते हैं। युवा वर्ग गलत रास्तों के ाजाय सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित होते हैं। प्रतियोगिता के अंत में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए किट उपलब्ध कराए गये। ग्राम प्रधान सुद्धू की अध्यक्षता में लक्ष्मण अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ी तारकेश्वर यादव एवं सुजीत की मुख्य उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रेलवे के खिलाड़ी भैयालाल, उमेश कुमार, अनिल विश्वकर्मा, रमेश राजभर, मनोज पटेल, अक्षय पटेल, धर्मेंद्र राजभर, रामचरण गौड़, दिनेश विश्वकर्मा, लालचंद पटेल, सनी प्रजापति, रवींद्र कुमार, अजीत कुमार आदि भी रहे।



खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

# सब्जी और फूलों से बने हर्बल गुलाल का अब लें आनंद

**वाह क्या बात है**

**चिरईगांव ब्लॉक के पचरांव की महिला स्वयं सहायता समूह ने बाजार में उतारा ईको फ्रेंडली गुलाल**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। होली के इस त्योहार में महिला स्वरोजगार समूहों ने सब्जी, अरारोट और फूलों से तैयार गुलाल उपलब्ध कराया है। इसे तैयार करने में किसी प्रकार का केमिकल प्रयोग न किये जाने के चलते यह गुलाल आपकी त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। खास यह भी कि इस गुलाल में खुश्बू भी है।

प्रदेश सरकार से 75-75 हजार रुपये का स्टार्टअप फंड प्राप्त महिला ग्राम संगठन महिलाओं ने यह पहल की है। इन्हें गुलाल बेचने के लिए स्टॉल भी उपलब्ध कराया गया है। चिरईगांव विकास खंड में पंचराव ग्रामसभा स्थित उम्मीद महिला ग्राम संगठन की महिलाओं ने यह हर्बल गुलाल तैयार किया है। इसकी अध्यक्ष सुमन भारद्वाज ने बताया कि संगठन में शामिल 15 सदस्यों ने यह गुलाल बनाकर बाजार में मुहैया कराया है।



उन्होंने बताया कि इस प्रयास के फलस्वरूप वह प्रतिदिन औसतन 500 रुपये से लेकर 600 रुपये तक कमा रही हैं। वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त दिलीप कुमार सोनकर ने बताया कि ग्राम संगठन समूह को 75 हजार का स्टार्टअप फंड शासन से उपलब्ध कराया गया है। उनकी ओर से तैयार ईको फ्रेंडली गुलाल बेचने के लिए जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन और चिरईगांव ब्लॉक मुख्यालय पर स्टॉल की सुविधा दी गयी है।

### थोक डिमांड भी हो सकती है पूरी

ईको फ्रेंडली गुलाल बनाने में हरे रंग का गुलाल पालक साग से बनाया गया है। चुकंदर और गाजर से गुलाबी रंग का गुलाल और गेंदे के फूल से पीला गुलाल बनाकर मार्केट में उतारा गया है। इस गुलाल में अरारोट का प्रयोग करते हैं। चिरईगांव के पचरांव स्थित महिला स्वरोजगार समूह के इस वर्ष होली त्योहार के लिए एक कुंतल से अधिक हर्बल गुलाल बनाकर बाजार में भेजा है। संगठन अध्यक्ष सुमन ने बताया कि होली के अलावा अन्य अवसरों के लिए भी उनकी टीम थोक बाजार को देखते हुए गुलाल बनाकर उपलब्ध करा सकती हैं।


पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2023-27, कार्य का नाम: सहायक मंडल इंजी./लाइन/लख. के अधीन 24 माह के लिये लघु ट्रैक मशीन/वेल्डिंग मशीन/पी.वे. सामग्रियों के परिवहन का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 52,40,832.73, अग्रिम धन (₹): 1,04,800/-, समापन अवधि: 24 माह। क्रम सं.-02, ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2023-28, कार्य का नाम: गोरखपुर-आनन्दनगर अनुभाग में मानीराम-पीपीगंज स्टेशनों के मध्य किमी. 12/9-13/0 पर बोरिंग एवं पुशिंग विधि से (1x6.10M) आर.सी.सी. बाक्स के द्वारा नये पुल का निर्माण एवं उपबन्धों का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 4,80,49,853.99, अग्रिम धन (₹): 3,90,300/-, समापन अवधि: 12 माह। (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2023-27-28 के लिये ई-निविदा दिनांक 03-04-2023 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ

मुजाधि/कम्यु-430

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# ट्रक-पिकअप की टक्कर में वृद्ध की मौत, तीन घायल

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के दोपही ढाले पर सोमवार की सुबह हुई ट्रक एवं पिकअप के आमने-सामने की टक्कर में एक वृद्ध की मौत हो गयी। वही, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। इसकी खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की सुबह बलिया-बैरिया राजमार्ग पर दोपही ढाले के पास बैरिया की तरफ से आ रही ट्रक तथा बलिया की ओर से आ रही पिकअप की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इससे हीरालाल पासवान पुत्र स्व. रामप्रवेश पासवान, अजय पासवान पुत्र विजय शंकर पासवान निवासीगण राजपुर एकौना, अभिषेक पासवान निवासी नवका गांव बबुरानी तथा अगरौली निवासी विक्रमा साहू पुत्र गणेश साहू गंभीर रूप से घायल है। चारों घायलों को पिकअप से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने विक्रमा साहू (60) को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया।

## बुलेट के धक्के से अधेड़ की मौत

**बैरिया/मझौवां।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के दयाछपरा ढाला पर रविवार की देर शाम सब्जी खरीद कर घर जा रहे अधेड़ को बुलेट सवार ने टक्कर मार दिया। इससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गये। परिजनों ने उनको सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां कुछ देर के बाद उनकी मौत हो गई। बैरिया थाना क्षेत्र के चिंतामणि राय के टोला पांडेपुर निवासी मैनेजर सिंह (55) रविवार की देर शाम दया छपरा से सब्जी खरीद कर घर जा रहे थे कि मछली बाजार के सामने पूरब की तरफ जा रही बुलेट ने टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर, टक्कर मारने के बाद चालक बुलेट लेकर फरार हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घायल मैनेजर सिंह को उठाकर सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। परिजन सोनबरसा अस्पताल पहुंचे। अभी इलाज चल ही रहा था कि मैनेजर सिंह ने दम तोड़ दिया।






**होली बाद जदयू में शामिल होंगे कई नेता : बलिया।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश महासचिव अवलेश कुमार सिंह ने कहा कि जदयू में शामिल होने के लिये बलिया ही नहीं, बल्कि प्रदेश के कई जनपदों के विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेता पूरी तरह से तैयार बैठे है। होली बाद दूसरे दल को छोड़ जदयू में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत होगा। इसको लेकर बलिया मुख्यालय पर एक बड़ा आयोजन करने की तैयारी चल रही है। इसमें यूपी और बिहार के पार्टी के कद्दावर नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मिशन 2024 में पार्टी को मजबूत करने के लिये सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

**बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन : बलिया।** राजा रामचंद्र शिक्षण संस्थान बैसहां, सुखपुरा में सोमवार को आयोजित वार्षिक समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकगीत, लोकनृत्य, प्रहसन, एकांकी, कैसेट डांस आदि को लोगों ने काफी पसंद किया। वर्तमान परिवेश में आज का भारत एवं मोबाइल का मिस यूज संबंधित नाटक को खूब वाहवाही मिली। मुख्य अतिथि डा. कृष्ण मोहन यादव एवं विशिष्ट अतिथि डा. संतोष चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक दर्जन लोगों को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार पांडेय, हयात अली, लालजी वर्मा, अरविंद उपाध्याय, राज नारायण यादव, बृज मोहन प्रसाद अनारी, राजेंद्र सिंह गंवार आदि मौजूद रहे।



















# शांति व्यवस्था भंग करने पर होगी कार्रवाई

**चेताया**

## जनपद में सुचारू रूप से होगी विद्युत आपूर्ति

**बलिया।** होली के पर्व को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू है। शांति व्यवस्था भंग न हो, उस पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था में इमरजेंसी सुविधाएं 24 घंटे चलेंगी। नगर पालिका और नगर पंचायतों में पानी की सप्लाई निरंतर चलती रहेगी। साथ ही साफ-सफाई भी विशेष तौर से रहेगा। राशन प्रणाली भी प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं को मिलेगी। पेट्रोल पंप भी खुले रहेंगे। बिजली व्यवस्था भी जनपदवासियों को सुचारू रूप से मिलती रहेगी।

## सरकारी कार्यालयों में रही होली की धूम







होली पर्व का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। रंगों के इस पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन सक्रिय है। सात व आठ मार्च को होली होने की वजह से सरकारी कार्यालय भी दो दिन बंद रहेंगे। सोमवार को सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, नगर पालिका, विकास भवन, जिला बेसिक कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, आबकारी विभाग सहित सभी कार्यालयों में होली मनायी गयी।

## आपसी सौहार्द के साथ मनाएं होली : डीएम



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने वैसे बलिया जनपद में पहली होली है। ऐसे में जिलाधिकारी बलिया ने होली बेहतर तरीके से मनाने के लिये जनपदवासियों से अपील की है। कहा कि होली आपसी सौहार्द के साथ मनाये। ऐसे रंगों का प्रयोग न करें, जिससे स्वास्थ्य प्रभावित हो। पूरे परिवार के साथ रंगभरी होली का आनंद लें। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली : एसपी



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने कहा कि होली पर्व को लेकर पुलिस की तरफ से सभी तैयारियां कर ली गयी है। शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाएं। यह खुशियों भरा त्योहार है। पूरे परिवार के साथ अच्छे तरीके से पर्व मनाये। शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिये पुलिस की सक्रिय भूमिका रहेगी।

## 24 घंटे खुली रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं: सीएमओ



**बलिया।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार ने कहा कि 24 घंटे इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाएं चलती रहेंगी। सात मार्च से आठ मार्च तक तीन शिफ्टों में डाक्टर और फार्मासिस्ट सहित अन्य स्टाफ इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे देंगे। उसके लिये अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। सीएचसी और पीएचसी पर सफाई, पानी और दवाई की विशेष व्यवस्था रहेगी।

## साफ-सफाई को बनी टीमः ईओ



**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया के अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि होली के पर्व को देखते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था मुकम्मल रहेगी। पानी की सप्लाई पर्याप्त होती रहेगी। अगर किसी कारणवश बिजली व्यवस्था बाधित होती है तो जनरेटर से सप्लाई दी जाएगी। कूड़ों का उठान पहले कर लिया जाएगा।

## राशन व्यवस्था रहेगी दुरुस्तः डीएसओ



**बलिया।** जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने कहा कि पांच मार्च से खाद्यान्न का वितरण शुरू हो चुका है। राशन कार्ड धारकों के लिये चीनी की व्यवस्था की गयी है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि गैस वितरण बराबर करते रहें। वैसे, जिले में गैस की कमी नहीं है। जिले में 581731 कार्डधारक है, जिसमें 15315 अन्त्योदय कार्डधारक है। साथ ही 25 लाख यूनिट आच्छादित जिन्हें निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

## बीएसए ने शिक्षकों को दी बधाई



**बलिया।** बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है। इस त्योहार को शांति पूर्वक मनाये। केमिकल वाले रंगों से बचें और प्राकृतिक रंगों से ही होली का आनंद लें। साथ ही बीएसए ने शिक्षकों सहित जनपदवासियों को होली की बधाई दी।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**फेफना।** स्थानीय बाजार में होली एवं शब-ए-बरात के मद्देनजर रविवार की देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार मिश्र एवं थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने सदल-बल फ्लैग मार्च किया। यह फेफना-गड़वार रोड स्थित रेलवे क्रासिंग से तिराहा होते हुए क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम के समीप पहुंचा और यहां से पुनः तिराहा पर आकर संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने आपसी भाईचारे के साथ मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की।

## कवियों ने होली पर सुनायीं कविताएं



**बलिया।** होली के उपलक्ष्य में शहर के मिड्ढी स्थित कार्यालय में म्यूजिक प्लानेट व साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आयोजित गीत-संगीत व साहित्यिक कार्यक्रम में लोगों ने हंसी-ठहाकों के बीच एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. नवचंद्र तिवारी ने 'चहुं दिस उमंग के रंग खिले आशीषों की होली हो/पुलकित हो जाएं गांव-नगर ऐसी हंसी ठिठोली हो' सुनाया तो लोगों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. फतेहचंद बैचेन ने 'खुशियों का रंग होली का त्यौहार' सुना कर कार्यक्रम में जोश भर दिया। म्यूजिक प्लानेट के संस्थापक और टीडी कालेज के संगीत प्रवक्ता डॉ. अरविंद उपाध्याय ने 'रसिया ना माने रे मोरा नैनों में डाले अबीर' सुनाया तो लोग झूमने लगे। डॉ. कादंबिनी सिंह की रचना 'कइसे खेलीं अबीर कहंवा हेरइले सांवरिया' ने महफिल ही लूट ली। इस अवसर पर श्वेतांक सिंह, सूरज सिंह, अंजलि मौर्या ने भी कविताएं सुनायीं। हारमोनियम पर गुलशन कुमार, तबले पर देवेश मणि व ढोलक पर विशाल वर्मा ने संगत की। मौके पर इंजीनियर जगदीश वर्मा, प्रभात उपाध्याय, आनंद वर्मा, डा. संतोष कुमार, राजन तिवारी, हैप्पी आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. अरविंद उपाध्याय ने किया, जबकि आभार जया उपाध्याय ने प्रकट किया।

## नगर में ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

**सिकंदरपुर।** होली और शब-ए-बरात को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सिकंदरपुर पुलिस व प्रशासन की तरफ से विशेष तैयारी किया गया है। क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने कहा कि पर्व के मद्देनजर पूरी तरह से पुलिस सतर्क है। किसी भी अप्रिय परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस तैयार है। सिकंदरपुर क्षेत्र को पूर्वी व पश्चिमी दो जोन में बांटा गया है। तीन बाइक दस्ते की टीम कस्बे में भ्रमण करेगी। इसके अलावा देहात क्षेत्रों के लिए भी बाइक दस्ता टीम अलर्ट रहेगी। वहीं, पीआरवी एवं पीएसी की टीमें भी पेट्रोलिंग करेगी। सिकंदरपुर कस्बे के डोमनपुरा, भिखपुरा, गांधी मस्जिद के पास ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। वही, क्षेत्र में कुल 103 जगहों पर होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित है। क्षेत्र में कुल 21 स्थानों पर शब-ए-बरात का कार्यक्रम है। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि सभी स्थानों पर साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। चार दिन से लगातार हर थाने और चौकी पर पीस कमेटी की मीटिंग कराई जा रही है। सिकंदरपुर कस्बे में अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पीस कमेटी की मीटिंग हो चुकी है।

### होली एवं शब-ए-बारात को लेकर पुलिस अलर्ट

**बांसडीह।** होली और शब-ए-बरात को लेकर इस बार पुलिस प्रशासन की विशेष तैयारी है। सभी प्रकार से पुलिस अलर्ट मोड़ में है। किसी भी अप्रिय परिस्थिति के लिए पुलिस तैयार है। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस बार सर्किल क्षेत्र में सेक्टर और जोनल व्यवस्था लागू किया गया है। क्षेत्र में कुल 269 जगहों पर होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित है। क्षेत्र में कुल 30 स्थानों पर शब-ए-बरात के कार्यक्रम का आयोजन है। सभी स्थानों पर साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इधर, कुछ स्थानों पर सोमवार की देर रात्रि होलिका दहन हो गया, जबकि कुछ स्थानों पर मंगलवार की देर रात्रि में होलिका दहन होगा। सभी स्थान शांतिपूर्ण एवं अविवादित है।

## कल बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**बलिया।** होली पर्व को लेकर आठ मार्च, दिन बुधवार को जिले में संचालित समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप, भांग, ताड़ी के सभी थोक व फुटकर दुकानें पूर्णतया बंद रहेगी। इस बारे में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने एवं लोक शांति व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिये जनपद में मादक वस्तुओं की बिक्री प्रतिबंधित करना जरूरी है। डीएम ने कहा है कि आदेश नहीं मानने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।


## शरारती तत्वों को चिहित कर पाबंद कर रही पुलिस



**बैरिया।** होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। इसके लिए स्थानीय तहसील एवं पुलिस प्रशासन ने सभी जरूरी उपाय कर लिए हैं। एक तरफ पुलिस जहां शांति समिति की बैठक के साथ ही फ्लैग मार्च कर रही है, वहीं जगह-जगह सघन चेकिंग अभियान चला रही है। इसके अलावा, शरारती तत्वों को चिन्हित कर उन्हें 107, 16 में पाबंद कर रही है, ताकि कोई व्यक्ति होली में अप्रिय स्थिति उत्पन्न न करें। दोकटी पुलिस द्वारा 110 लोगों को 107, 16 में पाबंद किया गया है। वहीं, बैरिया पुलिस ने 40 से अधिक लोगों को 107, 16 में पाबंद कर उनसे होली में कोई भी गड़बड़ी नहीं करने की चेतावनी दी है। इसी तरह की कार्रवाई रेवती एवं हल्दी पुलिस ने भी की है। उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बताया कि अगर किसी ने भी होली में गड़बड़ी करने की चेष्टा की तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। लोगों को बता दिया गया है कि होली सौहार्द का त्यौहार है। अगर कोई नहीं चाह रहा है तो उसे जबरन रंग एवं गुलाल ना लगाएं। केमिकल युक्त रंग-गुलाल से कदापि होली ना खेले। एसडीएम ने कहा कि जो भी जरूरी है, वह उपाय किए गए हैं। उम्मीद है कि होली में कोई गड़बड़ी नहीं होगी। उधर, क्षेत्राधिकारी उस्मान ने बताया कि सर्किल के अधिकांश होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर शान्ति से होलिका दहन एवं होली मनाने का आग्रह किया गया है। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह है।

## संक्षेप

### अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटा दूध भरा टैंकर



**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर के डाक बंगला मार्ग के समीप रविवार की देर रात एक दूध से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटते ही दूध जमीन पर गिर कर फैलने लगा। जैसे ही इसकी जानकारी स्थानीय लोग को हुई तो वह दूध को बल्टी में भर-भर अपने घर लेकर जाने लगे। 2350 लीटर दूध से भरा टैंकर खाली हो गया। सूचना मिलते ही सीयर पुलिस चौकी के दो कांस्टेबल मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से टैंकर को सीधा कराया गया। इस दुर्घटना में टैंकर चालक को मामूली चोट आई है। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सिसोटार गांव से रविवार की देर रात टैंकर गोरखपुर के लिए रवाना हुआ था। रात 11:30 बजे लगभग टैंकर बिल्थरारोड के वार्ड नंबर आठ स्थित होलिका दहन स्थान से गुजर रहा था, तभी अचानक अनियंत्रित होकर वाहन सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा दूध जमीन पर फैलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। फिर क्या था? लोग घरों से बाल्टी में टैंकर से गिर रहे दूध को भर-भर के घर ले जाने में जुट गए। लगभग एक घंटे तक यह दूध गिरता रहा। इसकी सूचना मिलते ही सीयर पुलिस चौकी के कांस्टेबल अंकुर वर्मा व प्रेमचंद पटेल वहां पहुंच गए। पुलिस को देखते ही दूध लेकर घर जा रहे लोग वहां से निकल गए। टैंकर को उठाने के लिए रात एक बजे के बाद पहुंची क्रेन ने 45 मिनट की मशक्कत के बाद टैंकर को गड्ढे से निकाल कर सड़क पर खड़ा कर दिया। टैंकर के साथ चल रहे सेल्समैन अनूप कुमार गुप्ता ने बताया कि टैंकर की क्षमता 2600 लीटर की है। इस समय 2300 लीटर दूध भरा हुआ था। बिल्थरारोड से रविवार की रात गुजरते समय अचानक वाहन संतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। टैंकर चालक सोनू कुमार गोंड निवासी मियाजीपुर, टेकमनिया डेरा, थाना सेमरी, बक्सर, बिहार ने बताया कि टैंकर पलटने से कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। सभी सुरक्षित है।

### स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन



**बेल्थरारोड।** स्थानीय देवेंद्र पीजी कालेज बेल्थरारोड में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के विशेष सात दिवसीय शिविर के समापन के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डा. कुशाग्र सिंह रहे। शीतल गुप्ता एवं प्रीति चौरसिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने डा. कुशाग्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सात दिवसीय शिविर की प्रगति आख्या वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने प्रस्तुत की। रंजना साहनी ने दहेज गीत प्रस्तुत किया। वहीं, बालिकाओं ने होली गीत प्रस्तुत किया। अंजलि ने महिला सशक्तिकरण पर गीत प्रस्तुत किया। डा. कुशाग्र सिंह ने स्वयंसेवक-सेविकाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन किया। आठ मार्च को महिला दिवस पर रामप्रताप चौरसिया ने सेविकाओं को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत बिठुआ स्थित प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर डॉ. मिथिलेश सिंह, समर बहादुर सिंह, स्मिता सरोज, अमित भारती, प्रधान प्रतिनिधि राम मनोहर गांधी, प्रावि के प्रधानाध्यापक उदय प्रताप यादव उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हरेराम सिंह तथा संचालन द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी उमेश चौरसिया ने किया।

### 18 को होगा होली मिलन समारोह



**बलिया।** नगर पंचायत सहतवार की धरती पर 18 मार्च को चार बजे दिन में बड़ा पोखरा के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें यूपी और महाराष्ट्र से कई कलाकारों का जमावड़ा होगा। साथ ही हजारों की संख्या में लोग होली मिलन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजक अजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा होंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह भी होंगी। वैसे, बताते चलें कि अजय सिंह इसके पहले सहतवार में नवरात्रि पर भगवती जागरण का आयोजन कर चुके है। इसमें पूर्वांचल के कई कलाकार भी आये थे।

### नेहा खान को मिला यूपी बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड



**बलिया।** एक बार फिर नेहा खान सुर्खियों में है। इस बार उन्हें यूपी बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड मिला है। बाम्बे से अवार्ड लेकर बलिया पहुंची नेहा खान का जोरदार स्वागत किया गया और उनके कार्यों की जमकर प्रशंसा की गई। बाम्बे में 28 फरवरी को आयोजित सम्मान समारोह में पूरे उप्र से नेहा खान को बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड दिया गया, जबकि इसके पूर्व उनको कई अवार्ड प्राप्त हो चुका है। बाम्बे में आयोजित कार्यक्रम में पूरे भारत से जुड़े आर्टिस्टों का जमावड़ा था। यहां सभी आर्टिस्टों को अवार्ड मिला, वहीं जैसे ही नेहा खान का नाम दर्शकों के बीच आया, तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज उठा। नेहा खान ने विशेष बातचीत में कहा कि इसका पूरा श्रेय ऊपर वाले को जाता है। उनके प्रयास से मै इस मुकाम पर पहुंची हूं। उन्होंने कहा कि इसके लिए छोटी बहन शाहिस्ता एवं पति सारिक अहमद का विशेष सहयोग रहा है। वहीं, शिवांगी सिंह एवं भाजपा नेत्री भारती सिंह ने उनको बधाई दी है। भारती सिंह ने कहा कि नेहा खान ने पूरे यूपी में बलिया का नाम रौशन किया है।

### हार्ट अटैक से चिकित्सा अधीक्षक की मौत

**बिल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम फरसाटार स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सैनी (35) का रविवार की देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। यह उनकी पहली ज्वाइनिंग थी। उनके निधन की समाचार सुनकर चिकित्सकों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को चिकित्सकों ने शोक सभा करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बिल्थरारोड के फरसाटार स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सैनी अमरोहा जिले के हसनपुर के निवासी थे। वह मऊजिले में किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी एवं एक छह वर्ष का पुत्र है। अस्पताल कर्मियों से जानकारी के अनुसार रविवार की शाम अचानक उनके सीने में दर्द शुरू हुआ तो उन्हें एक नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल किया गया। यहां उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उनकी स्थिति को देखते हुए परिजनों द्वारा उन्हें वेदान्त अस्पताल में दाखिल किया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

### विशाल प्रथम एवं द्वितीय रहे गोविंद



**मझौवां।** क्षेत्र के हल्दी में जय श्री काशीदास बाबा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 236 हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व कंपटीशन की तैयारी करने वाले युवाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कुल 250 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रतियोगिता में मझौवां निवासी विशाल सिंह प्रथम, गोविन्द द्वितीय एवं गायघाट निवासी संतोष तृतीय रहा। मुख्य अतिथि हल्दी के प्रधान प्रतिनिधि धनंजय कुंवर व मोहन गुप्ता ने पुरस्कार वितरित किया। मौके पर बब्लू यादव, उमेश, अमित, भोला, दानिश अब्बासी आदि मौजूद रहे।

### एकौनी पुलिया के निर्माण पर खर्च होंगे 63 लाख

**बलिया।** करीब पांच वर्षों के लंबे इंतजार के बाद फेफना क्षेत्र में आवागमन की सुविधा अच्छी होने जा रही है। शासन की स्वीकृति के बाद एकौनी मार्ग पर पुलिया निर्माण की कवायद तेज हो गई है। बताया जाता है कि एकौनी-पक्का कोट मार्ग पर स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त होने से कई वर्षों से आवागमन प्रभावित था। लोगों को दूसरे रास्ते होकर रसड़ा या पीपा पुल होते हुए चितबड़ागांव जाना पड़ता था, लेकिन अब यह समस्या आने वाले दिनों में दूर होने वाली है। जिले के एकौनी मार्ग पर 63 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड ने इसके निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। निर्माण की समय सीमा नौ माह निर्धारित की गई है। पुलिया बनने से कई गांवों के लोगों के आवागमन में सुविधा होगी। एकौनी-पक्काकोट मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नया पुलिया का निर्माण कराने के लिए शासन की ओर से 63 लाख की स्वीकृति मिली है। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की ओर से इस पुलिया का निर्माण कराने के लिए ई-टेंडर भी जारी किया गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टेंडर 13 मार्च को खोला जाएगा और जल्द ही कार्यदायी संस्था का चयन भी कर लिया जाएगा। यह भी बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने व कार्य आवंटन के नौ माह के अंदर कार्य पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। यह पुलिया इस वर्ष के अंत तक बन कर तैयार हो जाएगी।

### पुलिया निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू

**बलिया।** इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता देवेंद्र वर्मा ने बताया कि एकौनी मार्ग पर पुलिया निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ई-टेंडर किया जा चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही कार्य भी शुरू कराया जाएगा। एकौनी मार्ग पर पुलिया निर्माण की मांग पिछले पांच वर्षों से विभिन्न गांवों के लोग कर रहे थे। अब इसके निर्माण की उम्मीद जग गई है। पुलिया के बनने से इस क्षेत्र के एकौनी के अलावा पक्का कोट, जगदीशपुर, पियरिया, बहादुरपुर, सिंहाचवर होते हुए रसड़ा जाना-आना आसान हो जाएगा।

## संक्षेप

### पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित समस्त सूचनाएं तहसीलों पर करें चस्पा : जिलाधिकारी



**मऊ।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 10 मार्च को होगा। प्रकाशन के उपरांत निर्वाचक नामावली पर दावे एवं आपत्तियां 11 मार्च से 17 मार्च तक लिए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से निर्धारित समय सीमा के अंदर ही दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने को कहा, जिससे समय से उनका निस्तारण किया जा सके। दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण का कार्य 18 से 22 मार्च के बीच कर लिया जाएगा तथा अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावली को 1 अप्रैल को प्रकाशित कर दिया जाएगा, जिसके उपरांत किसी भी दावे एवं आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान ही डीएम ने कहा कि दावे एवं आपत्तियां बूथों पर तैनात बीएलओ को प्राप्त कराने के साथ ही तहसील एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नए नामों को सम्मिलित करने हेतु ऑनलाइन व्यवस्था भी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है, जिसे आयोग के वेबसाइट के माध्यम से नए नाम को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सकता है। ऐसे सभी नागरिक जो 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते हैं, वे निर्वाचक नामावली में अपना नाम ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी एवं बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया, सपा, भाजपा सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में सात शिकायतें हुई प्राप्त



**मऊ।** शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना है। आमजन को राहत कैसे मिले, इसके लिए उसके साथ अच्छा व्यवहार कर शिकायत का समाधान करवाएं। यह बातें सोमवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित संभव जनसुनवाई में फरियादियों की समस्या सुनते हुए अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने कही। सोमवार को नपा कार्यालय में सुबह 10 बजे से 02 तक संभव है। शिकायतों का ससमय निस्तारण संतुष्टि एवं समग्रहि के तहत जनसुनवाई की गयी। जिसमें ईओ ने पालिका के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन की समस्या को सुनकर संबंधित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 01 पटिया लगाने व 01 नाली मरम्मत कराने, 02 सफाई से संबंधित तथा 03 जलकल के संबंध में रहीं। जिसमें से 02 शिकायतों का निराकरण करते हुए राहत प्रदान की गयी तथा शेष 05 शिकायतों को ससमय निस्तारण हेतु अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि प्राप्त हुई सभी शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंतर्गत कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान कर अधीक्षक संतोष कुमार, अवर अभियंता निर्माण मनोज कुमार सोनकर, जलकल जेई पंकज कुमार वर्मा, सफाई व खाद्य निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, राजस्व प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**नगरा।** क्षेत्र के मलप हरसेनपुर स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर के तृतीय स्थापना दिवस पर सोमवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। अंत में श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्रीराम जानकी मन्दिर के तृतीय स्थापना दिवस पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में पीत वस्त्र धारण किए हुए 251 महिलाएं एवं युवतियां सिर पर कलश लेकर चल रहीं थीं। श्रीराम जानकी, शिव पार्वती की आकर्षक झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा में गाजे-बाजे, घोड़े एवं रथ के साथ सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में ध्वजा पताका लिए मौजूद थे। श्रद्धालुओं के जय श्रीराम, हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। शोभायात्रा मन्दिर परिसर से आरम्भ होकर पूरे ग्राम पंचायत का भ्रमण कर शिवजी मन्दिर के पास स्थित पवित्र सरोवर पर पहुंची, जहां से कलश में जल भरकर मलप चट्टी होते हुए मन्दिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हो गई।

# कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की नियमित करें समीक्षा : सीडीओ



**मऊ।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष 256 प्रतिषत, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 122 प्रतिषत एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण मार्जिन मनी योजना के लक्ष्य के सापेक्ष 166 प्रतिषत की प्राप्ति हो चुकी है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 525 लाभार्थियों का भी चयन हो चुका है। शीघ्र ही उनका प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा के नाला एवं पानी निकासी के संबंध में चर्चा के दौरान अधिशासी अधिकारी नपा परिषद ने बताया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें शासन से संस्तुति मिल गई है। शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। सहादतपुरा में ही विद्युत तार के सैग ढीला होने एवं ताजोपुर में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या के चर्चा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को कार्यदाई संस्थाओं को तत्काल कार्य प्रारंभ कर समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की नियमित समीक्षा करने को भी कहा। यदि संस्था द्वारा कार्य में लापरवाही की जाती है तो संस्था को बदलकर किसी अन्य संस्था से कार्य कराने के भी निर्देश दिए। ट्रिपिंग की समस्या के समाधान हेतु उन्होंने एक निर्धारित समय के अंदर ही बिजली संबंधी समस्याओं को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछली बैठकों में उद्योग बंधु के सदस्यों द्वारा उठाए गए समस्याओं का निस्तारण अगली बैठक से पूर्व ही कर लेने को कहा, जिससे उद्यमियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन, सहायक उपायुक्त सगीर अहमद, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार, उमाशंकर ओमर, संजय सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व उद्योग बंधु के सदस्य उपस्थित रहे।

## गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए डीएम ने चार लोगों को किया जिला बदर

**मऊ।** सोमवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए। जिला बदर किए गए अपराधियों में शिव शंकर यादव पुत्र बब्बन यादव सा. मखना थाना हलधरपुर जनपद मऊ, यशवंत पुत्र अनिरुद्ध चैहान निवासी भैरोपुर थाना घोसी जनपद मऊ, रवि उर्फ रविदास पुत्र प्रेमचंद राम सा. कहिनौर थाना सराय लखंसी जनपद मऊ एवं आशापाल सिंह उर्फ यशपाल सिंह उर्फ खरचू पुत्र रामजी सिंह निवासी खालिसपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए। इन सभी अपराधियों पर अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में प्रवेश न करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

## चोरी के सामानों के साथ रेलवे स्टेशन से अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** एसपी रेलवे अनुभाग गोरखपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी अनुभाग गोरखपुर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दीपक कुमार चैधरी के नेतृत्व में थाना जीआरपी मऊ की पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त गोविन्द यादव पुत्र रामानन्द उम्र 28 वर्ष निवासी अकबालपुर तेरा थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ को चोरी एक अदद चैन, एक जोड़ी कान की झाली दो अदद नाक की कील, व नगद 128000 रुपये के साथ रेलवे स्टेशन मऊ जं. के प्लेटफार्म नं. 2/3 के दक्षिणी छोर की तरफ स्थित पेड़ के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। जिसे वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के सामान/जेवरों की चोरी करता रहता हूं, जिसे बाद में अन्जान यात्रियों को बेच देता हूं। सोमवार को मै चोरी के जेवरों को आने-जाने वाले यात्रियों को बेचने के उद्देश्य से मऊ रेलवे स्टेशन पर आया था कि पुलिस वालों ने पकड़ लिया। गिरफ्तारीकर्ता टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार, धनन्जय, प्रदीप, किशन तथा करन अभिषेक थाना जीआरपी मऊ शामिल रहे।

# होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**मऊ।** बरनवाल सेवा समिति, बरनवाल महिला समिति, बरनवाल युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भुजौटी स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस दौरान सामुहिक डान्स, खेल, अबीर गुलाल, सब्जियों की होली एवं बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम के साथ अत्यन्त उत्साह एवं मनोरंजन के वातावरण में एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दिया गया।

होली महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गोपाल कृष्ण बरनवाल ने कहा कि कार्यक्रम की भव्यता एवं शलीनता से महोत्सव में आये सभी बरनवाल बन्धु अभिभूत हुएं। आने वाले दिनों में समिति का प्रयास होगा कि होली महोत्सव जनपद स्तर पर आयोजित किये जाय। होली महोत्सव कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सोनू बरनवाल, अभिषेक बरनवाल, एकता बरनवाल, पुष्पा बरनवाल, आरती बरनवाल, कंचन बरनवाल, सुमन बरनवाल, सालु बरनवाल, मधुलिका बरनवाल, सौरभ बरनवाल फ्रुटी, अंकित, रविप्रकाश, अनुरागरत्न बरनवाल मगन, दिनेश बरनवाल, किशुन बरनवाल, महेश बरनवाल, सर्वदानन्द बरनवाल, गोपाल कृष्ण बरनवाल सहित सैकड़ों स्वजातीय बन्धु, बच्चें व महिलाएं उपस्थित रहे।

## सॉई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में छात्र-छात्राओं ने खेली गुलाल व फूलों की होली



**मऊ।** साई कालेज आफॅ फामेर्सी सिकटीया में सोमवार को गुलाल व फूलों की होली खेली गई। इस समारोह में साई कालेज आफॅ फामेर्सी के प्रबन्धक अखिलेष राय ने सभी छात्रओ के साथ होली खेली व बताया कि होली समता, समभाव और भाईचारे का पर्व है। इस दिन घर में पुए-पकवान आदि व्यंजन बनाये जाते हैं। खाने-खिलाने के पर्व में पोषण भी मुख्य ध्येय है। उन्होंने शिक्षक व शिक्षाकर्मियों से होली के संदेश को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। वही टूटी धर्म व मजहब की दिवार सभी ने गले लग कर एक दूसरे को दी होली की बधाई खेली गुलाल व फूलों की होली इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य ब्रिजेष दुबे, सतेन्द्र यादव, अविनाष, साधना, अष्वनी सिंह, फातिमा फिरदौस, शिवम सुषील, निदा फातिमा, अजय सिंह, सुनिल राव, विनित श्रीवास्तव व विवेक, अमित, रिया सिंह, अंजली, गणेष कुमार भी उपस्थित थे।

# शहर में जाम की किचकिच के बीच होली की खरीदारी

## खाद्य वस्तुओं से लेकर कपड़े, रंग, पिचकारी की दुकानों से शहर के बाजार रहे गुलजार


मिश्रबाजार में रंग-गुलाल की खरीदारी करती महिला।


विशेश्वरगंज स्थित कपड़ा की दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक।


रौजा स्थित खोवामंडी में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़।

**गाजीपुर।** शहर में सोमवार को भीड़ दिखी। यह भीड़ थी उन खरीदारों की, जो होली पर खरीदारी करने निकले थे। बाजार में शोर था। मुख्य सड़कें जाम थीं। चटख धूप में जाम में फंसे लोगों का पसीना छूट रहा था।

उत्सव का उत्साह ऐसा था कि शोर-शराबे और जाम की किचकिच के बीच भी लोग जमकर खरीदारी करते दिखे। होली के मद्देनजर शहर में भीड़ बढ़ गई है। लोग होली में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की खरीदारी के लिए आने लगे हैं। खाद्य से लेकर कपड़े व अन्य वस्तुओं की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों के पहुंचने की वजह से सड़कों और बाजारों में काफी चहल-पहल रही।

इसका असर सड़कों पर भी दिखा। सड़कों पर रह- रहकर जाम लगा। जाम से राहत दिलाने के लिए अन्य दिनों की अपेक्षा पुलिस के जवान कम संख्या में दिखे।

आठ मार्च को होली है। इसलिए इस पर्व में उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुओं की खरीदारी के लिए बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। यही स्थिति बाजार में भी रही। बाजार में देर शाम तक चहल-पहल रही।

### अबीर वाली पिचकारी रही आकर्षण का केंद्र

इस बार की होली में अबीर वाली पिचकारी भी बाजार में है। उसमें अबीर भरकर एक-दूसरे पर छोड़ा जा सकेगा। यह पिचकारी बच्चों को खूब भा रही। इसकी कीमत 100 से लेकर 200 रुपये तक है। बंदूक वाली पिचकारी भी आई है, जो 200 से लेकर 300 रुपये तक बिक रही है।

# एसडीएम की निगरानी में दुकानों पर छापेमारी

**दुकानों के गिरे शटर**

## होली पर्व को लेकर अधिकारियों की टीम ने चलाया अभियान



**सेवराई।** होली त्योहार के मद्देनजर खाद्य सामग्री की दुकानों पर होने वाली मिलावट को देखते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर एसडीएम सेवराई एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा सेवराई तहसील के भदौरा व रेवतीपुर के दुकानों पर सोमवार को छापेमारी की गई। छापेमारी की जानकारी मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया । बाजार के दुकानों का धड़ाधड़ शटर गिरने लगे। एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद के नेतृत्व में जनपद खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोपाल चंद,अवधेश कुमार व राजीव सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम के साथ ही क्षेत्राधिकारी जमानिया विधिभूषण मौर्य भारी पुलिस बल के साथ मिठाई एवं खाद्य सामग्री की दुकानों पर छापा मार जांच पड़ताल की गई। इस कार्रवाई में रेवतीपुर में दो मिठाई की दुकानों से पनीर, दूध, लड्डू, रस मलाई आदि खाद्य उत्पादों के नमूने लेकर सील किया गया। वही भदौरा स्थित लक्ष्मण प्रसाद किराना की दुकान से सरसो के तेल का नमूना लिया गया। एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के टीम द्वारा छापेमारी की खबर मिलते ही होली के त्योहार में भारी भीड़ के बावजूद बाजार की दुकानों का शटर धड़ाधड़ गिरना शुरू हो गया ।जिससे ग्राहकों को भी खरीदारी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि रेवतीपुर में दो मिठाई की दुकानो के साथ ही भदौरा में एक खाद्य सामग्री के दुकानों के समान का नमूना लिया गया है । सभी नमूने जांच के लिए लखनऊ भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षामित्र हत्याकांड में शामिल दो महिलाएं की गई गिरफ्तार

## करणपुरा में लाठी-डंडे से पीटकर महिला की हुई थी हत्या

जनसंदेश न्यूज


मुहम्मदाबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महिलाएं।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम करणपुरा में विगत दिनों एक शिक्षामित्र संगीता देवी की लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी गई थी। इस संदर्भ में नवागत कोतवाली प्रभारी घनानंद त्रिपाठी एवं एसएसआई राजीव त्रिपाठी ने दो महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम करणपुरा में प्राथमिक विद्यालय पडईनियां की शिक्षामित्र संगीता देवी की जमीनी विवाद को लेकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दो महिला अभियुक्ता प्रेम कला पुत्री स्वर्गीय नारायण राम (22) तथा प्रियंका उर्फ काजल पत्नी जनार्दन (25) को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी तथा एसएसआई गश्त पर थे कि अचानक मुखबिर ने सूचना दी कि करणपुरा में हुए हत्याकांड से संबंधित दो युवतियां यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर कहीं भागने की फिराक में है। मुखबिर को साथ लेकर पुलिस बल रेलवे स्टेशन पहुंचा। जब अभियुक्ता ने पुलिस को देखा तो भागना शुरू किया। महिला आरक्षी ने दौड़ा कर उन्हें पकड़ा। पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी, अभिषेक प्रकाश यादव,विवेक यादव, अर्चना त्रिवेद्वी ,कारण त्रिवेद्वी उपस्थित थे।

### 25 हजार का ईनामिया गिरफ्तार

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के शेरपुर खुर्द निवासी विश्वनाथ राय पुत्र स्व सर्वदेव राय को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 25 हजार के इनामी अपराधि को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर समय लगभग 11:00 बजे विश्वनाथ राय पुत्र सर्वदेव राय निवासी शेरपुर खुर्द को उनके डेरे पर से गिरफ्तार कर लिया गया। विश्वनाथ राय को पुलिस को लंबे समय से तलाश थी उनके ऊपर विभिन्न थानों विभिन्न धाराएं दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय, चंद्रभान बिंद, राजू कुमार, देवेंद्र कुमार, एकता, नंदनी यादव ,अंजनी राय शामिल रहे।

## संक्षेप

### तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**सादात।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार की भोर में थाना क्षेत्र के कनेरी रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित पुलिया के पास से गश्त के दौरान एक बाइक सवार बदमाश को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार अपने हमराही हेड कांस्टेबल रामराज तिवारी, कांसटेबल मोतीलाल और संदीप यादव के साथ भोर में गश्त कर रहे थे। इस बीच सामने से सैदपुर की तरफ से एक बुलेट मोटर साइकिल आते देखकर रुकने का इशारा किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय यादव उर्फ घन्टू पुत्र विजय यादव निवासी खिजिरपुर थाना करण्डा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### दानापुर-सिकंदराबाद के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन



**गहमर/बारा।** रंगों के पर्व होली पर विभाग ने ट्रेनों में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए एक स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। ट्रेन पर दानापुर - पीडीडीयू रेल खंड के बक्सर से यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें आरा-बक्सर, पीडीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते सिंकदराबाद और दानापुर के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रेन नंबर 07219 सिकंदराबाद - दानापुर होली स्पेशल 05 मार्च, 2023 रविवार को सिंकदराबाद से 10 बजे खुलकर सोमवार को प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर होते हुए 20:30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 07220 दानापुर - सिकंदराबाद होली स्पेशल 09 मार्च, 2023 बृहस्पतिवार को दानापुर से 20:50 बजे खुलकर आरा-बक्सर में ठहराव के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए शनिवार को 04:40 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। विशेष ट्रेन का ठहराव गाजीपुर जिले के गहमर व दिलदारनगर सहित किसी भी स्टेशन पर नहीं होने से यात्रियों को ट्रेन से यात्रा करने के लिए बक्सर या पीडीडीयू जंक्शन की परिक्रमा करनी पड़ेगी।

### आज मनाई जाएगी शब-ए-बरात, पूरी रात होगी इबादत

**बारा।** इबादत व मगफिरत की रात शब-ए- बरात मंगलवार को मनाई जाएगी। मुस्लिम धर्मावलंबी पूरी रात इबादत में मशगूल रहेंगे और दूसरे दिन अर्थात बुधवार को रोजा रखेंगे। इबादत और मगफिरत का त्योहार शब - ए - बरात का उत्साह काफी देखा जा रहा है। पुरुष, महिला, बच्चे और बुजुर्ग हर कोई अपनी इबादत के जरिए अल्लाह को मनाने में आज रात जुटेंगे। कब्रिस्तान, मस्जिद और मजारों को सजाने और संवारने का काम पूरा हो चुका है। हर जगह रोशनी का इंतजाम किया गया है। दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा गौसिया बारा के प्रिंसिपल मौलाना कलीमुद्दीन शम्सी सहित कई उलेमाओं ने मुस्लिम नौजवान और बच्चों को पटाखेबाजी और सड़कों पर देर रात तक हुल्लड़बाजी से दूर रहने की सलाह दी है। मौलाना ने कहा कि शब-ए-बरात में लोग नमाज - ए - नवाफिल के साथ तिलावत-ए- कुरआन में मशगूल रहें। अपनी इबादत से अल्लाह को राजी करें। अल्लाह से पूरी रात अपनी और अपने पूर्वजों के गुनाहों की माफी की फरियाद करें। पटाखेबाजी व सड़कों पर हुल्लड़बाजी शरीयत के खिलाफ है।

### प्रधान रामदुलार के निधन से क्षेत्र में शोक

**भांवरकोल।** पलिया बुजुर्ग गांव के प्रधान रामदुलार यादव की रविवार की रात्रि में निधन हो गया। जिससे परिजनों सहित शुभचिंतकों में दुख की लहर दौड़ गई। लगातार तीसरे बार स्थानीय ग्राम पंचायत का प्रधान रामदुलार यादव बीती रात जगहतपुर निवासी अपने भांजे की बारात से आकर कोई एक-डेढ बजे अपने घर आकर सो गये। सुबह के समय आठ बजे घर से निकाल कर द्वार पर परिवार के सदस्य गया तो देखा कि अभी सोये हुएं हैं तो वह जगाने के लिए उनके पास गया तो देखा कि मृत पड़े हुए हैं। रामदुलार यादव हार्ट के मरीज थे और चार पांच सालों से दवा का सेवन करते आ रहे थे।

### शाम को गोरखपुर के लिए नहीं मिलती बस

**गाजीपुर।** शाम ढलते ही मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर के लिए बसों का टोटा पड़ जा रहा है। इतना ही नहीं परिवहन मंत्री के गृह जनपद बलिया के लिए भी परिवहन की सुविधा इस समय ठप है। वहीं जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों के लिए छह बजे के बाद बस की सुविधा नहीं हैं। जबकि जिन मार्गों पर रोडवेज घाटा दिखाकर बसों का संचालन नहीं करता है उन जगहों पर डग्गामार वाहनों की चांदी है। शाम छह बजे के बाद गोरखपुर जाने वाले लोगों के लिए मुसीबत खड़ी हो जा रही है। रात में अगर किसी को गोरखपुर तक का सफर तय करना हो तो केवल ट्रेन वह भी औड़िहार होकर या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। शाम पांच बजे के बाद से ही बसों का संचालन ठप हो जाता है। केवल वाराणसी और भरौली के लिए करीब सात बजे तक बस सेवा उपलब्ध रहती है। यहीं हाल आजमगढ़ के लिए भी है।










## कभी-कभार

# अनिश्चित न्याय

**अशोक वाजपेयी**

तीन वर्ष पहले उत्तर-पूर्व दिल्ली में हुई हिंसा को लेकर भूतपूर्व सिविल सेवकों, राजनयिकों, पुलिस अधिकारियों के 'संवैधानिक आचरण समूह' ने कुछ भूतपूर्व न्यायाधीशों और सिविल सेवकों की एक नागरिक समिति बनाकर उनसे इस हिंसा की पड़ताल करने और एक तथ्यपरक रिपोर्ट देने का आग्रह किया। यह रिपोर्ट पिछले पिछले अक्टूबर में सार्वजनिक कर दी गयी। उसका शीर्षक है 'अनिश्चित न्याय'। समिति में शामिल सदस्यों में एक सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के एक मुख्य न्यायाधीश, दिल्ली और पटना उच्च न्यायालयों के भूतपूर्व दो न्यायाधीश और केन्द्र सरकार के एक भूतपूर्व गृह सचिव थे। इस रिपोर्ट पर समूह द्वारा तीन घण्टे का एक लम्बा विचार-विमर्श सत्र इस हिंसा के तीन वर्ष होने पर आयोजित हुआ।
हमारा समय ऐसा है कि हम अनेक अनिश्चयों से घिरे हैं जिनमें से कुछ तो मनुष्य की नश्वरता आदि को लेकर शाश्वत हैं। पर ऐसे बहुत से हैं जो इस समय राजनीति, सत्ता, धर्म, मीडिया आदि ने या तो उपजाये हैं या गहरे-उत्कट किये हैं। इनमें दुर्भाग्य से मानवीय अधिकारों, मानवीय गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्याय से संबंधित अनिश्चय हैं। दिल्ली हिंसा के तीन बरस बाद स्थिति यह है कि दिल्ली पुलिस के, अदालत में दाखिल एक शपथ पत्र में कहा गया है कि कुद 758 प्रथम सूचनापत्र रजिस्टर किये गये हैं, 367 मामलों में चार्जशीट अदालत में दाखिल की गयी हैं, 384 मामलों में जाँच तहकीकात चल रही है और सिर्फ 62 मामलों में अदालती कार्रवाई शुरू हो पायी है।

विचार सत्र में पाँच खण्डों में काफी एकाग्र चर्चा हुई जिसमें नागरिक समिति के सदस्यों के अलावा दो पत्रकार-संपादकों और दो वकीलों ने हिस्सा लिया। पहला खण्ड था जिसमें हिंसा का कैसे धीरे-धीरे माहौल बनता गया इस पर था। दूसरा साम्प्रदायिक हिंसा के विस्फोट और राज्य अधिकारणों द्वारा प्रतिक्रिया पर, तीसरा यूएपीए कानून का उपयोग और उसके अन्तर्गत न्यायसम्मत जाँच-परख होने की सम्भावना और चौथी जवाबदेही के उनुत्तरित प्रश्नों पर।

नागरिक रिपोर्ट में यह पाया गया है कि फरवरी 2020 में हुई हिंसा का मूल सीएए कानून को लेकर दिसम्बर 2019 में शुरू हुए प्रतिरोध को, जो पूरी तरह से शान्त और अहिंसक था, सत्तारूढ़ दल के राजनेताओं और मीडिया के एक हिस्से द्वारा राष्ट्र-विरोधी, देशद्रोही आदि करार देने में था। 'गोली मारो सालों को' जैसे नारे राजनेताओं ने खुलेआम फैलाये और टीवी चैनलों पर हुई बहसों के विश्लेषण से स्पष्ट नतीजा निकलता है कि उन्होंने सीएए को लेकर जो घटनाएँ हो रही थीं उन्हें हिन्दू बनाम मुसलमान के दुष्ट द्वैत में फँसाया और मुस्लिम सम्प्रदाय के विरुद्ध बिलकुल अपरीक्षित और निराधार पूर्वग्रह पोसे। घृणा और झूठ का बड़ा किस्सा गढ़ा गया और नतीजन समाज का एक बड़ा हिस्सा मुस्लिम सम्प्रदाय के विरुद्ध फैलायी जा रही अफवाहों आदि का यकीन करने लगा।

समिति ने यह भी पाया है कि पिछले महीनों में जानबूझकर बनाये गये हिन्दू-मुस्लिम द्वैत और घृणा फैलाऊ भाषणों आदि ने साम्प्रदायिक हिंसा को जन्म दिया। यह भी नोट किया गया है कि सीएए विरोधी धरने जहाँ-जहाँ थे, जैसे कि चाँद बाग, कर्दमपुरी, जाफराबाद, मुस्तफाबाद और खजूरी खास, वहाँ जाहिर है कि हिंसा के दौरान सीएए-विरोधी वृत्ति पर लगाम लगाने की कोशिश भी की गयी।

समिति इस नतीजे पर भी पहुँची है कि दिल्ली पुलिस ने राजनेताओं द्वारा दिये गये घृणा फैलाऊ भाषणों के विरुद्ध 23 फरवरी के पहले या उस दिन भी कोई रोधक कार्रवाई नहीं की। बल्कि समिति को ऐसा साक्ष्य मिला है कि जिससे पता चलता है कि मुस्लिमों के खिलाफ भीड़ के हमलों और हिंसा में पुलिस की कुछ हिस्सेदारी भी थी। इस मामले की अदालत द्वारा संयमित स्वतन्त्र जाँच होना चाहिये।

समिति ने यह मत व्यक्त किया है कि 24 और 25 फरवरी को बार-बार दुहराया गया कि स्थिति नियन्त्रण में है जबकि तब भी हो रही हिंसा साफ नजर आ रही थी। पुलिस बल की संख्या भी नहीं बढ़ायी गयी जबकि खतरे को लेकर सबसे अधिक शिकायतें फोन पर तभी गयी थीं। समिति ने यह भी कहा है कि स्वयं दिल्ली सरकार द्वारा इस दौरान सम्प्रदायों के बीच संवाद स्थापित करने और स्थिति को शान्त करने के लिए कोई कोशिश नहीं की गयी।

समिति ने यह भी पाया है कि यूएपीए के अन्तर्गत आतंकवादी कार्रवाई करने या देश की एकता, अखण्डता, सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा या भारत की सम्प्रभुता के विरुद्ध कोई सामग्री रिकार्ड पर नहीं है और इसलिए कोई कार्रवाई शायद ही वैध हो सके। समिति ने यह नोट किया है कि जिन व्यक्तियों ने घृणा भरे भाषण दिये और हिंसा के लिए लोगों को उकसाया उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यूएपीए के अन्तर्गत कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया को ही दण्ड बना देगी।

समिति ने एक बहुलतापरक समाज, उसमें सम्प्रदायों के बीच सद्भाव और संवाद, समझ और सामंजस्य जरूरी माना है और कहा है कि इस साम्प्रदायिक दुर्घटना ने एक बहुसांस्कृतिक समाज में शान्ति और सद्भाव और बहुलता को शक्ति बनाने के प्रयास को खतरे में डाला है। हिंसा की और घृणा की खाई ने खोले और घृणा के स्थापत्य को स्थापित करने का काम किया है। सम्प्रदाय मरहम लगाने और सद्भाव स्थापित करने की अपनी क्षमता में कमजोर हो गये हैं। आगे की राह यही हो सकती है कि समता-स्वतंत्रता और भाई चारे के संयुक्त व्यवहार में बद्धमूल राज्य न्याय के लिए प्रयत्नशील हो।

**विलम्बित स्वीकृति**

यों तो विनोद कुमार शुक्ल को अपने साहित्य के लिए किसी व्यापक स्वीकृति की दरकार नहीं है। वे दशकों से, लगभग चुपचाप, अपने लिखने में व्यस्त रहे हैं और तरह-तरह के पुरस्कार और मान्यताएँ उन्हें, लगभग अनायास, मिलती रही हैं। हमारे बड़े लेखकों में उन जैसा अजातशत्रु कोई और नहीं है वे साहित्य की तथाकथित मुख्यधारा से अलग-थलग रहे हैं और गोष्ठियों-समारोहों आदि में भी बहुत कम और वह भी संकोच से जाते रहे हैं।

फिर भी, अमेरिकन पीइएन का 'लाइफटाइम अचीवमैण्ट एवार्ड' उन्हें मिलना बेहद हर्षवर्द्धक घटना है। राजनाँदगाँव और रायपुर में लगभग जिद कर महदूद लेखक संसारभर में समादृत अमरीकी पुरस्कार पा जाये यह गौर करने की बात है। यह पुरस्कार देते हुए चयन-समिति ने जो वक्तव्य दिया है उसमें कहा गया है कि '... शुक्ल ने ऐसा साहित्य रचा है जो हम जैसे आधुनिक को समझते हैं उसे बदला है।' यह निश्चय ही एक बड़ी उपलब्धि है और इसलिए बहुत प्रासंगिक हो जाती है कि इससे पहले कभी किसी भारतीय लेखक को आधुनिक की समझ को बदलनेवाला नहीं कहा गया। हम सभी जानते हैं कि विनोद जी की आधुनिकता रोजमर्रा के निम्नमध्यवर्गीय जीवन में रसी-बसी रही है। उनके यहाँ जो स्थानीयता आकार पाती है वह मानवीय उपस्थिति, मानवीय विडम्बना और मानवीय ऊष्मा की एक पृथ्वी को चरितार्थ, उत्कट और सघन करती है। इसमें सन्देह नहीं कि विनोद जी की स्थानीयता और कॉस्मिक वितान में कोई फाँक नहीं है : वे दोनों को साधते हैं। उनका साहित्य अन्ततः यह प्रतिपादित करता जान पड़ता है कि मानवीय जिजीविषा और मानवीय उद्यम उपराजेय है। भले देर से, उनके साहित्य के महत्व को पश्चिम में पहचाना-सराहा जा रहा है यह अच्छी बात है। साहित्य का जो घर उन्होंने बनाया है वह रोशनी में दिप रहा है और हम, एक बार फिर, उस रोशनी में नहा रहे हैं।

इस अवसर पर यह याद करना अप्रासंगिक नहीं है कि विनोद जी का पहला कविता संग्रह 'लगभग जयहिन्द' 'पहचान' सीरीज में प्रकाशित हुआ था। 'नौकर की कमीज' उपन्यास लिखने के लिए उन्हें मध्यप्रदेश शासन की पहली मुक्तिबोध फेलोशिप मिली थी और उन्हें रजा द्वारा स्थापित युवा कविता के लिए पहला पुरस्कार 'रजा पुरस्कार' मिला था।

**(लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

# महादेवी: प्रेम और समर्पण की महीयसी

## स्मरण

**भारतेंदु मिश्र**

रंग पर्व होली के दिन 19 07 में जन्मी महादेवी वर्मा जी का व्यक्तिगत जीवन भले ही बेरंग रहा हो , उनका साहित्य संवेदना के विविध रंगों से निश्चित ही भरा पुरा है । महीयसी महादेवी जी से भेंट करने का मेरा अनुभव बहुत आह्लादकारी था। सन 1986 की बात है ,तब तक दिल्ली न आया था। प्रवक्ता पद हेतु साक्षात्कार के सिलसिले में इलाहाबाद जाने का अवसर बना था। इसी यात्रा में पहली बार मेंहदौरी स्थित भाई यश मालवीय के घर भी जाने का सुयोग बना। मैंने यश से कहा कि मैं महादेवी जी के दर्शन करना चाहता हूँ तो उन्होंने मेरा मार्ग दर्शन किया। मेरे मन में 'अभिनव शतक' शीर्षक अपनी एक लम्बी कविता उन्हें दिखाने और उसपर उनका आशीर्वाद गृहण करने की नौसिखियों वाली ललक भी थी परन्तु यह सब तो मेरी कल्पना में ही था। किसी से कहा भी न था । वो जैसे कालिदास कहते हैं- मंदः कवि यशः प्रार्थी ...तो मैं भी युवकोचित उत्साह में भरा था। बस पहुँच गया महादेवी जी के आवास पर। वह 14-3-1986 तारीख थी। मैंने द्वार खटकाया तो उनकी एक परिचारिका बाहर आयी उससे मैंने महादेवी जी से मिलने की अपनी मनाकांक्षा बता दी। उसने पूछा- दीदी से किस लिए मिलना चाहते हैं ? उनकी तबीयत ठीक नहीं है। मैंने कहा ' देखिये मैं लखनऊ से आया हूँ यहाँ मेरे रहने की व्यवस्था नही है तो उनसे बात हो जाए फिर मैं वापस चला जाऊंगा । मैं अपनी पुस्तक पर भूमिका लिखवाना चाहता हूँ ।' वह भीतर गयी फिर तनिक देर बाद बाहर आयी और उसने बताया कि आज दीदी जी को ज्वर है। उन्होंने कहा है - 'आप अपनी पांडुलिपि छोड़ जाइए और कल सुबह 11 बजे पधारें। अभी मुलाकात संभव नही है।' मैंने अभिनव गुप्त पर लिखी उस लम्बी कविता की टाइप की हुई प्रति उसे सौंप दी। इसके बाद अनमना सा उनके द्वार से वापस आ गया और शिवशंकर तिवारी नामक अपने एक सहपाठी मित्र के आवास पर जाकर रात बिताई ।

दूसरे दिन अनमने भाव से ही मैं प्रयाग स्थित महादेवी जी के आवास पर पुन : ठीक ग्यारह बजे पहुंचा। परिचारिका ने बताया कि वे आज भी अस्वस्थ हैं। उसकी बात सुनकर मन खिन्न हो गया। मैं वापस लौटने को ही था कि परिचारिका ने महादेवी जी से बात करके मुझे सूचित किया और कहा- 'आप आइये बैठक में बैठिये, दीदी जी आ रही हैं।' जैसे वसंत में सेमल की फली फूटते ही पेड़ से रुई के असंख्य फाहे हवा में तैरने लगते हैं कुछ उसी तरह मेरे मन में प्रसन्नता के न जाने कितने रंगबिरंगे गुब्बारे उड़ने लगे। परिचारिका के निदेर्शानुसार मैं उनकी बैठक में पड़े सोफे पर बैठ गया। उनके कक्ष में सांवलिया सेठ की ग्रेनाईट पत्थर की काली मूर्ति थी, जो कुछ कुछ बांके बिहारी की प्रतिमा से भी मिलती जुलती थी। मनमोहन की पालने में झूलती इस मूर्ति का अपना अलग ही आकर्षण था। मीरा भी इसी छवि की आराधिका थीं। कक्ष में अगरबत्ती की सुगंध भरी थी। लगता था कि अभी अभी किसी ने अपनी आराधना समाप्त की है। मैं सांवलिया सेठ की मूर्ति में खोया ही था कि तभी महादेवी जी कक्ष में उपस्थित हुईं। वो हरी मोटी किनारी वाली सफेद खादी की धोती पहने हुए थीं। उनकी वह छवि मुझे क्लांतमुखी श्वेतवसना सरस्वती सी लग रही थी। मैंने लपक कर उनके चरण स्पर्श किये और उनके बैठ जाने तक खड़ा रहा। वो बोलीं - 'बैठिये।' मैं बैठ गया फिर उन्होंने पूछा - आपकी शिक्षा ?' मैंने कहा - जी,संस्कृत में एम ए. किया है। फिर निवास, नौकरी इत्यादि के बारे में पूछा। बतकही में मैंने देखा उनके चेहरे पर हल्की सी स्मित रेखा खिंची और वो मेरी पांडुलिपि वापस लौटाती हुई बोलीं- 'अच्छा प्रयास किया है ,और अध्ययन करो यशस्वी बनो। मैने इसे पढ़ा है, अस्वस्थ होने के कारण अधिक लिख नहीं सकी और लिखो तुम्हारा पथ प्रशस्त है।' उनके मुख से ये प्रशंसा के शब्द सुनकर आत्म गौरव से मेरा मन सातवें आसमान पर उड़ने लगा था। उनके सानिध्य की छाया में देर तक बैठने का मन होते हुए भी उनकी अस्वस्थता को देखते हुए मैं उनसे विदा लेने ही वाला था कि इसीबीच उनकी सेविका मेरे आतिथ्य के लिए रसगुल्ले ले आयी। मैंने कहा - अब मुझे आज्ञा दीजिए,आप अस्वस्थ हैं और ऐसे में आपने मुझे समय दिया,आशीर्वाद दिया इसके लिए मैं सदैव आभारी रहूँगा।' वो रसगुल्लों की ओर इशारा करते हुए बोलीं- 'इसे ग्रहण करो।' मैंने कहा- 'इसकी आवश्यकता नहीं है ,मै नाश्ता करके आया हूँ।' फिर उन्होंने आदेशात्मक भाव से कहा- 'इसे ग्रहण ही करना होता है ,अन्यथा आतिथेय का अपमान होगा।' उनके आदेशानुसार मैंने सिटपिटा कर लखनौवा संकोच छोड़कर झट से एक रसगुल्ला उठाया और खा लिया।?इसके बाद उनकी अस्वस्थता को देखते हुए मैं चाहते हुए भी और देर तक नहीं बैठा। पुनः उनके चरण स्पर्श के लिए झुका तो उन्होंने मना किया बोलीं - 'एक दिन में एक ही बार प्रणाम किया जाता है।' इसके बाद उन्होंने हल्की मुस्कान सहित मुझे विदा किया। मैंने उनसे आज्ञा ली और बाद में उनके उस आशीर्वचन को 'अभिनवगुप्तपादाचार्य' शीर्षक पुस्तक प्रकाशित होने के समय पुरोवाक के रूप में उसे प्रकाशित कराया।

महादेवी जी की आवाज मोटी थी । तात्पर्य यह कि बिना देखे उनके भाषण को सुनकर यह नही लगता था कि कोई स्त्री बोल रही है परन्तु उनके वैदुष्य की अमित छवि हिन्दी जगत पर आज भी विराजमान है। उनकी कविताएँ अनन्य दार्शनिक रहस्य और यथार्थ की छाया में पगी हैं, प्रेम और समर्पण की तात्विक अभिव्यक्ति तो बेजोड़ है किन्तु उनका गद्य संस्मरण और रेखाचित्र में अत्यंत मार्मिक बन गया है। उनके गद्य में उनका अतिशय मानवीय पक्ष जैसा उभरता है। 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' जैसे उनके गीत को पढ़कर मुझे लगता था कि वह किसी विरहिणी नायिका जैसी दुख कातर स्त्री होंगी परन्तु उनके व्याख्यान सुनने के बाद, उनसे मिलने के बाद ,उन्हें देखने के बाद इस प्रकार की मेरे मन की धारणा भी निर्मूल हो गयी।

'प्रयाग महिला विद्यापीठ' के माध्यम से नारी शिक्षा की दिशा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता । यह महिला-शिक्षा के क्षेत्र में उनका क्रांतिकारी कदम था। इसकी वे प्रधानाचार्य एवं कुलपति भी रहीं। सन 1923 में उन्होंने 'चाँद 'पत्रिका का कार्यभार संभाला था। नीहार, रश्मि, नीरजा, तथा सांध्यगीत नामक उनके चार कविता संग्रह 1930 से 1936 के बीच प्रकाशित हुए। इसके बाद में इन चारों काव्य संग्रहों को उनकी ही कलाकृतियों के साथ वृहदाकार में 'यामा' शीर्षक से 1939 में प्रकाशित किया गया। कविताओं के अतिरिक्त उनकी अनेक गद्य कृतियां हैं जिनमें अतीत के चलचित्र,श्रृखला की कड़ियाँ ,पथ के साथी, स्मृति की रेखाएं और मेरा परिवार आदि प्रमुख हैं।1933 में वे सुभद्राकुमारी चौहान की अध्यक्षता में प्रयाग के ऐतिहासिक कवि सम्मेलन में शामिल हुई थीं`निराला जी जबतक इलाहाबाद में रहे उनको बहुत सहारा दिया, उन्हें राखी बांधती थीं ।महादेवी जी ने इलाहाबाद में साहित्यकार संसद की भी स्थापना की थी। वे महात्मा गांधी के स्वराज आन्दोलन में भी सक्रिय रहीं।होली के दिन उनका जन्मदिन होता था इसलिए निराला,बच्चन, पन्त, फिराक गोरखपुरी आदि होली के दिन उनके घर पर कविगोष्ठी में एकत्र होते थे । नैनीताल में मीरा मंदिर नामक एक बंगला बनवाया था। वे जब वहां जाती थीं तो गाँव की स्त्रियों से संवाद करती थीं। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए उन्होंने उस जमाने में बहुत काम किया।महादेवी जी उत्तर प्रदेश विधान परिषद की सदस्य भी रहीं किन्तु आपातकाल के दौरान वे इंदिरा जी से बहुत नाराज हुई थीं। जब यह खबर आई कि हिंदी के विद्वान और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. रघुवंश पर पुलिस ने मुकदमा बनाया कि वे खंभे पर चढ़कर बिजली के तार काट रहे थे। जबकि डॉ. रघुवंश जी तो दोनों हाथों से अशक्त थे। वे पैर के अंगूठे के सहारे लिखते थे।

इसपर महादेवी जी ने कहा था - 'सुना! रघुवंश पर भी केस लगा दिया गया। जो गिलास नहीं पकड़ सकते वे खंभे पर चढ़कर तार कैसे काट रहे थे, इसका उत्तर तो 'पुलिसिया महाप्रभु' ही दे सकते हैं। इस स्वतंत्र देश में विद्वानों, साहित्यकारों और शांतिप्रिय नागरिकों की यही गति है।' कहा जाता है इसके बाद उनका शरीर कांपने लगा था और आंसू निकलने लगे। फिर वो बोलीं, 'सत्तामोह और पुत्रमोह में यह सब हो रहा है। जवाहर भाई के समय में जनतंत्र की अंत्येष्टि इस प्रकार कभी न होती।' ऐसी अकुतोभय और बेबाक महीयसी महादेवी जी के दर्शन मात्र से मेरे मन के सृजन द्वार खुल गए थे। आज भी उनका पुण्य स्मरण हो आता है,इंदिरा जी से असहमत होते हुए भी बाद में उनके हाथों 'भारत भारती' सम्मान ग्रहण किया। वह सम्मान ग्रहण करती हुई छवि बाद में हिन्दी संस्थान ने कलेंडर बनाकर साहित्यकारों में वितरित की थी। अपने समय की वह दो महान महिलाओं वाली छवि साहित्य प्रेमियों को सदैव याद रहेगी। बाद में उन्हें ज्ञानपीठ और मरणोपरांत पद्मविभूषण से भी अलंकृत किया गया था।

**(संपर्कः सी45 /वाई-4,दिलशाद गार्डन ,दिल्ली - 110095 /फोन-98 68 03 13 84)**

### श्रृंखला की कड़ियां

**चन्द्रा सदायत**

सुनो! सीमेन दी बोउआ / मैं पत्नी नहीं किसी की / और मां भी नहीं /समाज में शून्य /स्त्री उपेक्षिता हूँ।
मेरी चिता पर चार फूल चढ़ा/ आहिस्ता आहिस्ता/ हथेलियों में मुंह छुपा/ रोएगी नहीं कभी कोई बेटी/ और न ही कोई पीढ़ी लिखेगी/मेरा इतिहास कभी
जर्जर मनुस्मृति के/ दीमक लगे पन्ने उड़ते हैं/ मेरी और उनकी दुनिया के बीच दूरी अभी लंबी है/ मेरी हर सांस उनकी मेहरबानियों में बंधी है
फिर भी साथ हो तुम तो/ श्रृंखला की ये मजबूत कड़ियां/ टूटेगी जरूर /ओ !महादेवी।

# सहज उल्लास का उत्सव होली

## उत्सव

**गिरीश्वर मिश्र**

प्रकृति के सौंदर्य और शक्ति के साथ अपने हृदय की अनुभूति को बाँटना बसंत ऋतु का तकाजा है। मनुष्य भी चूँकि उसी प्रकृति की एक विशिष्ट कृति है इस कारण वह इस उल्लास से अछूता नहीं रह पाता। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत की आहट मिलती है। परम्परा में वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है इसलिए उसके जन्म के साथ इच्छाओं और कामनाओं का संसार खिल उठता है। फागुन और चैत्त के महीने मिल कर वसंत ऋतु बनाते हैं। वसंत का वैभव पीली सरसों, नीले तीसी के फूल, आम में मंजरी के साथ, कोयल की कूक प्रकृति सुंदर चित्र की तरह सज उठती है। फागुन की बयार के साथ मन मचलने लगता है और उसका उत्कर्ष होली के उत्सव में प्रतिफलित होता है। होली का पर्व वस्तुतः जल, वायु, और वनस्पति से सजी संवरी नैसर्गिक प्रकृति के स्वभाव में उल्लास का आयोजन है।

वसंत में रितु परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने पर मजबूर करता है। वह परिवेश में कुछ ऐसा रसायन घोलता है जो बेचैन करने वाला होता है। वह किसी को भी वह नहीं रहने देता। जो भी जो वह होता है वह नहीं रह जाता। परिष्कार से वह कुछ और बन जाता है। वैसे भी मनुष्य होने का अर्थ ही होता है जुड़ना क्योंकि स्वयं में कोई अकेला व्यक्ति पूरा नहीं हो सकता। अधूरा व्यक्ति अन्य से जुड़ कर ही अपने होने का अहहास हो पाता है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है जो ऊर्जा के अवसर उपस्थित करती है।

रंगोत्सव या होली का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ आबालबृद्ध सबको अनूठे ढंग से जीवंत और स्पंदित कर उठता है। पूर्णिमा तिथि की रात को होलिका-दहन से जो शुरूआत होती है वह सुबह रंगों के एक अनोखे त्योहार का रूप ले लेती है जिसमें 'मैं' और 'तुम' का भेद मिटा कर नकली दायरों को तोड़ कर, झूठ-मूठ के ओढ़े लबादों को उतार कर सभी 'हम' बन जाते है। यह उत्सव आमंत्रण होता है उस क्षण का जब हम अहंकार का टूटना देखते हैं और उदार मन वाला हो कर, अपने को खो कर पूर्ण का अंश बनने के साक्षी बनते हैं। रंग, गुलाल और अबीर से एक दूसरे को सराबोर करते लोग अपनी अलग-अलग पहचान से मुक्त हो कर एक दूसरे छकाने और हास-परिहास का पात्र बनाने की छूट ले लेते हैं। छोटे-बड़े और ऊँच-नीच के घरौंदों से बाहर निकल कर लोग गाते बजाते टोलियों में निकल कर प्रसन्नता के साथ मिलते-जुलते हैं। होली के अवसर पर खुलापन और ऊष्मा के साथ लोग स्वयं का अतिक्रमण करते हैं। अहंकार छोड़ कर आत्म-विस्तार का यह उत्सव नीरसता के विरुद्ध हल्लाबोल चढ़ाई भी होता है। जीने के लिए जीवंतता के साथ सबको साथ लिए चलने के उत्साह के साथ होली कठिन होते जा रहे दौर में रस का संचार करती है।

वस्तुतः सुख की चाह और दुःख से दूरी बनाए रखना सभी जीवित प्राणियों का सहज स्वाभाविक व्यवहार है। इसलिए पशु मनुष्य सब में दिखता है । मोटे तौर पर सुख दुःख का यह सूत्र जीवन के सम्भव होने की शर्त की तरह काम करता है। पर इसके आगे की कहानी हम सब खुद रचते हैं। आहार, निद्रा, भय और मैथुन भी संस्कृति से प्रभावित होते हैं और बहुत सारी व्यवस्था धन, दौलत, पद, प्रतिष्ठा, आदर, सम्मान, प्रेम, दया, दान आदि के इर्द-गिर्द आयोजित होती है।

आज की दुनिया में हर कोई कुंठा और तनाव से जूझ रहा है। दबाव बढ़ता जा रहा है। सभी अपनी स्थिति से असंतुष्ट हैं, कुछ जितना है उसकी कमी से तो कुछ जो नहीं है उसे पाने की चिंता से। कुछ न कुछ ऐसा है कि सभी वर्तमान का रस नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण याद आते हैं और होली में नटखट, छैल-छबीले बनवारी श्रीकृष्ण बहुत याद आते हैं। श्रीकृष्ण को होली के नायक बना कर अनेक कवियों ने सरस कविताएँ रची हैं। कृष्ण और राधा की मधुर-लीला से होली सराबोर रहती है। गोकुल और बरसाने के क्षेत्र की होली की परम्परा कृष्ण की सुबास से अभी भी रंजित रहती है और अपार जनसमूह को आनंदित करती है।

भारतीय मानस श्री कृष्ण का एक चरित ऐसा गढ़ा है जो संक्रमण और युग-संधि की वेला में उपस्थित होता है और धर्म की स्थापना के वादे के अनुसार निरंतर साक्रिय रहता है। उनकी पूरी जीवन की कथा तमाम विलक्षणताओं और जटिलताओं के साथ नित्य नई नई उलझनों के बीच जीना सम्भव कर दिखाती है। यह निश्चय ही किसी सामान्य जीव के बस का नहीं है। और तो और उनकी पहचान भी स्थिर नहीं है। गीता का उपदेश उन्ही पर पूरी तरह से घटित होता है। वह सबका अतिक्रमण करते हैं और असम्पृक्त हो कर जीना सिखाते हैं। कुछ कहना तो सरल है पर उसे करना कठिन है। कृष्ण हैं कि वह सब कुछ कर के दिखाते हैं। जीवन की गतिशीलता क्या होती है और जीवन के कुरुक्षेत्र का संग्राम किस तरह लड़ा जाता है यह श्रीकृष्ण से ही सीखा जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण एक तरफ अगर वंशीधर हैं तो दूसरी ओर चक्रधर हैं। माखन चुराने वाले हैं तो दूसरी तरफ पूरी सृष्टि को खिलाने और आप्यायित करने वाले हैं। वो एक तरफ वनवारी हैं तो दूसरी तरफ गिरधारी। वे राधारमण हैं तो तो रुक्मिणी का हरण करने वाले भी हैं। वे शांतिदूत, क्रांतिदूत, और देवकी के पूत सभी तो हैं। कभी युद्ध का मैदान छोड़कर भागने का कृत्य, तो कभी नाग नथैया भी करते हैं। सहस्त्र फनों वाले नाग के मस्तक पर नृत्य करते हैं। जीवन को पूर्णता से जीने का नाम कृष्ण है। उन्होंने जीवन को समग्रता से स्वीकार किया और सभी सोलह कलाओं को जिया। श्रीकृष्ण ने परिस्थितियों से विराट न हो कर उन्हें स्वीकार किया और दो दो हाथ किए। ऐसे में होली का महोत्सव श्रीकृष्ण के स्मरण से ही पूरा होता है। गीता में श्रीकृष्ण स्वयं को ऋतुओं में वसंत ऋतु कहलाना पसंद करते हैं।

हमारी होली कैसी हो इसका वर्णन करते हुए मीरा बाई कहती हैं कि फागुन तो बहुत थोड़े दिनों का मेहमान होता है पर होता है सबको छकाने वाला। इस होली में शील और संतोष की केसर घोल कर प्रेम और प्रीति की पिचकारी होनी चाहिए :

फागुन के दिन चार होरी खेल मना रे ।
बिन करताल पखावज बाजे, अणहद की झनकार रे ।
बिन सुर राग छतीसू गावै, रोम-रोम रणकार रे ।।
सील संतोख की केसर घोली, प्रेम प्रीत पिचकार रे ।
उड़त गुलाल लाल भयो अंबर, बरसत रंग अपार रे ।।
घट के पट सब खोल दिए हैं, लोकलाज सब डार रे ।
'मीरा' के प्रभु गिरधर नागर, चरण कंवल बलिहार रे ।।

भारतीय मन सारी प्रकृति के साथ सहज निकटता का रिश्ता जोड़ कर जीने के लिए उत्सुक रहता है। समस्त सृष्टि परस्पर जुड़ी हुई है। उसके अवयव के रूप में मनुष्य, पशु-पक्षी लता गुल्म सहित सारा वनस्पति जगत फागुन में एक लय में जुड़ संगीतबद्ध हो उठता है। अलग और दूर करने की आँख मिचौली खेलते तकनीकी हस्तक्षेपों के बावजूद आज भी फागुन आते न आते दुर्निवार ढंग से प्रकृति का मधुर राग वायु-मंडल और आसपास की दुनिया में प्रकट ही होता है। वसंत के आने की मुनादी हो रही है। सचमुच वसंत की दस्तक होने के साथ ही नैसर्गिक उल्लास की अभिव्यक्ति कई-कई रूपों में आकार लेने लगती है। उद्यान में कोयल की कूक सुनाई पड़ने लगी है, आम में बौर (आम्र-मंजरी) भी दिखने लगते हैं, और रंग-विरंगे फूल भी महक उठते है। उनसे सुरभित हवा प्रीतिकर होने लगती है। प्रकृति खिलखिलाती हुई चपलता के साथ मुग्ध मन से रस, रंग और गंध का दिव्य उत्सव मनाती लगती है। प्रकृति की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी अपनी-अपनी गति से फूल, फल, और पत्तों आदि के साथ सज्जित हो कर सुशोभित होने लगते हैं।

सच कहें तो होली, फागुन और उमंग एक दूसरे के पर्यायवाची हो चुके हैं। वसंत नए के स्वागत के लिए उत्कंठा का परिचायक है और होली का उत्सव इसका साक्षात मूर्तिमान आकार है। रसिया, फाग और बिहू के गान गाए जाते हैं। रंग शुभ है और जीवन का द्योतक है इस समझ के साथ होली के आयोजनों में करुणा, उत्साह और आनंद के भावों पर जोर रहता है। होली के बहाने मतवाला वसंत रंग भरने, हंसने-हंसाने, चिढनेझचिढाने की हद में राम, शिव, और कृष्ण को भी सहजता से शामिल कर लेता है। अवध, काशी और वृंदावन में होली की अपनी खास विशेषताएं पर सबमें आनंद की अभिव्यक्ति उन्मुक्त होने में ही प्रतिफलित होती है। आज इस तरह का भाव कुछ कम हो रहा है व्यक्ति, समाज, प्रकृति और पर्यावरण के बीच समरसता को जैसे कोई बुरी नजर सी लग रही है। साथ चलने, परस्परपूरक होने और दूसरों का ख़्याल रखने की भावना कमजोर होती जा रही है। लोभ और हिंसा अनेक रूपों में हम सबको छल रही है। दायित्वबोध की जगह भ्रष्टाचार की काली छाया जीवन को कलुषित कर रही है। मनुष्य होने की चरितार्थता विवेकिशील होने में है और विवेक प्रकृति के साथ जीने में है। प्रकृति का संदेश समग्र जीवन की रक्षा और विकास में परिलक्षित होता है। बंधुत्व की भावना और स्वार्थ की जगह उदारता के साथ सबको जीने का अवसर दे कर ही हम सच्चे अर्थों में मनुष्य हो सकेंगे। होली का उत्सव अपने सीमित अस्तित्व का अतिक्रमण करने के लिए आवाहन है। वह लघु को विराट की ओर ले जाने की दिशा में प्रेरित करता है। तब लोक और लोकोत्तर के बीच के व्यवधार दूर होने लगते हैं और व्यष्टि चित्त समष्टि चित्त के साथ जुड़ने को तत्पर होता है। हम जीवन यात्रा में फिर नए हो जाते हैं। हमारे कदम उत्साह के साथ नई मंज़िल की ओर चल पड़ते हैं। चलना ही जीवन है; इसलिए चरैवेति ! चरैवेति!!

**(लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

### होली गीत

**अशोक रावत**

तेरी होली और न अब ये मेरी होली है/ जिसकी अंटी में पैसा है उसकी होली है.
माहिर हैं जो काले धधे, चोर बजारी में/ पीतल की चूड़ी सोने के भाव उधारी में.
राम कथा में आगे बैठे मिलते हैं उनके/ ऊँचे बंगले जयपुर हाउस में, खंदारी में.
डेक लगा कर ऊंचे स्वर में सुनते हैं गाने/ दारू पानी सी बहती है, उनकी होली है.
वैसे तो सब हाथ मिलाते आते जाते हैं/ लेकिन मन की बातें करने से कतराते हैं.
लाखों का बिजनिस है फिर भी टैक्स नहीं देते/लोग तिरंगा अपनी छत पर जो फहराते हैं.
शाम हुई जाती है लेकिन गेट नहीं खटका/ कुर्सी डाले बैठे हैं ये कैसी होली है.
पहले मिलते जुलते थे सब खाते पीते थे/बेचैनी भी रहती थी पर चैन से जीते थे.
मंहगी घड़ियाँ थीं न मोबाइल टीवी की दुनिया/और न बाटा के जूतों में महँगे फीते थे.
चुटकी भर माथे पर सूखा रंग लगा दो बस/क्या है इस होली में दो घंटे की होली है.
चार किलोमीटर मुश्किल से है भाई का घर/ आता जाता है लेकिन दस बार बुलाने पर.
एक जमाना बीत गया ताऊ जी को देखे/कितना दूर चलाएं एक पुराना स्कूटर.
कितनी बार पढ़ें बच्चों के होली के मेसेज/ हैप्पी होली, हैप्पी होली, हैप्पी होली है.
ढेरों गुजिया बनती थीं पहले हर होली पर/ रंग महकते और बहकते थे हर होली पर.
घी के मठरी, साँखे खट्टे मीठे दही बड़े/पहरों गाते और थिरकते थे हर होली पर.
अब ऐसा लगता है जैसे शायद अंतिम हो/ पहले लगता था हर होली पहली होली है.
फीकी चाय बना करती है बरसों से घर में/ दर्द बना ही रहता है जाने क्यों अब सर में.
नींद न जाने कब आती है कब उड़ जाती है,/बस ऐसे ही लेटे रहते हैं अब बिस्तर में.
पहले ब्लडप्रेशर की गोली और फिर हर्बल चाय/ गुजिया पर भी पाबंदी ये अच्छी होली है.
अरबों खाके बैठे हैं यूएसए लंदन में/ जाने कितने खोट भरे हैं इन सब मन में.
किस में दम है कोई हाथ लगा कर तो देखे/ क्या रक्खा है इस होली के टीके चन्दन में.
पूरा जीवन ठोकर खाते यूं ही बीत गया/ हम जैसों का क्या है इन जैसों की होली है.
चौराहे से हटके थोड़ा ठेल लगाते हैं/ जैसे तैसे रोज पुलिसवालों को मनाते है.
दो टाइम की रोटी उनको तब मिल पाती है/ सर्दी गर्मी में जब दिन भर खून जलाते हैं.
उनके दर्द कभी क्या कविता तक भी पहुंचेंगे/देसी के पाउच में जिनकी डूबी होली है.

### खून की होली जो खेली

**सूर्यकांत त्रिपाठी निराला**

युवकजनों की है जान / खून की होली जो खेली ।
पाया है लोगों में मान/ खून की होली जो खेली ।
रँग गये जैसे पलाश/ कुसुम किंशुक के, सुहाए,
कोकनद के पाए प्राण/ खून की होली जो खेली ।
निकले क्या कोंपल लाल/ फाग की आग लगी है,
फागुन की टेढ़ी तान/ खून की होली जो खेली ।
खुल गई गीतों की रात/ किरन उतरी है प्रात की ;-
हाथ कुसुम-वरदान/ खून की होली जो खेली ।
आई सुवेश बहार/ आम-लीची की मंजरी;
कटहल की अरघान/ खून की होली जो खेली ।
विकच हुए कचनार/ हार पड़े अमलतास के ;
पाटल-होठों मुसकान/ खून की होली जो खेली।

### जब खेली होली नंद ललन

**नजीर अकबराबादी**

जब खेली होली नंद ललन हँस हँस नंदगाँव बसैयन में
नर नारी को आनन्द हुए खुशवक्ती छोरी छैयन में/कुछ भीड़ हुई उन गलियों में कुछ लोग ठठ्ठ अटैयन में
खुशहाली झमकी चार तरफ कुछ घर-घर कुछ चौप्ययन में/ डफ बाजे, राग और रंग हुए, होली खेलन की झमकन में/ गुलशोर गुलाल और रंग पड़े हुई धूम कदम की छैयन में
जब ठहरी लपधप होरी की और चलने लगी पिचकारी भी/ कुछ सुर्खी रंग गुलालों की, कुछ केसर की जरकारी भी/ होरी खेलें हँस हँस मनमोहन और उनसे राधा प्यारी भी।
यह भीगी सर से पाँव तलक और भीगे किशन मुरारी भी/ डफ बाजे, राग और रंग हुए, होली खेलन की झमकन में/ गुलशोर गुलाल और रंग पड़े हुई धूम कदम की छैयन में।

### बाहों में भर लो

**हरिवंश राय बच्चन**

यह मिट्टी की चतुराई है/ रूप अलग और रंग अलग/भाव, विचार, तरंग अलग हैं/ढाल अलग है ढंग अलग,
आजादी है जिसको चाहो आज उसे वर लो/होली है तो आज अपरिचित से परिचय कर को!
निकट हुए तो बनो निकटतर/और निकटतम भी जाओ/ रूढ़ि-रीति के और नीति के/ शासन से मत घबराओ
आज नहीं बरजेगा कोई, मनचाही कर लो/ होली है तो आज मित्र को पलकों में धर लो!
प्रेम चिरंतन मूल जगत का/ वैर-घृणा भूलें क्षण की/भूल-चूक लेनी-देनी में/ सदा सफलता जीवन की
जो हो गया बिराना उसको फिर अपना कर लो/होली है तो आज शत्रु को बाहों में भर लो!
होली है तो आज अपरिचित से परिचय कर लो/होली है तो आज मित्र को पलकों में धर लो/भूल शूल से भरे वर्ष के वैर-विरोधों को होली है तो आज शत्रु को बाहों में भर लो

# शिक्षक व छात्रों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

जनसंदेश न्यूज

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अंजान शहीद में स्थित प्रतिमा गर्ल्स डिग्री कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

सोमवार को प्रतिमा गर्ल्स डिग्री कालेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया वही प्राचार्य अजय ने सभी शिक्षक और छात्राओं को प्रेम व सौहार्द पूर्ण तरीके से होली त्यौहार मनाने और आपस में बिना किसी भेदभाव के रंगो के त्योहार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की अपील की। होली मिलन समारोह के अंत में सभी छात्राओं ने आपस में एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर समारोह मनाया। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामना दी, होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष कुमार, रीता श्रीवास्तव, अर्पणा सैनी, संतोष कुमार सहित विद्यालय के सैकड़ों की संख्या में छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।



एक दूसरे को होली की शुभकामना देते शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्राएं।

# राहुल चिल्ड्रेन स्कूल में बच्चों ने खेली होली



राहुल चिल्ड्रेन एकेडमी में होली खेलते बच्चे।



मिशन कम्पाउण्ड में अस्पताल कर्मियों संग होली खेलते डा.अशोक सिंह।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** राहुल चिल्ड्रेन एकेडमी रैदोपुर में पढ़ाई के अंतिम दो घंटियों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाकर होली का लुफ्त उठाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीनू राय ने बच्चों अध्यापकों, अध्यापिकाओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भारत वर्ष के त्योहारों में होली का त्यौहार अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

देश और समाज में फैली हुई बुराई को मिटाने और अच्छाई को स्थापित करने के प्रतीक के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों सहित पूरे विद्यालय परिवार के अभिभावकों व सभी देशवासियों को भी होली की शुभकामनाएं दी।

इसी क्रम में मिशन हास्पीटल परिसर में डा.अशोक सिंह के नेतृत्व में अस्पताल कर्मियों ने होली खेली। डा.सिंह ने कहा कि होली सारे गिले शिकवे भुलाकर आपसी प्रेम सौहार्द से रहने का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि होली में केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करें।

हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें क्योंकि केमिकल युक्त रंगों से शरीर को हानि पहुंच सकती है। अंत में उन्होंने सभी अस्पताल कर्मियों सहित जनपद वासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

# पीड़ितों की सेवा ही ईश्वर की सेवा

**बोले सीएमओ**

## 170 छात्र-छात्राओं ने कैंडल जलाकर ली शपथ

जनसंदेश न्यूज



शपथ लेतीं नर्सिंग की छात्राएं ।

**आजमगढ।** वेदांता स्कूल आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में लैंप लाइटिंग और टेकिंग सेरिमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी व अन्य अतिथियों को वेदांता स्कूल आफ नर्सिंग कालेज के प्रबंधन ने स्वागत किया। इसके बाद वेदांता ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर शिशिर जयसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद कुल 170 छात्र छात्राओं द्वारा कैंडल जला कर शपथ ग्रहण किया जिसमें छात्राओं ने मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। मुख्य चिकित्साधिकारी आई एन तिवारी ने उनके कर्तव्य का बोध कराया। वही जी एनएम थर्ड ईयर की वेदांगी राय, रक्षिता, संध्या मौर्य प्रथम स्थान को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया । इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व फूलो की होली भी खेली गई। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा है। पीड़ित मानवता की सेवा, ईश्वर की सेवा है।

वही वेदांता ग्रुप के निदेशक विशाल जायसवाल ने बताया कि कैंपिंग व ओथ सेरेमनी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्रों को बधाई देते हुए उन्होने उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सिंग का पेशा मानवीय सेवा का सबसे बड़ा क्षेत्र है। नवजात बच्चे से लेकर वृद्ध - बुजुर्ग की सेवा का जो अवसर नर्सिंग के क्षेत्र में मिलता है वह कहीं नहीं मिलता है। इस अवसर पर एडिशनल सीएमओ वाईके राय और संजय कुमार, अरविंद जायसवाल, आलोक जयसवाल, विशाल जायसवाल, रित्विक जायसवाल, डॉक्टर मनीष त्रिपाठी, डॉ राजाराम यादव, पूनम शुक्ला, डॉक्टर नवनीत जायसवाल, रीना पांडे, प्रधानाध्यापक डॉक्टर विपिन यादव, ऋतु जायसवाल, अमृता जायसवाल, रिचा जायसवाल, रूबी यादव, मनोज यादव, लाल बहादुर त्यागी, डॉक्टर मनीष त्रिपाठी, राधेश्याम मौर्य, कमलेश मौर्य, चंद्रभान चैहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों को रंगों से बचाएं, हो सकता है स्किन रोगः डॉ.डीडी सिंह

जनसंदेश न्यूज

**किया आगाह**

## होली खेलने से पूर्व शरीर में लगायें सरसो का तेल

**आजमगढ़।** चाइल्ड केयर क्लिनिक सिधारी पर अनौपचारिक बातचीत में शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.डीडी सिंह ने बताया कि होली एक ऐसा त्योहार है, जो हर भेदभाव को मिटा देता है। रंगों से भरे इस त्योहार की सबसे बड़ी खूबी ही ढेर सारे रंग और गुलाल में बसी होती है। लेकिन होली के दौरान बरती गई थोड़ी सी भी लापरवाही आपको कई तरह की समस्याओं का शिकार बना सकती है। त्वचा से लेकर आंखों और बालों तक को होली के रंग नुकसान पहुंचा सकते हैं।

इसलिए जरूरी है कि रंगभरे इस त्योहार के पहले थोड़ी सतर्कता बरती जाए, ताकि सेहत से कोई लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि रंगों के बगैर होली का त्योहार असंभव है, लेकिन आजकल रंगों में होने वाले केमिकल के इस्तेमाल के चलते आपको कई तरह की स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। होली के मिलावटी एवं केमिकल युक्त रंगों से त्वचा पर एलर्जी होना आम है। इसके अलावा चकत्ते या जलन पैदा हो सकती है। अगर यह आंख में घुस गया तो इससे रेटिना को भी नुकसान पहुंच सकता है। होली के रंग में लेड ऑक्साइड भी मिलाया जाता है। इसकी वजह से किडनी को नुकसान और यहां तक किडनी फेलियर भी हो सकता है।

उन्होंने कहा कि जब बच्चे होली खेलने के लिए घर से बाहर जाएं तो उनके शरीर पर सरसों का तेल लगा देना चाहिए। वहीं सरसों का तेल चेहरे, हाथ, पैर और शरीर की खुली जगहों पर जरूर लगाएं। इससे उनकी त्वचा पर रंगों का बुरा असर नहीं पड़ता है। साथ ही बाद में रंग को छुड़ाने में आसानी भी रहती है।

# होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर गुलाल

## कठघोड़वा नृत्य ने मोहा सभी का मन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** भाजपा नगर इकाई की ओर से होली मिलन समारोह व सहभोज कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में अतलस पोखरा स्थित प्रतिभा निकेतन स्कूल परिसर में धूमधाम से किया गया। जिसमें जमकर अबीर गुलाल उड़ा और नामचीन कलाकारों द्वारा सभी को रंगोत्सव में सरोबार कर दिया गया। इसके अलावा कठघोड़वा नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य अखिलेश मिश्र गुड्डू ने कहा कि होली उत्सव भाईचारगी का पर्व है, सभी को आपसी वैमनस्यता भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर समाज को जोड़ने की तरफ बढ़ना चाहिए। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल ने समारोह और सहभोज कार्यक्रम आयोजित करके हजारों दिल जीतने का काम किया है, ऐसे लोगों को समाज की आवश्यकता है। आंगतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी होली का पर्व भाजपा परिवार के साथ मनाने की हमारी परम्परा रही है। उन्होंने सभी से होली पर्व को उत्साह और सावधानी पूर्वक मनाने की अपील करते हुए ऐसे आयोजन आगे भी आयोजित करने की बात कहीं। कलाकार राजेश रंजन और उनकी टीम द्वारा द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों से सभी को होली के रंग में रंग दिया गया। इसके बाद भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल, फूलों की वर्षा करके समारोह का आंनद उठाते हुए सहभोज किया। इस मौके पर अवनीश मिश्र, राजेश सिंह महुवारी, राकेश सिंह, मयंक गुप्ता, मनीष सिंह, चंण्डिका नन्दन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुनील मिश्र, धर्मवीर चैहान, अमन गर्ग, सुशील सेठ, संजीव वर्मा, निरूपमा पाठक, बबिता जसरासरिया, मुंशी निषाद, आशुतोष मिश्र, गणेश शंकर मिश्र समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान के सराहनीय कार्य की क्षेत्र में हो रही चर्चा

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खण्ड के कंतालपुर गाव में गाय की मौत के बाद पूर्व प्रधान बरकतउल्लाह द्वारा दफन किये जाने पर क्षेत्र में उनके सराहनीय कार्य की चर्चा हो रही है। अतरौलिया विकास खण्ड के कंतालपुर में पिछले 2 दिनों से एक बेसहारा गाय कि मौत हो गई थी, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार लोगों को इसकी सूचना दी, लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद भी कोई जिम्मेदार मरी हुई गाय को हटाने नहीं आया तब इसकी सूचना कंतालपुर के पूर्व प्रधान को हुई, पूर्व प्रधान बरकतउल्लाह ने दो दिन से मरी हुयी गाय का अंतिम संस्कार जेसीबी मंगवा कर गड्ढा खोदकर करवाया। इस दौरान कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नजर नहीं आया। पूर्व प्रधान के इस कार्य से जो कि एक मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते है और कई बार के प्रधान भी रह चुके हैं उनकी पूरे क्षेत्र में चर्चा होने लगी.। इसके पूर्व भी उन्होंने कई बेजुबान पशुओं को मरे हुए अवस्था में गड्ढा खोद कर दफनाने का कार्य किया है, यही नहीं उनके नेक कार्य से ही लोगों को सीख लेनी चाहिये। इस मौके पर प्रधान के साथ गाव के लोग भी मौजूद रहें।

# पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य व उनके बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान

**लक्ष्य**

## डीआईजी ने पुलिस लाइन में लाइब्रेरी व अस्पताल का किया उद्घाटन



पुलिस लाइन में अस्पातल व लाइब्रेरी व उद्घाटन करते डीआईजी।

**आजमगढ़।** डीआईजी अखिलेश कुमार द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में लाईब्रेरी व अस्पताल का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अस्ताल व उनके बच्चों की पढ़ाई व तैयारी के लिए लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है।

पुलिस लाइन परिसर में अस्पातल व लाइब्रेरी के उद्घाटन के सम्बंध में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जो पुलिस कर्मी पुलिस लाइन में नियुक्त हैं जिनके परिवार पुलिस लाइन परिसर में रहते हैं तथा जनपद में नियुक्त पुलिस कर्मियों के बच्चों की पढ़ाई के लिए लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है। पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए एक सेटेलाइट तरीके से ऐसी अच्छी जगह जहां वह बैठकर पढ़ सकें। उन्होने बताया कि बहुत से पुलिस कर्मियों के बच्चे बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते हैं तथा बहुत से बच्चे कम्पटीशन की तैयारी करते हैं। उनको यह सारी सुविधाएं एक जगह मिल सके जिससे की वह अच्छी तरह से अपनी परीक्षा की तैयारी कर सकें।

यहां 55 केविन की लाइब्रेरी बनायी गयी है जिससे बच्चे अच्छे माहौल में अपनी तैयारी करेगें यहां तैयारी की पुस्तकें व मैगजीन भी उपलब्ध रहेगी।

इसके साथ ही उन्होने बताया कि पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक अस्पताल का भी उद्घाटन किया गया है इसमें प्राथमिक उपचार की सारी सुविधाएं व दवांए उपलब्ध रहेंगी। उन्होने बताया कि किसी भी पुलिस कर्मी को यदि कोई समस्या है तो वह डाक्टर को दिखाकर अपना परीक्षण करा सकता है तथा यहां से दवा भी ले सकता है। उन्होने कहा कि यह दोनों उद्घाटन पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के कल्याण के लिए किया गया है।

# हुड़दंगियों व उपद्रवियों पर होगी कारवाई

जनसंदेश न्यूज



बैठक को सम्बोधित करते थाना प्रभारी।

**अतरौलिया।** शब-ए-बारात और ह्लहोलीह्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक की गयी जिसमें थाना प्रभारी ने कहा कि हुड़दंग करने व माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

ह्लशब-ए-बारातह्व और ह्लहोलीह्व को लेकर आज थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में पुलिस, होमगार्ड, चैकीदार के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सम्मानित लोग मौजूद रहे। बैठक में दोनों पर्व को लेकर प्रशासन व पुलिस की तैयारियों के संबंध में जानकारी देकर आये हुए लोगो से उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। होलिका दहन स्थल को लेकर पुलिसकर्मियों को उनकी जिम्मेदारी बताई गई तथा होमगार्ड और चैकीदारों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि आपसी भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से दोनों पर्व को मनावे । होली में हुड़दंग ना करें पर्व में माहौल खराब करने वालों पर प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर रहेगी जिन पर सख्त कार्रवाई कर जेल भेजा जायेगा। होली की पूर्व संख्या से लेकर रंग होली के रात तक पुलिस की ड्यूटी होगी वहीं शांति समिति बैठक में आमजन से अपील किया गया कि ऐसे क्षेत्र में होलिका का दहन न करें जहां आगजनी की संभावना है। क्षेत्र के संभ्रांत लोगो द्वारा भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने को लेकर प्रशासन और पुलिस को आश्वत किया गया।

महराजगंज प्रतिनिधि के अनुसार- शब-ए-बारात और होली को लेकर रविवार शाम थाना परिसर में थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया द्य सर्व प्रथम थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मी, होमगार्ड व चैकीदार के साथ बैठक की गयी। जिसमे उन्होंने उनके क्षेत्र में होलिका दहन स्थल को लेकर पुलिसकर्मियों तथा होमगार्ड और चैकीदारों से जानकारी ली एवं पूर्व के रिकार्ड का अवलोकन कर वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और जारी सरकारी दिशा निर्देश समझाया। थाना प्रभारी ने आपसी भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से दोनों पर्व को मनाने की अपील की और होली में हुड़दंग न करने का आह्वाहन भी किया उन्होंने बताया कि हुडदंगई कर पर्व में माहौल खराब करने वालों पर प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

## महामूर्ख सम्मेलन आठ को

**आजमगढ़।** श्री मारवाड़ी धर्मशाला समिति की ओर से होली मिलन समारोह एवं महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन 8 मार्च को पुरानी सब्जी मंडी, कटरा स्थित श्री मारवाड़ी धर्मशाला में किया गया है। जिसमे आए सभी मूर्खो का निःशुल्क मूर्खता जांच शिविर लगाकर किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री मारवाड़ी धर्मशाला समिति के प्रबंधक श्याम सुन्दर डालमिया ने बताया कि उक्त सम्मेलन में सांसत दिनेश आदो निहरूआ, विधा एक मुर्गा प्रसाद आदव, सफा अध्यक्ष हवन दाल यादव, विधा एक आलम बुड्ढी बतौर नि-मंत्री-त अतिथि गड़क के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही मंडला गुप्त मनीक चैहान, लीआईजी अकिलेश कुमार, किला अधिकारी विशाल भारद्वाज, एसएस पीव अनुआग आर्य, मुख निकास अधिकारी परखास गुप्ता, कोतवाली पर भारी शीशी चन्द चैधरी, अन.पा.प. जिला श्रीवास्तव भी सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे। श्री डालमिया ने आगे बताया कि सम्मेलन में नामचीन कवियों का जमावड़ा भी होगा जिसमे वाराणसी से डा चकाचैध ज्ञानपुरी व पूनम श्रीवास्तव विशेष आमंत्रित कवि के रूप में मौजूद रहेंगे वहीं झटपट झाड़ से लाजकुमारी आशीर्वाद, कमलेंशी जी आजीपुर, बिलेन्द्र श्रीवास्तव बिल से, लाकेश पांडेय गागर, रवाज साहब अस्पताल से, काकी जी लक्सर से, नामी जी हाल सहित अन्य कवि कब्रिस्तान से आकर मूर्खो के सामने अपनी प्रस्तुति देंगे। महामूर्ख सम्मेलन के संचालक जीतकर मय भो बलमा (गीतकार वैभव वर्मा) हैं।

# होली मिलन समारोह में रंग गुलाल से हुए सराबोर

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड विकास सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रमुख प्रतिनिधि एडीओ पंचायत ने पंचायत सहायक सफाई कर्मियों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

सचिव कमलेश व बाबू धर्मेंद्र ने मनमोहक होली गीत गाकर धूम मचा दी। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि मनीष मिश्रा व एडीओ पंचायत सुभाष चंद शर्मा ने खंड विकास कर्मचारियों व पंचायत सहायक, सफाई कर्मी सहित मौजूद सचिव के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी। होली पर्व पर गिले-शिकवे भूलकर प्रेम व सौहार्द पूर्ण होली मनाने की अपील की। इस दौरान पूरा सभागार होली के रंग में डूब गया। प्रमुख प्रतिनिधि मनीष मिश्रा ने सभी कर्मचारियों को होली पर्व की शुभकामना देकर मिठाई खिलाकर भेदभाव भूलकर रंग के त्यौहार की बधाई दी। इस दौरान सभी कर्मचारी प्रमुख एडीओ पंचायत के साथ रंग गुलाल उड़ा कर फोटो व सेल्फी लेने में लगे रहे। इस अवसर पर मंगल पाठक, राजेश सिंह, संजय यादव, राहुल, धर्मेंद्र, सचिव कमलेश, अमरदीप, जयसिंह, राकेश, राहुल यादव, महफूज प्रधान, पंचायत सहायक संघ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।



होली के रंग में सराबोर विकास खंड अजमतगढ़ के कर्मचारी।

## संक्षेप

### निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



**आजमगढ़।** नगर के गुरुटोला मैदान में सोमवार को वरिष्ठ चिकित्सक स्व.डॉ. गुलाब चन्द्र बरनवाल की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डॉ. आरबी त्रिपाठी, हमाई सदस्य डॉ. भक्तवत्सल, रामानन्द सरस्वती पुस्तकालय की निदेशिका हिना देसाई, डॉ.अरविन्द सिंह, डॉ. नित्यानन्द दूबे ने डॉ.हेमीमन व डॉ.गुलाब चन्द बरनवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डॉ. आरबी त्रिपाठी ने कहा कि डॉ.गुलाब चन्द बरनवाल एक शिक्षक व चिकित्सक होने के साथ-साथ एक कुशल समाजसेवी भी थे। उनका पूरा जीवन होम्योपैथी के प्रति समर्पित रहा। डॉ. भक्तवत्सल ने कहा डॉ.गुलाब का शिक्षण काल सराहनीय था इनके पढाए हुए छात्र आज भी इनको सम्मान के साथ याद करते हैं। वरिष्ठ जर्नलिस्ट डॉ.अरविन्द सिंह ने कहा कि आज करोड़ों लोग होम्योपैथी से लाभान्वित हो रहे हैं, इस तरह के कैम्प अनवरत लगते रहने चाहिए। होम्योपैथी अपनी गुणवत्ता के बल पर लोकप्रिय होती जा रही है। हिना देसाई ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी डा.गुलाब चन्द हम सभी को बहुत याद आ रहे हैं, आज हम सब उनको शत-शत नमन करते हैं। शिविर में हमाई चिकित्सको की टीम ने लगभग 850 मरीजों का निःशुल्क उपचार व दवा वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. चमनलाल सिंह को डॉ.गुलाब चन्द मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### चौकीदारों के साथ कोतवाल ने की बैठक



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चौकीदारों के साथ होलिका दहन के पूर्व जीयनपुर कोतवाली पर कोतवाल ने बैठक कर हुड़दंगियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चौकीदारों के साथ जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने बैठक कर होलिका दहन व होली पर्व पर अराजक तत्वों की पहचान करने व विवाद होने पर त्वरित सूचना देने के साथ अपने अपने गांव में अपमिश्रित शराब की बिक्री से लेकर होलिका दहन को लेकर गांव में किसी भी तरह के विवाद व गांव में हुड़दंगियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने सभी चौकीदारों को अपने अपने गांव में रहकर सचेत रहने व करने के लिए जागरूक किया। वही उनके गांव में पूर्व से किसी भी प्रकार के विवाद की जानकारी मांगी। श्री पांडेय ने कहा कि होली त्यौहार तक सभी चौकीदार अपने-अपने गांव में तैनात रहेंगे और एक सजग प्रहरी के रूप में होलिका दहन व होली पर्व को प्रेम भाईचारे व सौहार्द पूर्ण होली मनाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर एसआई उमेश कुमार, रामगोपाल त्यागी, चंद्रशेखर यादव, एसएसआई देवेंद्र सिंह सहित चौकीदार सुनील, दिग्विजय, गिरधारी, संजय, लालसा, लखंदर, प्रदीप, संकठा, विपिन यादव आदि चैकीदार मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में आये 47 प्रार्थना पत्र



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार द्वारा सोमवार को पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाये जाने के क्रम में जन सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में पड़े कुल 47 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### गोवध अधिनियम में दंपति गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना कन्धरापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोवध अधिनियम में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। कंधरापुर पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामचेत निषाद पुत्र स्व.मोतीलाल निषाद निवासी भोर्रा मकबूलपुर थाना कन्धरापुर व गीता निषाद पत्नी रामचेत निषाद निवासी भोर्रा मकबूलपुर इस समय भंवरनाथ मन्दिर के पास बैंक के सामने मौजूद हैं। जल्दी किया जाय तो पकडे.जा सकते हैं। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना जुर्म इकबाल करते हुये घटना कारित करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

तमंचा, कारतूस के साथ चोर गिरफ्तार

### चोरी का सामान बरामद



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बाग खालीस नहर पुलिया के पास से जीयनपुर पुलिस ने तमंचा व दो कारतूस के साथ चोर को गिरफ्तार करते हुए संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। चोर की निशानदेही पर सामान बरामद किया। जीयनपुर थाना क्षेत्र की चार चोरियों में वांछित था। जीयनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की सुबह बाग खालिस नहर पुलिया के पास से जीयनपुर थाना क्षेत्र के 4 चोरियों में संलिप्त कन्हैया राजभर पुत्र लालचंद राजभर निवासी हरसिंहपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस मिला। चोर की निशानदेही पर चोरी का सिलेंडर, मोटर क्रॉम्पटन 5 हॉर्स पावर मोटर, 2880 रुपए नगद बरामद किया।

न्यायालय के आदेश पर वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चेक बाउंस मामले में था वांछित, गया जेल



**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चकसहदनिया अंजान शहीद निवासी व्यक्ति को जीयनपुर पुलिस ने वाराणसी न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया। सोमवार की सुबह वाराणसी न्यायालय में चेक बाउंस मामले में हाजिर न होने पर गैर जमानती वारंट जीयनपुर पुलिस को मिला जिसके बाद जीयननपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वांछित दुर्गा प्रसाद पुत्र फागू प्रसाद निवासी चकसहदनिया अंजान शहीद को गिरफ्तार कर वाराणसी न्यायालय के लिए भेज दिया।

### मिलावटखोरों के खिलाफ चला अभियान

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** मिलावटखोरों के खिलाफ सोमवार को टीम की छापेमारी से बाजार में पांच घंटे तक सभी दुकाने जहां बंद रहीं वहीं अफरा तफरी मची रही। होली पर्व पर मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को टीम रानी की सराय बाजार में धमक पड़ी। छापेमारी की खबर मिलते ही बाजार की किराना के साथ ही मिठाई की दुकानों के शटर गिर गये। टीम ने तीन किराना की दुकानों से नमूने लिये। दोपहर बाद तक दुकाने बंद रहीं। पर्व पर खोवे छेना के साथ ही किराना खाद्य पदार्थों पर मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं।

### गीतों के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय विद्युत उपखण्ड अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विद्युत अधिकारियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया पर विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही अभियान चलाकर की जा रही थी। साथ ही मुकदमा भी कराया जा रहा था। होली के त्यौहार के अवसर पर अभियान पर ब्रेक लगा है। होली त्योहार के बाद पुनः अभियान चलाया जाएगा या नहीं यह तो वक्त ही बताएगा। परंतु फूलपुर विद्युत विभाग के वाट्सएप ग्रुप पर यह मैसेज भेजा जा रहा है जिसमे गीतों के माध्यम से बिजली बिल जमा करने की अपील की जा रही है। पुरुष महिला के स्वर में गीतों का यह मैसेज उपभोक्ताओं के मोबाइल पर देखने को मिल सकता है। उपभोक्ताओं को आश्चर्य हो रहा है। साथ ही बिभाग के इस कृत्य की चर्चा खूब हो रही है।

# पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

## मृतका के पिता ने पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की लगाई गुहार

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर पौड़ी गांव में तीस वर्षीया महिला को उसके पति ने हत्या कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी महिला के मायके वालों को होने पर कोहराम मच गया। मृतका के पिता की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रामपुर पौड़ी गांव निवासी छोटे कोल की तीस वर्षीया बेटी पार्वती की बारह वर्ष पूर्व बैधा गांव निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। शादी के एक वर्ष बाद ही पार्वती ने पहले पति को छोड़ दिया था और रामपुर पौड़ी गांव निवासी अजय सिंह के साथ रहने लगी थी। अजय सिंह अक्सर पत्नी पार्वती के साथ मारपीट करता था। इस संबंध में मृत महिला के पिता छोटे कोल ने सोमवार सुबह थाने में तहरीर देकर मृत बेटी के पति पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में मृतका के पिता छोटे कोल ने बताया कि बारह वर्ष पूर्व तीस वर्षीया बेटी पार्वती की शादी बैधा गांव में किया था।

जिसे गांव निवासी अजय सिंह शादी के बाद भगाकर अपने घर बतौर पत्नी रखा था जिससे दो माह, दो वर्ष, तीन वर्ष, और छह वर्ष की चार बेटियां हैं। पार्वती को उसके पति अजय सिंह ने रविवार की रात अपने घर पर मार डाला। घटना की जानकारी चार बजे भोर में होने पर तत्काल डायल 112 और ग्राम प्रधान को सूचना दी। मृतका पिता ने बेटी को मारने वाले उसके पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी पति की तलाश की जा रही है।


हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस

**अपहरण के बाद दुष्कर्म, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज : कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुत्री का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# होली के मद्देनजर एसडीएम ने खोवा की दुकानों पर की छापेमारी

**जनसंदेश न्यूज**

**राजगढ़।** होली त्योहार को देखते हुए उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में खोआ बनाने वाली मशीनों पर औचक निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय बाजारों में दूषित एवं मिलावटी खाद्य वस्तुएं न मिले, इसको लेकर लगातार उप जिलाधिकारी की टीम खोआ की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैं। मड़िहान उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह का कहना है कि त्यौहारों पर अक्सर मिलावटी एवं केमिकल युक्त वस्तुएं बेची जाती हैं जिन्हें नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। क्योंकि दुकानों पर मिलने वाले केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ लोगों के शरीर में तमाम बीमारियां फैलाते हैं। खासतौर से बड़े त्यौहारों पर हर घर में पकवान बनाते समय बाजार के खोआ का इस्तेमाल किया जाता है। इस दौरान लुसा, नदिहार, कोन भरुहवा, सोनबरसा इत्यादि खोआ बनाने वाली मशीनों पर जांच की गई। जांच के दौरान केमिकल युक्त एवं नकली खोआ मौके पर कहीं नहीं पाया गया। जांच टीम की खबर मिलते ही खोआ बनाने वाले कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान मड़िहान क्षेत्राधिकारी अनिल पांडेय, राजगढ़ थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव एवं पुलिस बल मौजूद रहा।


खोवा की दुकानों की जांच करते एसडीएम मड़िहान












# राष्ट्र के उत्थान में सभी करें सहयोग : विवेक बरनवाल

**अपील**

**गंगा जमुनी तहजीब के साथ सम्पन्न हुआ होली मिलन समारोह**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगरपालिका क्षेत्र के बसही वार्ड में नाहिद अंसारी के आवास पर गंगा जमुनी तहजीब के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समरोह में राष्ट्रीय जनकल्याणकारी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री ई० विवेक बरनवाल ने कहा कि होली भाई चारा का त्योहार है जिसमें सभी लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश देते हैं।

ई० विवेक बरनवाल ने कहा प्रधानमंत्री ने 2014 से सबका साथ, सबका विश्वास एवं सबके विकास के नारे के साथ सभी देशवासियों को राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रेरित किया हैं और आज बिना किसी भेद भाव के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को पहुंच रहा हैं।

कार्यक्रम में वार्ड के वरिष्ठ निवासी जामिल भाई एवं नाहिद भाई, बद्री प्रसाद के साथ सैकड़ों हिंदू मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के जिला कार्यसमिति सदस्य एवं वार्ड के प्रभारी अविनाश यादव, वार्ड अध्यक्ष विजय यादव, सूरज निषाद, अनिल जायसवाल, विनोद निषाद, धीरज केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।


होली की शुभकामनायें देते युवा मोर्चा के जिला मंत्री

## कराह पूजन 10 को

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव के निवास स्थान शांति नगर कालोनी के पीछे भरूहना पर 10 मार्च को दोपहर ग्यारह बजे से तीन बजे तक कराह पूजा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



















# डीपीएम, जेई के वेतन भुगतान पर रोक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण

**समीक्षा बैठक**

**मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा**

**बोले निर्धारित समयावधि के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण हर हाल में पूरा करें कार्य**

**राशन कार्ड सूची से अपात्रों का नाम हटाने को चलाया जाये विशेष अभियान**

**प्राथमिकता के आधार पर हो हैण्ड पम्प के रिबोर की कार्यवाही**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यक्रमों व मुख्यमंत्री के प्राथमिकता से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा के दौरान कहा कि अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों का अभियान चलाकर अपात्रों का नाम राशन कार्ड की सूची से हटाकर पात्रों का नाम सूची में सम्मलित किया जाये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना में पात्र लाभाथियों से किसी प्रकार की धनराशि की वसूली की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित प्रकरण की जॉच कर दोषी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही सुनिश्चित करवायें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सह तथ्य संज्ञान में आया कि आशा के भुगतान में शिथिलता बरती जा रही है, जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वार आशा के भुगतान की समीक्षा की जाये, जिस भी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिथिलता बरती जा रही है उनके डीसीपीएम के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में डीपीएम से जानकारी ली तो वह संतोष जनक उत्तर नहीं दे सके, जिस पर डीएम ने डीपीएम के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये। गौ संरक्षण केन्द्र पर पशुओं के रख-रखाव व दी जा रही व्यवस्थाओं आदि के सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जानकारी ली तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीएम

इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आय कि लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड विभाग द्वारा नई सड़को के निर्माण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है, जिसपर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये व सम्बन्धित जेई के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये। डीसीएनआरएलएम को निर्देशित करते हुए कहा कि जो राशन की दुकानें रिक्त चल रही हैं उन क्षेत्रों से अच्छे कार्य करने वाले समूह का नाम प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करें, जिससे राशन की दुकानों का चयन का कार्य शीघ्र सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, शेषनाथ चौहान, गौरी शंकर शुक्ल, रमेश चन्द्र यादव, एके गुप्ता, विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वसूली लक्ष्य पूरा न करने वालों की तय होगी जिम्मेदारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की। इस मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आरसी का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। इस दौरान उन्होनें कहा कि लक्ष्य को पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिकों से दायित्वबोध के साथ पेश आयें और जरूरत पड़ने पर उचित कदम भी उठायें। राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पाये। जमीनी मामलों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित की जाये। नगर पालिका व नगर पंचायत हाउस टैक्स, वाटर टैक्स वसूली पर भी निगाह रखते हुए राजस्व वसूली कर लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। राजस्व से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य वसूली को हर संभव प्रयास कर वसूली कार्य में तेजी जाया जाये। बिजली विभाग व परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्रों में सुधार लायें अन्यथा की दशा में उचित कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, ओबरा राजेश कुमार सिंह, सम्बन्धित तहसीलों के तहसीलदार, रामलाल यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### हरियाणा सीएम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र मामले में दो और गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर डा. चारु द्विवेदी के निकट पर्यवेक्षण में पन्नूगंज पुलिस द्वारा हरियाणा सीएम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में आकाश पुत्र बलिराम निवासी-खैरा बाजार, थाना सोहरतगढ, सिद्धार्थनगर को ग्राम कोटिया बाजार, सोहरतगढ सिद्धार्थनगर से व हरे कृष्णा पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम परसौजा, पहाड़ी, चित्रकूट को हाजा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस मामले में पांच आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**बीजपुर।** सीआईएसएफ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ इकाई प्रमुख उपसमादेष्टा प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में केओसुब के बल कार्मिकों के बच्चों के बीच क्लास 6 से 10 तक छात्र-छात्राओं ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या त्रिपाठी पुत्री प्रधान आरक्षक प्रदीप त्रिपाठी एवं तनिष्का गुप्ता पुत्री आरके गुप्ता को प्राप्त हुआ। बल प्रमुख द्वारा दोनों छात्राओ के साथ सभी प्रतिभागियों का उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निरीक्षक कार्य एमपी यादव का योगदान रहा। संचालक उप निरीक्षक कार्य मिथिलेश कुमार ने किया।

### फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**बीजपुर।** प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने फरार चल रहे एक महिला व पुरुष को गिरफ्तार करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। पहली टीम में हमराहियों के साथ शामिल उप निरीक्षक संजय कुमार ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित सुशीला पत्नी राम सजीवन निवासिनी पिंडारी टोला दोपहा, बीजपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया। दूसरी टीम का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने हमराही के साथ राय कालोनी, बीजपुर मोड़ से फरार चल रहे अभियुक्त सत्यनारायण पुत्र जयलाल निवासी ग्राम असनहर, बभनी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### ईओ ने किया होलिका दहन स्थल का निरीक्षण

**डाला।** आगामी होली त्योहार के मद्देनजर सोमवार की दोपहर नगर पंचायत डाला बाजार की ईओ देवहुति पाण्डेय ने होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि होलिका दहन करते समय सावधानी का प्रयोग करें, जिससे कोई आगजनी या कोई जान माल से संबंधित दुर्घटना ना हो तथा साथ ही नगर के सभी लोग उत्साह और प्रसन्नता के साथ होली के पर्व को मनाएं। इस मौके पर नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

### टेम्पो हटाने के विवाद में टेलर चालक का फोड़ा सिर

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा चौराहे पर सोमवार की सुबह सरहगों ने रास्ते में टेम्पो हटाने के विवाद को लेकर टेलर चालक का सिर फोड़ दिया। टेलर चालक 34 वर्षीय महेन्द्र केवट पुत्र सुखराज केवट निवासी नौटोलिया त्योहार में अपने घर जा रहा था कि तेलगुड़वा चौराहे पर कोन मार्ग में टेम्पो चालक अपनी टेम्पो को खड़ा कर दिया। टेलर चालक द्वारा टेम्पो हटाने के लिए कहा गया तो टेम्पो चालक व अन्य लोग टेलर चालक से विवाद करने लगे और देखते ही देखते टेलर चालक का सिर मारकर फोड़ दिया। इस सन्दर्भ में हल्का दरोगा त्रिभुवन राय ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# गड्ढे में गिरी अनियंत्रित बाइक, एक की मौत, दो घायल

**हादसा**

**बेल महुआ मोड़ पर हुआ हादसा, रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे बाइक सवार**

जनसंदेश न्यूज

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नधिरा बेल महुआ मोड़ पर रविवार की रात अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराकर गढ्ढे में गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार सीएचसी में चल रहा है।

सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी। बताया गया कि 22 वर्षीय राजू गोंड़ पुत्र मनबोध निवासी राजासरई, 25 वर्षीय सोहर लाल पुत्र जिंदलाल निवासी राजसरई, 23 वर्षीय जगशाह पुत्र नंदलाल निवासी हथियार तीनों बाइक से म्योरपुर के आरंगपानी गांव से मेहमानी कर अपने घर आ रहे थे। आते समय बेल महुआ मोड़ नधिरा के पास अनियंत्रित होकर बाइक पुलिया से टकराकर गढ्ढे में जा गिरी। इस हादसे में राजू को गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई, जबकि सोहर व जगशाह घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक राजू म्योरपुर की तरफ से अपने साथियों के साथ नधिरा अपने घर आ रहा था। आने जाने वाले राहगीरों ने देखा तो 112 पर सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरबी तथा बभनी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई। वहीं आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सोहर लाल और जगशाह का उपचार चल रहा है। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी।

### बिजली पोल से टकराकर बाइक सवार ने तोड़ा दम

**चोपन।** जुगैल थाना क्षेत्र के गोठानी में रविवार को मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर युवक की मौत हो गयी। बताया गया कि बड़गवा निवासी जितेन्द्र 22 पुत्र बब्बल रविवार को किसी कार्य से चोपन गया था। कार्य समाप्ति के पश्चात रविवार की शाम वह चोपन से बड़गवा अपने घर वापस जा रहा था कि गोठानी में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकरायी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने जितेंद्र को घायलावस्था में एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जितेन्द्र की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन जितेंद्र को लेकर वाराणसी के लिए निकले कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### दो बाइकों की टक्कर में चार जख्मी



दुर्घटना के बाद डाला स्थित निजी चिकित्सालय पर लगी भीड़

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र स्थित चौबे ट्रान्सपोर्ट के सामने सोमवार की दोपहर दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में भाई बहन समेत चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के मौजूद लोगों ने घायलों को उपचार हेतु एक निजी अस्पताल में ले गये। जानकारी के अनुसार चौबे ट्रान्सपोर्ट के सामने रोड डाला बाजार से घर जाने के लिए क्रासिंग पर कोटा अम्माटोला निवासी बाइक सवार 20 वर्षीय बब्बू केवट पुत्र ईश्वर केवट व 32 वर्षीय अशोक कुशवाहा पुत्र मदन कुशवाहा ज्यों ही मुड़ा तो रावर्ट्सगंज से रेणुकूट की ओर जा रहे बाइक सवार 22 वर्षीय आकाश मौर्या पुत्र रामबचन, 25 वर्षीय शिखा मौर्या पुत्र रामबचन निवासी मुर्धवा मोड़, रेणुकूट ने टक्कर मार दिया। रेणुकूट निवासी मोटरसाइकिल सवार आपस में भाई बहन बताए जा रहे हैं, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार कुछ दूर अनियंत्रित होकर घसीटते हुए चले गए। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस घायलों को निजी अस्पताल भेजवाते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी।

### दुकान में घुसा गिट्टी लदा हाइवा, कोई हताहत नहीं

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र चौबे ट्रान्सपोर्ट के सामने सोमवार की सुबह साइकिल सवार बृद्ध को बचाने में गिट्टी लदी हाइवा एक दुकान में घुस गई, घटना में कोई हताहत नही हुआ। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस भीड़ को हटाकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। बताया गया कि हाइवा चोपन की तरफ से गिट्टी लादकर रेणुकूट की तरफ जा रहा था कि डाला बाजार स्थित चौबे ट्रान्सपोर्ट चौराहे पर अचानक एक साइकिल सवार बृद्ध हाइवा के सामने आ गया, जिस पर हाइवा चालक ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए हाइवा सर्विस लेन में बने डिवाइडर में टकरा दिया, लेकिन हाइवा की स्पीड तेज होने के कारण सर्विस लेन तोड़ते हुए दो दुकानों के टीन शेड तोड़ते हुए जाकर घुस गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। अनहोनी की शंका जाहिर करते एकत्र लोगों ने चहुंओर जाकर देखा तो राहत की सांस लिया, लेकिन जब घटनाक्रम एक सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई तो मौजूद लोग हाइवा चालक की वाहवाही करने लगे। दुर्घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच वाहन को दुकान से बाहर कराने में जुट गई। वही हाइवा घुसने के बाद दुकानदारों ने मुआवजे की मांग को लेकर चौकी में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई।

# आदिवासियों ने खेली होली, मानर की थाप पर गाये गये फाग गीत

**दुद्धी।** सांसद आदर्श ग्राम नगवां में सोमवार को परंपरागत ढंग से होली मनाई गई। इस मौके पर ढोल नगाड़े सिंघाड़े की थाप पर युवा डुमचक सहित फाग गान पर थिरकते रहे। वही अधेड़ों की टोली ने भी दरवाजे -दरवाजे जाकर फाग के गीत गाकर परंपरा का निर्वहन किया। लोग एक दूसरे को प्राकृतिक फूलों से बने रंगों से सराबोर करने में जुट गए। बच्चों की टीम गांव की पगडंडी व सड़क पर दिखने वाले लगभग सभी सख्स को अपने रंग से सराबोर करने में लगी रही। वहीं युवाओं की टोली ढोल नगाड़े की थाप पर नृत्य करते नजर आई। इसके साथ ही भांग धतूरे की मस्ती में बुजुर्गों की टोली भी मस्ती से भरे अंदाज में गांव में गीत गाकर पूर्वजों की परंपरा को जीवित की। समूचा गांव मस्ती के सराबोर में डूबा हुआ था। शिवकुमार मुन्ना, रामवृक्ष, महेंद्र ने बताया कि आदिवासी परंपरा के अनुसार वे प्रतिवर्ष होली के दो दिन पूर्व ही पर्व को मनाते आ रहे हैं। इससे गांव के देवता प्रसन्न रहते हैं। हमारे यहाँ जिन्दा होली खेलने की परम्परा है। जो प्राचीन काल से खेली जा रही है।

### होली पर्व के दौरान प्लास्टिक का न करें प्रयोग: डीएम

**सोनभद्र।** डीएम चन्द्र विजय सिंह ने जनपदवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए होली को शान्ति पूर्ण व गरिमामय तरीके से मनाये जाने के लिए अपील की। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि होली पर्व के दौरान प्लास्टिक का प्रयोग न करें, प्लास्टिक के प्रयोग करने से अनेक प्रकार की बीमारियां होने की सम्भावना रहती है, इसके पूर्व में भी जनपद में मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी अभियान चलाया गया था, जिसमें जिले के नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाते आ रहे हैं।

### लैंड ट्रांसफर व अतिक्रमण को लेकर हुई बैठक

**दुद्धी।** कनहर सिंचाई परियोजना निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। सोमवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय में कोरची व भिसुर ग्राम के लैंड ट्रांसफर व सिंचाई विभाग के भूमि का जगह जगह हुए कब्जे को मुक्त कराने को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने बैठक की। इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता रवि श्रीवास्तव व अवर अभियंता नन्दलाल यादव ने बताया कि डूब क्षेत्र के कोरची व भिंसुर गाव के ज्यादातर लोगों को पुनर्वास पैकेज व प्लाट आवंटित किया जा चुका है, जिन्हें गांव खाली करने के लिए पूर्व में नोटिस के आलावा डुगडुगी के माध्यम से भी 15 दिवस के अंदर गांव खाली करने को कहा गया था, लेकिन वे नहीं सुन रहे रहे हैं। कोरची व भिसुर में लोगों को रहने से वन विभाग को लैंड ट्रांसफर करने में दिक्कत हो रही है, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। उपजिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं से कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और ग्रामीणों की मेंटालिटी को समझते हुए जल्द ही कोरची व भिसुर के लैंड को खाली कराया जाएगा। पुलिस चौकी के समीप कब्जे वाली भूमि को भी शीघ्र मुक्त कराया जाएगा।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेसियों ने किया संपर्क

**अभियान**

**हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेसियों ने किया संपर्क**

जनसंदेश न्यूज



ग्रामीणों को संदेश पत्र देते पीसीसी सदस्य आशु दूबे

**सोनभद्र।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने सोमवार को घोरावल विधानसभा के सठही, ढुटेरे, बराक, गौरीशंकर, बरौली गांव में जाकर लोगों से संपर्क कर राहुल गांधी का संदेश पत्र वितरित किया। आशु दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व-अध्यक्ष/सांसद राहुल गांधी के संदेशों के साथ हर एक आदमी से मिलकर उनके पास राहुल गांधी के संदेशों को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल ने कहा है कि कांग्रेस के लिए भारत जोड़ने का मतलब भारत की उस भावात्मक एकता का संबल बनना है जिसे बीजेपी की विभाजन कारी राजनीति ने तोड़ा है। आशू दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही किसान, व्यापारी, नौजवान, बेरोजगार, दलित, आदिवासी, महिलाएं, आम जनमानस सबके हक की बात करती है और उनकी लड़ाई भी लड़ने का काम करती है।

देश में बेरोजगारी, व्यापारी उत्पीड़न, किसान उत्पीड़न, दलित/आदिवासी उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की बात हो इन सारे मुद्दों पर सबसे पहले लड़ाई लड़ने का काम कांग्रेस पार्टी करती है। देश का युवा अपना भविष्य खोज रहा है और वह दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है। इस मौके पर सुनील कुमार दुबे, छोटे खरवार, शिवानंद पांडे, गौतम आनंद, रवि कुमार, नीरज पांडेय, देवानंद, मुन्ना, सलीम खान, मनीष कुमार, कल्लू कुमार, ईश्वर कुमार विश्वकर्मा, साधु भारती, अजय भारती मौजूद रहे।

# हिण्डाल्को एकादश ने जीता मैत्री क्रिकेट मैच




विजेता टीम को ट्राफी देते सीओओ एन नागेश

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को क्रिकेट ग्राउण्ड पर मीडिया एकादश एवं हिण्डाल्को एकादश के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जिले के राबर्ट्सगंज, ओबरा एवं रेणुकूट के मीडियाकर्मियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में राबर्ट्सगंज से मनीष जायसवाल, चन्द्रकांत पाण्डेय, सतीश भाटिया, जनसंदेश के शशिकांत चौबे, अभिषेक पाण्डेय, ब्रिजेश शुक्ला, सुनील तिवारी, राम प्रसाद यादव, कौशलेन्द्र पांडेय, राहुल शर्मा, अजय भार्गव सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रिानिक चैनल से मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। हिण्डाल्को के पी.आर. एवं एडमिन हेड जसवंत सिंह ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं समस्त मीडिया कर्मियों का स्वागत किया।

हिण्डाल्को के सीओओ एन. नागेश एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने फूल देकर सभी मीडिया कर्मियों का स्वागत किया। मीडिया एकादश ने टास जीतकर पहले बल्लेबारी करने का फैसला लिया। पारी की शुरूआत करने आए राहुल शर्मा ने मैच में सर्वाधिक 35 रनों का योगदान दिया। मीडिया एकादश निर्धारित दस ओवर में छः विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाए। जवाब में हिण्डाल्को एकादश ने विवेक कुमार, राजीव झुनझुनवाला और नवीन्द्र पाठक के जोरदार बल्लेबाजी से 9वें ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर 63 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया। मैच में प्रदर्शन के आधार पर राहुल शर्मा को बेस्ट बैट्समैन, नवीन्द्र पाठक को मैन-आफ-द मैच से नवाजा गया। विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्राफी सहित अन्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही आमंत्रित समस्त मीडिया कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। का संचालन जनसम्पर्क विभाग के प्रशान्त श्रीवास्तव ने किया। मैच के दौरान हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारी नित्यानंद राय, जे.पी. नायक, कर्नल (से.नि.) संदीप खन्ना, परनीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### तीन कोरोना संक्रमित मिलने से हड़कंप स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**ओबरा।** निमार्णाधीन ओबरा-सी परियोजना का काम दक्षिण कोरिया की कंपनी दुसान पॉवर करा रही है। कंपनी के कुछ कर्मचारियों में कोरोना के लक्षण मिलने पर रविवार को सैंपल लिया गया था। सोमवार को प्राप्त आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट में कंपनी के तीन कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। जिससे हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एक सप्ताह पूर्व दक्षिण कोरिया का 55 वर्षीय नागरिक ओबरा आया था। उसमें कोरोना की पुष्टि हुई है। उसके संपर्क में आने वाले दो अन्य कर्मचारी 30 व 41 साल भी कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिले में करीब साढ़े तीन माह बाद कोरोना के एक साथ तीन नये मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। प्रभारी सीएमओ आरजी यादव ने बताया कि तीन नए संक्रमित में कोरोना के वैरिएंट की जांच के लिए सैंपल लखनऊ भेजा जा रहा है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। कोरोना के लक्षण दिखने पर जांच अवश्य कराएं। इससे पहले कोरोना केस 15 नवंबर 2022 को मिला था। डॉ. आरजी यादव ने कोरोना संकमण वाले क्षेत्र में कैंप लगाकर अन्य कर्मियों की जांच के निर्देश दिए हैं।

# फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा



चूड़ी गली में नोटिस चस्पा करते डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता

**डाला।** न्यायालय के आदेश पर पूर्व के मुकदमे में फरार वांछित अभियुक्त के घर चौकी अन्तर्गत बाड़ी में चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता द्वारा सोमवार की सुबह डुगडुगी बजाकर करके धारा 82 की कार्यवाही का नोटिस चस्पा किया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि गफूर अंसारी पुत्र रफीक अंसारी निवासी चूड़ी गाड़ी पूर्व के एनडीपीएस के मामले में मुकदमा पंजीकृत है, मामले में युवक न्यायालय द्वारा जारी नोटिस के बाद भी उपस्थित नही हो रहा था, जिसको लेकर न्यायालय द्वारा निर्गत नोटिस को गवाहों के समक्ष मकान पर चस्पा करके व बैंड बाजे के साथ मुनादी कराई गई। साथ ही उपस्थित लोगों से बताया गया कि युवक गुफूर अंसारी आप लोगों के संपर्क में आता है तो उसे न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए सूचना दें। समयावधि में न्यायालय में उपस्थित न होने पर कुर्की की कार्यवाही न्यायालय के निर्गत आदेश पर जायेगी।

# दबंगों ने युवक को पीट-पीट कर किया अधमरा

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के मीतापुर में रविवार की सायंकाल सरंहग लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर मां- बेटा समेत चचेरा भाई को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसका उपचार वाराणसी के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस को सौंपे प्रार्थना पत्र में पीड़ित संतोष साहनी पुत्र स्व. शिवकुमार निवासी करगरा ने बताया कि अपने चचेरे भाई धर्मेन्द्र साहनी के साथ करगरा-मीतापुर स्थित होटल बैठे थे तभी भभाईच निवासी आनंद पाठक उनके दो लड़के विकास पाठक, आकाश पाठक एक अन्य व्यक्ति हाकी, डंडे, कुल्हाड़ी से लैस होकर चचेरे भाई धर्मेंद्र साहनी पर हमला कर दिए। उसको बचाने के प्रयास में लोगों द्वारा मुझे भी पीटने लगे।

हो हल्ला पर मेरी मां बीच बचाव करने पहुंची तो उनको भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। धर्मेंद्र साहनी को मरा समझ कर धमकी देते हुए सभी फरार हो गये। चचेरे भाई धर्मेन्द्र साहनी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।



इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए निषाद पार्टी के रोहित कुमार बिंद, हिमाचल साहनी, सुनील सिंह गौड़ के नेतृत्व में चोपन थाना पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत से मुलाकात कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने घटना की जांच करा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## हाइवे पर खड़ी डम्पर से टकराई बुलेट, युवक की मौत

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कटसिला गांव के समीप सोमवार की शाम नेशनल हाईवे पर एक बुलेट सवार युवक ने खड़ी डम्फर में टक्कर मार दिया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुचे सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने तत्काल शव को कब्जे में जार पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि चतुर्भुज पुर गांव निवासी गोविंद यादव 35 वर्ष चंदौली की तरफ से मुगलसराय जा रहा था जैसे ही कटसिला गांव के समीप पहुचा की अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गयी। और सड़क किनारे खड़ी फम्फर से टकरा गई। घटना में गोबिंद की मौके पर ही मौत हो गयी। तेज आवाज सुनकर घटनास्थल पर जुटे ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को मौके पर पहुचे सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने तत्काल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।










## होली: बुलडोजर पिचकारी और मुखौटा बना लोगों की पसंद

**चंदौली।** रंगों के त्यौहार होली को लेकर दुकानें सज चुकी हैं। रंग-गुलाल के साथ पिचकारी और मुखौटों की काफी डिमांड बढ़ गई है। होली के उत्सव को मनाने के लिए लोग खूब खरीदारी कर रहे है। बाजारों में सबसे ज्यादा बच्चो को बुलडोजर पिचकारी और विभिन्न प्रकार के मुखौटे खूब पसंद आ रहे है।

बाजारों में डिमांड बढ़ने से दुकानदार भी खुश है और बिक्री कर मुनाफा कमा रहे है। इस बार बुलडोजर, वाटर टैंक, वजूबा, स्पाइडर मैन की पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। इसके अलावा डरावने मुखौटे भी दुकानों पर सजे है। होली खेलने को लेकर बाजार में खास प्रकार की टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी, कुर्ता पायजामा समेत अन्य सामग्री उपलब्ध है। हर्बल रंग व गुलाल को लोग खूब पसंद कर रहे है। बाजार में रंग व गुलाल के पैकेट 10 से 50 रुपये तक बिक रहा है।

बताते हैं कि इस बार विभिन्न जानवरों के मुखौटा, बुलडोजर पिचकारी सहित हर्बल गुलाल की मांग काफी बढ़ गई है। इस बार 30 रुपए से लेकर 1000 हजार रुपए तक की पिचकारी बाजारों में उपलब्ध है। होली के पर्व को लेकर दुकानदारों का कहना है कि इस बार चाइना वाला सामान बंद है, लोग भारत में बने देशी पिचकारी, हर्बल गुलाल, सहित अन्य चीजों की मांग कर रहे हैं। दुकानदार सोनू सोनकर और मनीष सोनकर ने बताया कि लोगों में इस बार होली को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग मुखौटा, बुलडोजर पिचकारी की मांग कर रहे हैं और बाजार में डिमांड बढ़ने से माल शोर्टेज होने लगा है।

उन्होंने ग्राहकों से अपील किया कि हम लोगों के दुकान से पिचकारी अबीर गुलाल ले जाइए हम लोग ऑनलाइन से भी सस्ता सामान लोगों को उपलब्ध कराएंगे।



चंदौली बाजार में सजी पिचकारी व रंग-गुलाल की दुकानें।

दुनकांदारो ने की माने तो होली के पर्व पर इस बार हर्बल प्रोडक्ट मार्केट में ज्यादा आया है। पिछले बार की अपेक्षा इस बार होली के बाजार में डिमांड ज्यादा होने से समान के दाम भी बढ़ गए है। होली के सामाग्रियों में 10 रुपए से लेकर 20 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई हैं।

### डीएम ने स्वास्थ्य महकमे की योजनाओं की प्रगति को देखा

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में संचालित समस्त कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्रभावी एवं बेहतर ढंग से किया जाय। स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित रहे, इसका पूरा ध्यान रखा जाय। इस दौरान जिलाधिकारी में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष लाभार्थियों के भुगतान अविलंब कराए जाने के निर्देश दिए। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत नियमित टीकाकरण सुनिश्चित कराने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारियों व चिकित्सकों को निर्देशित किया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियां प्रभावी रूप से चलाते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष शेष गोल्डन कार्डों को बनाए जाने ने तेजी लाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अतिकुपोषित बच्चों को आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केंद्र के भर्ती कराकर इलाज कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों व चिकित्सकों को दिया। सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र को चौबीसों घंटे सक्रिय रखा जाय। इसमें लापरवाही कत्तई क्षम्य नही होगी। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, अंधता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, 102 व 108 एंबुलेंस सेवा आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की।

### 2047 में भारत बनेगा युवाओं के सपनों का देश

**चंदौली।** नेहरू युवा केन्द्र चंदौली के तत्वावधान में जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज चंदौली परिसर में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के युवाओं, युवा मंडलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के सपनों का भारत/2047 निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच प्रकार के कार्यक्रम निर्धारित है युवा कलाकार पेंटिंग प्रतियोगिता, युवा लेखक कविता प्रतियोगिता, स्मार्टफोन फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा उत्सव का शुभारंभ जनपद के मुख्य विकास अधिकारी सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा शक्ति है। युवा अपनी सकारात्मक सोच एवं ऊर्जा के साथ इंडिया 2047 में विकसित भारत का निर्माण करने हेतु आगे आएं।

कार्यक्रम में भाजपा पूर्व महामंत्री अनिल तिवारी, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव, जंग बहादुर, गायक श्रीराम यादव, काशी नाथ यादव, पवन यादव प्रिया अजय कुमार, आदि ने अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित प्रत्येक विधा के विजेता प्रतिभागियों प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इन सभी विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार धनराशि उनके खाते में सीधे भेजा जाएगा। इसके साथ ही जनपद के तेरह युवा मंडलों को खेल सामग्री कीट दिया गया।


### खाना बनाते समय कूकर फटा मां-बेटी घायल

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के अतायस्तगंज गांव में सोमवार की सुबह चूल्हे पर खाना बनाते समय कूकर का सीटी जाम होने से फट गया। जिसकी चपेट आकर मां-बेटी झुलस गयी। परिजनों ने निजी चिकित्सालय में इलाज कराया। बताते हैं कि गांव निवासी मालती देवी 50वर्ष उनकी बेटी अप्पु कुमारी 20 वर्ष चूल्हे पर प्रेशर कूकर रखकर खाना बना रही थी। उसी समय तेज आवाज के साथ प्रेशर कूकर फट गया। जिससे दोनों लोग झुलस गयी। परिजनों ने निजी चिकित्सालय में इलाज कराया।















# स्पोर्ट्स

### क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव बने टीआईजीसी के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** घरेलू फास्ट फैशन डी2सी मेन्स वियर ब्रांड द इंडियन गैराज कंपनी (टीआईजीसी) ने क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सूर्यकुमार यादव 'मिस्टर 360' के नाम से जाने जाने वाले और आईसीसी के टी20 आय बल्लेबाजों में नंबर एक स्थान पर रहे हैं। सूर्यकुमार एक असाधारण खिलाड़ी और एक करिश्माई युवा आइकन हैं। यह उन्हें टीआईजीसी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में एकदम फिट बनाता है। टीआईजीसी ने डिजिटल अभियानों के माध्यम से ब्रांड दृश्यता बढ़ाने, जुड़ाव बढ़ाने और खुद को भारतीय युवाओं के बीच एक शीर्ष फैशन विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए लोकप्रिय सूर्यकुमार से जुड़े है। स्काई बड़े साइज की टी-शर्ट, कैजुअल शर्ट, स्वेटर, शॉर्ट्स, हुडी, जैकेट, चिनोज, डेनिम और स्वेटशर्ट सहित कैजुअल अपैरल लाइन की पूरी नई रेंज का प्रचार और लॉन्च करेंगे।



# आईपीएल और डब्ल्यूपीएल : अब नो और वाइड बॉल पर भी रिव्यू ले सकेंगे खिलाड़ी, नए नियम से यूपी ने पलटा मैच

## महिला प्रीमियर लीग में गुजरात और यूपी के मुकाबले में यूपी की टीम ने इस अधिकार का उपयोग कर रोमांचक जीत हासिल की



**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों के पास वाइड और नो बॉल के फैसलों को भी रिव्यू करने का अधिकार होगा। महिल प्रीमियर लीग में यह नियम पहले सीजन से ही है, जबकि आईपीएल में आगामी सीजन से खिलाड़ियों के पास यह अधिकार होगा। महिला प्रीमियर लीग में गुजरात और यूपी के मुकाबले में यूपी की टीम ने इस अधिकार का उपयोग कर रोमांचक जीत हासिल की।

गुजरात और यूपी के मैच में आखिरी ओवर में यूपी ने वाइड बॉल के एक फैसले को चुनौती दी। रिव्यू में यह गेंद वाइड पाई गई, जबकि अंपायर ने इसे सही गेंद मान्य किया था। इसके बाद यूपी को एक अतिरिक्त गेंद मिली और एक रन भी मिल गया। इसकी मदद से यूपी ने मैच अपने नाम किया।

पुराने नियमों के अनुसार खिलाड़ी सिर्फ आउट और नॉट आउट के फैसले को ही रिव्यू कर सकते थे, लेकिन अब वाइड और नो बॉल को भी इसमें शामिल किया गया है। हालांकि, हर टीम के पास दो ही रिव्यू होंगे और अगर कोई टीम दो बार अंपायर के फैसले को असफल चुनौती देती है तो उसके पास आगे कोई रिव्यू नहीं होंगे।

महिला प्रीमियर लीग के पहले दो मैच में खिलाड़ी पहले ही इस नए नियम का उपयोग कर चुके हैं। मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच टूनार्मेंट के पहले मैच में, मुंबई की स्पिनर सायका इशाक की एक गेंद को मैदानी अंपायर ने लेग साइड से वाइड करार दिया। मुंबई ने डीआरएस का उपयोग करते हुए फैसले की समीक्षा की और इसे पलट दिया गया, क्योंकि रीप्ले से पता चला कि गेंद बल्लेबाज मोनिका पटेल के ग्लव्स पर लगी थी।

दिल्ली और आरसीबी के मैच में दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने भी इस तरह का रिव्यू लिया। ऑन-फील्ड अंपायरों ने ऊंचाई के लिए नो-बॉल का संकेत नहीं दिया था, रोड्रिग्स ने डीआरएस का उपयोग किया। हालांकि, यह निर्णय पलटा नहीं गया था क्योंकि रिप्ले और बॉल-ट्रैकिंग से पता चला था कि गेंद बल्लेबाज की कमर के नीचे जा रही थी और रोड्रिग्स भी काफी हद तक झुकी हुई थी। वह लगभग उनके पिछले घुटने पर थीं।

बल्लेबाज की कमर से ऊपर की नो बॉल के फैसलों पर पिछले कुछ समय में जमकर विवाद हुए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी एक बार 2019 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मैच में मैदान पर आ गए थे, जब बेन स्टोक्स की एक फुल टॉस गेंद बल्लेबाज की कमर से उपर थी। अंपायर उल्हास गंधे ने पहले ऊंचाई के लिए नो-बॉल का संकेत दिया। हालांकि, स्क्वायर-लेग अंपायर ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड ने उन्हें फैसला बजलने के लिए कहा। इसके कारण मैदान पर गरमागरम बहस हुई, जिसमें बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और मिचेल सेंटनर शामिल थे। इसके बाद धोनी भी अंपायरों के साथ इस मामले पर चर्चा करने के लिए मैदान पर उतरे।

पिछले साल रॉयल्स से जुड़े एक और मैच में आखिरी ओवर में ऐसी ही घटना हुई थी। रोवमैन पॉवेल ने ओबेड मैककॉय की फुल टॉस गेंद पर छक्का लगाया था, लेकिन अंपायर ने इसे नो गेंद नहीं करार दिया था। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने ऑन-फील्ड अंपायरों के साथ चर्चा की। इसके बाद टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने सहायर कोच प्रवीण आमरे को अंदर जाकर अंपायरों से बात करने के लिए कहा था।

# अबीर-गुलाल संग उपहार भेंट कर बांटी त्योहार की खुशियां



ब्रजवासी सेंटर पर लोगों के बीच उपहार भेंट करते संचालक झन्मेजय सिंह।

**चंदौली।** जिला पंचायत काम्पलेक्स स्थित ब्रजवासी सेंटर पर सोमवार को होली पर्व के मद्देनजर ग्राहकों के लिए उपहार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रजवासी सेंटर संचालक झन्मेजय सिंह ने ग्राहकों के बीच उपहार वितरित करने के साथ ही अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियों को साझा किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि त्यौहार हम सभी को खुशियां बांटने का संदेश देते हैं। होली पर स्थानीय लोगों से मिलने और उन्हें त्यौहार पर उपहार भेंट करने के लिए आयोजन रखा गया है, ताकि लोगों से मुलाकात और उनसे संवाद स्थापित कर अपने प्रेम व स्नेह को साझा करते हुए उसे गहरा बनाया जाए। कहा कि आज के भाग-दौड़ भरे जीवन में लोगों एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं, जिस कारण त्यौहारों की महत्ता अस्तित्व खोती नजर आ रही है। ब्रजवासी ने अपने इस छोटे से प्रयास से लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने व उनके बीच प्रेम-सौहार्द को स्थापित करने की पहल की है, ताकि तेजी से टूट रहे समाज को जोड़ा जा सके। इस अवसर पर 120 लोगों को होली पर्व को उपहार भेंट कर त्यौहार की खुशियों को बढ़ाने का काम किया गया। इस अवसर पर चंद्रभूषण यादव, नवीन सिंह, रामप्रकाश मौर्या, प्रदीप यादव, राकेश सिंह, अनंत सिंह, विक्की यादव, हरेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्र और समाज हित की सीख देता है एनएसएसः मनोज पाठक

**सकलडीहा।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सातवें दिन सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम मनोज पाठक ने स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए विस्तार से चर्चा किया। अंत में स्वयंसेवकों ने राष्ट्रहित और समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इसके पूर्व स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर बधाई दिया। शिविर में कुल 150 ने प्रतिभाग किया। एसडीएम मनोज पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का कैम्प प्रशिक्षण स्वयं के साथ राष्ट्र और समाज हित में सर्वोपरि होता है। प्रशिक्षण के बाद स्वयं सेवकों ने ऊर्जा प्रदान करता है। इसके पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा। अंत में कार्यक्रम में भाग लेने वाले गंगा जमुना और सरस्वती टीम के स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. अनिल तिवारी, डा. अभय वर्मा, डा.जितेन्द्र, अभिषेक यादव सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

## सात मार्च को होलिका दहन करना होगा शुभः पंडित पद्माकर

**नियामताबाद।** इस बार होली किस दिन मनाई जाएगी, इसको लेकर सभी के मन में सवाल है। इस बार लोग 7 मार्च और 8 मार्च को लेकर लोगों के मन में संशय बना हुआ है। बता दें हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है, इसके बाद ही अगले दिन प्रतिपदा तिथि को रंगों की होली खेली जाती है। इस साल पूर्णिमा तिथि 6 मार्च से शुरू होगी और 7 मार्च को खत्म होगी। दोनों ही दिन पूर्णिमा तिथि प्रदोष काल को स्पर्श करेगी। वही पंडित पद्माकर चौबे की मानें तो पूर्णिमा तिथि 6 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर शुरू हो जाएगी और 7 मार्च 2023 मंगलवार 06:09 मिनट तक रहेगी। लेकिन होलिका दहन 7 मार्च को किया जाएगा। होलिका दहन के लिए शुभ समय 7 मार्च 2023 को शाम 6:24 मिनट से रात 8:51 मिनट तक है। इसके बाद 8 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी। स्मृति सार नामक शास्त्र के मुताबिक जिस वर्ष फाल्गुन की पूर्णिमा तिथि दो दिन के प्रदोष को स्पर्श करे, तब दूसरी पूर्णिमा यानी अगले दिन में होलिका जलाना चाहिए। इस बार भी पूर्णिमा तिथि 6 मार्च और 7 मार्च दोनों दिन प्रदोष काल को स्पर्श कर रही है, ऐसे में 7 मार्च को होलिका दहन करना शुभ होगा। वही उन्होंने 6 मार्च को होलिका दहन न होने का एक और कारण ये है कि इस दिन पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया रहेगा। 6 मार्च सोमवार में शाम 4:18 मिनट से भद्रा शुरू हो जाएगी और 7 फरवरी 2023 को सुबह 05:15 बजे तक रहेगी. भद्रा का वास भी पृथ्वीलोक में होगा. भद्रा के दौरान किसी भी तरह के शुभ काम करना वर्जित होता है, वरना उसके अशुभ परिणाम झेलने पड़ सकते हैं. निर्णय सिंधु ग्रंथ में लिखा है कि भद्रा में अगर होली जलायी जाए तो देश को बड़ी हानि हो सकती है और देशवासियों को बड़े भयानक कष्ट का सामना करना पड़ सकता है। 7 मार्च की पूर्णिमा तिथि भद्रामुक्त होगी, ऐसे में 7 मार्च को ही होलिका दहन किया जाना चाहिए।

## संक्षेप

### आबकारी विभाग की टीम ने ईंट भट्ठों पर की सघन जांच



ईंट भट्ठों पर जांच करते आबकारी विभाग की टीम।

**सकलडीहा।** शासन के निर्देश पर मिलावटी शराब को लेकर सख्त अभियान छेड़ा गया है। इस क्रम में आबकारी विभाग की टीम सोमवार को शराब और बीयर की दुकानों के साथ कोतवाली क्षेत्र के नईबाजार ईंट भट्ठों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान किसी प्रकार की अवैध शराब मिलने पर संचालकों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा ने सकलडीहा, चतुर्भुजपुर और नईबाजार के साथ डेढ़ावल शराब और बीयर की दुकान के साथ ईंट भट्ठों पर सधन जांच किया। इस दौरान भट्ठा मालिक और मजदूरों से मिलकर पूछताछ किया। ग्रामीणों को किसी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या बनाये जाने की सूचना देने को बताया। चेताया कि पकड़े जाने पर संबधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा, शिवमणी त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

### खाद्य औषधि विभाग की टीम ने की जांच पड़ताल

**सकलडीहा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि की टीम ने होली की त्योहार को देखते हुए जगह जगह जांच पड़ताल किया। विभागीय जांच पड़ताल से खलबली मचा हुआ है। होली पर्व पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय विशेषकर खोया ,पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ ,खाद्य तेल एवं वनस्पति और विभिन्न प्रकार की कचरी पापड़ चिप्स एवं नमकीन व मिठाइयां की जांच का निर्देश है। इसके अलावा खाद्य पदार्थ से बनी बेसन, मैदा, आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय आर एल यादव के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा चहनिया में 01 मैदा 01 रस्क 01 नमकीन 01 नमकीन बिस्कुट कुल चार विभिन्न प्रकार के नमूना लिये। इसके साथ ही कटेसर से 01 बर्फी एवं 1 गुलाब जामुन, पड़ाव से 01 सरसो तेल, मुगल सराय खोया मंडी से 06 खोया का नमूना लिया गया। चकिया से 03 दूध 01 तेल इस तरह कुल 17 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को जांच हेतु प्रेषित किया गया । जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी । इसके पूर्व खाद्य कारोबार कर्ता एवं आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ से होने वाले नुकसान के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जागरूक किया गया। इस मौके खाद सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद, विनय शाही सहित अन्य मौजूद रहे।

### गरीबों व असहायों के लिए भेंट किया एंबुलेंस

**नियामताबाद।** क्षेत्र के पांडेपुर स्थित एबीएस हॉस्पिटल के संचालक व प्रतापगढ़ सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता ने जन्मदिन अवसर पर एंबुलेंस भेंट की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब असहाय व्यक्तियों को एंबुलेंस सेवा का लाभ मिल सके। बताते हैं कि एबीएस हॉस्पिटल के संचालक व भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता द्वारा सोमवार को जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की हैं।जिसमें गरीब मजदूर तथा लाचार लोगों की सेवा के लिए इस एंबुलेंस को लगाया गया है जो कि क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक लाभ देने का कार्य करेगी। संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि एंबुलेंस सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्र के व्यक्तियों को दूरदराज चिकित्सा उपचार के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा सारी चिकित्सा सुविधा एक छत के नीचे प्राप्त होगी मानव सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं।

### मारपीट में दो महिलाएं घायल

**शहाबगंज।** क्षेत्र के किड़िहीरा गांव में सोमवार को दो महिलाओं के बीच किसी बात लेकर गाली गलौज व मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों महिलाएं चोटिल हो गयी। जिनका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया गया। बताते हैं कि बड़गांवा गांव की फातमा बेगम का माईका किड़िहीरा गांव में है सोमवार की दोपहर में अपने माईका में जाकर रुबी बेगम 35 वर्ष से भीड़ गयी, जिससे दोनों महिलाओं को चोटे आई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

### ट्रक से मोटरसाइकिल सवार भिड़े, चार घायल

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र गुरमुरा स्थित तारा मंदिर के पास सोमवार की रात्रि आठ बजे सड़क के किनारे खडी एक ट्रक के पिछे मोटरसाइकिल सवार जा टकराए, मोटरसाइकिल के टकराने से मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक घायल हो गए। घायल लोगों को एम्बुलेंस से चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। बाईक सवार युवक 21 वर्षीय चंदन पुत्र भगवती, 20 वर्षीय सुनील पुत्र उमेश, 18 वर्षीय लालमन पुत्र नन्हकु सभी निवासी पथगडी.थाना चोपन व 19 वर्षीय गुड्डू पुत्र रामकुमार निवासी छिकराडाड़ थाना चोपन एक ही बाईक पर सवार होकर गुरमुरा बाजार से अपने घर जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर गुरमुरा तारा मंदिर के पास सड़क के किनारे खडी एक ट्रक मे जाकर घुस गए।

### कांग्रेसी 10 मार्च को करेंगे प्रदर्शन

**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 10 मार्च को ब्लॉक स्तर पर स्टेट बैंक व एलआईसी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि जनपद के सभी मुख्यालयों पर स्टेट बैंक व एलआईसी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## समय सीमा के अंदर जन समस्याओं का करें निस्तारणः जिलाधिकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग के लंबित व बकाया बिलों का समस्त विभाग समय से भुगतान करना सुनिश्चित करें। सभी विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर बेहतर कार्य करें और दिक्कतों का समाधान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जन समस्याओं व विभागीय कार्य समय सीमा के अंदर कराना सुनिश्चित सुनिश्चित करें। नहरों में टेल तक पानी पहुंचने हेतु सिल्ट सफाई के कार्य की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कार्य सुनिश्चित किए जाने सिंचाई विभाग के अभियंता को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करते हुए कहा किनवीनीकरण की सड़कें, नई सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य लक्ष्य के सापेक्ष गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयान्तर्गत कराना सुनिश्चित करें। सेतु निगम के अंतर्गत निमार्णाधीन सेतुओ की समीक्षा करते हुए कहा कि निमार्णाधीन सेतुओ के निर्माण कार्य तेजी से कराते हुए पूर्ण कराया जाए। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत हैंडपंपों का रिबोर व मरम्मत का कार्य अविलंब करा लिये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। विशेषकर नौगढ़ क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हेतु समुचित प्रबंध किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष आवास निर्माण में तेजी से कार्य कराने के निर्देश पीडी डीआरडीए को दिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय उपस्थित रहे।

# राजपूत करणी सेना विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने धनंजय सिंह

**समारोह**

### रंग-गुलाल संग करणी सेना ने साझा की होली की खुशियां



अबीर-गुलाल में सराबोर राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी।

**चंदौली।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से सोमवार को मुख्यालय स्थित ज्योति लान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाने के साथ ही व गले लगाकर होली की खुशियां साझा की। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तार से चर्चा किया। वही राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के विधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया।

जिसमें सिविल बार के पूर्व महामंत्री धनंजय सिंह को जिलाध्यक्ष, उजव्वल सिंह को प्रभारी जिलाध्यक्ष, हरेंद्र प्रताप सिंह को जिला संयोजक, नीरज कुमार को कार्यकारी जिलाध्यक्ष संदीप सिंह को जिला महासचिव, चन्दन सिंह को जिला महामंत्री गौरव सिंह को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मदन सिंह को जिला उपाध्यक्ष, हिटलर सिंह को मीडिया प्रभारी, मनीष कुमार सिंह को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। इसके अलावा विवेक सिंह को जिला सचिव, पंकज सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, राहुल सिंह को जिला संयुक्त सचिव बनाया गया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष झंमेजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सर्वसमाज को साथ में लेकर चलता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और देश में हर किसी को अपनी बात कहने की आजादी दी गई है।

लेकिन देश के कुछ ऐसे संगठन हैं जो इस आजादी का गलत फायदा उठाते हैं। और अपनी बात मनवाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का एक-एक कार्यकर्ता संगठन के लिए अपना खून देने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजीत सिंह, पूर्वांचल अध्यक्ष विनोद सिंह, मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह, मंडल महामंत्री सुमित सिंह, जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह, जिला संयोजक रणबीर सिंह पिंटू, जिलाध्यक्ष युवा अमन सिंह, सौरभ सिंह छोटू, चुनमुन सिंह, छोटू सिंह, रामप्रकाश सिंह, अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# होली के त्योहार को लेकर अधिकारियों का पैदल मार्च



सकलडीहा कस्बा में पैदल मार्च करते हुए एसडीएम और सीओ।

**सकलडीहा।** होली की त्योहार शांतिपूर्वक मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस लिया है। सोमवार को एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। होली की त्योहार को लेकर हर चौकी क्षेत्र के हर बीट पर मोबाइल पार्टी होगा। जो अनाउंसमेंट करते हुए भ्रमण करेगी। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों के साथ दंगा नियंत्रण टीम सभी उपकरण के साथ संवेदनीशील और अतिसंवेदन शील क्षेत्र का भ्रमण करेंगा। रूट मार्च के दौरान पीआरबी इंवेट के साथ भ्रमण करेगी। शराब पीकर रेस गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर मशीन से जांच के बाद संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। होली पर बगैर हेलमेट गाड़ी चलाते हुए मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया। अंत में एसडीएम और सीओ राजेश कुमार राय ने कस्बा में पैदल भ्रमण करते हुए लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील किया। ग्राम प्रधान व संभ्रात नागरिक और चौकीदारों को नजर बनाये रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्या, मोहन प्रसाद, मनेश शंकर द्विवेदी, महफूज अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

### डीजे संचालकों को पुलिस ने जारी किया नोटिस

**सकलडीहा।** होली पर पूर्ण रूप से डीजे का संचालन बंद रहेगा। इसको लेकर शासन स्तर पर कड़े निर्देश है। एसपी के निर्देश पर सीओ ने सर्किल क्षेत्र के दर्जनों डीजे संचालकों को नोटिस जारी किया है। उपजिलाधिकारी सकलडीहा मनोज पाठक ने कहा कि होली की त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश है। किसी प्रकार की अशांति या अफवाह फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगा।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक बने आनंद कुमार सिंह

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से सोमवार को सदर बीआरसी सभागार में बैठक हुई। इस दौरान प्रांतीय प्रचार मंत्री डा. देवेंद्र प्रताप यादव व प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चन्द्र शर्मा द्वारा आनन्द कुमार सिंह को जनपद का संयोजक निर्वाचित किया गया। इसके बाद वहां मौजूद शिक्षकों ने आनन्द सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उधर, आनन्द कुमार सिंह ने नयी जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के एक-एक सदस्यों का आभार जताया। भरोसा दिया कि वे शिक्षकों के हित में आगे भी पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करते रहेंगे। विदित हो गत दिनों जनपद में ब्लाक स्तर पर संगठनात्मक चुनाव कराए गए, जिसमें सात ब्लाक के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में निर्वाचित किए गए। तत्कालीन जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व कार्यकारिणी के पदाधिकारी द्वारा चुनाव कराने की बजाय दूसरे संगठन में शामिल हो गए। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चन्द्र शर्मा की मौजूदगी में आनन्द कुमार सिंह को जिला संयोजक निर्वाचित किया गया।

## शिक्षण संस्थान और कार्यालयों में अबीर-गुलाल लगाकर दी बधाई



डायट पर गुलाल अबीर लगाकर बधाई देते कर्मी।

सकलडीहा। होली की त्योहार को लेकर शिक्षण संस्थान से लेकर कार्यालयों में होली का उत्साह देखने को मिला। एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। डायट पर प्राचार्य डा. माया सिंह के नेतृत्व में डायट कर्मियों ने होली की त्योहार को लेकर गुलाल अबीर लगाकर बधाई दिया। इस मौके पर डा. रोशन सिंह, डा. बैजनाथ पांडेय, डा. राजश्री सिंह, लिलि श्रीवास्तव, डा. प्रिया पांडेय, डा. जितेन्द्र सिंह,कमर अयूब, राजेश सिंह, रमाशंकर, प्रवीण राय, मनोज पांडेय, मोहन गुप्ता, प्रशांत, मंजू कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील और ब्लॉक में अधिकारियों को कर्मचारियों ने गुलाब अबीर लगाकर बधाई दिया। इस मौके पर बीडीओ अरूण पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे। बीईओ कार्यालय पर भी शिक्षकों ने गुलाल लगाकर गले लगाकर एक दूसरे को बधाई दिया। इस मौके पर बीईओ अवधेश राय, ब्लॉक अध्यक्ष जयनारायण, अरूण रत्नाकर, निठोहर सत्यार्थी, हिमांशु पांडेय, चन्द्रधर दिक्षित, संजय सिंह, जगरदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर फटने से मकान ध्वस्त धमाके की आवाज से दहला गांव

जनसंदेश न्यूज

**रामनगर।** नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दीपापुर गाँव में सोमवार की भोर में गैस सिलेंडर फटने से एक मकान क्षतिग्रस्त

**विस्फोट**

**मलबे में दबकर चार घायल ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को निकाला**

होकर मलबे में तब्दील हो गया जिसमें परिवार के चार लोग दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग आनन फानन में मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मलबे में दबे सभी घायलों को निकालकर उपचार के लिए एम्बुलेंस से नजदीक के एक अस्पताल भेज दिया जहाँ डॉक्टरों ने


गैस सिलेंडर फटने से ध्वस्त मकान

घायलों की गंभीर स्थिति देख वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दीपापुर गाँव निवासी पारसनाथ सोनकर रात को भोजन करने के बाद पूरे परिवार के साथ कमरे में सोने चले गए। लगभग 4 बजे भोर में धमाके की आवाज सुनकर आसपास सहित ग्रामीणों की नींद टूट गई और दौड़कर सभी मौके पर पहुँच गये। मौके का नजारा देखकर सभी हतप्रभ हो उठे। पूरा मकान क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गया था। वहीं ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में मलबे में दबे पारसनाथ सोनकर 27 वर्ष, कविता 23 वर्ष, राधिका 48 वर्ष, कार्तिक 1 वर्ष को बाहर निकाला। सभी जलने व मलबे में दबने के कारण गंभीर रूप से घायल थे जिसे पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल भेज दिया जहाँ डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति देख सभी को बेहतर उपचार के लिए वाराणसी भेज दिया। वाराणसी में सभी का उपचार चल रहा है सभी की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। वहीं आसपास के लोगों के मुताबिक बच्चे को दूध गरम करते समय हादसा हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नेवढ़िया विनय कुमार मिश्र ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, 9 घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पटटीचकेसर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में कुल 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

बीबीगंज चौकी क्षेत्र के पटटी चकेसर गांव में सोमवार को जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर चलें लाठी डंडे चले जिसमें 48 वर्षीय कर्मजीत पुत्र उदयराज, 55 वर्षीय अमरजीत पुत्र उदयराज, 40 वर्षीय मुकेश पुत्र रामदुलार, 22 वर्षीय प्रेमलता पत्नी विजय कुमार, 45 वर्षीय रामचरितर पुत्र रामदुलार, 30 वर्षीय रमाशंकर पुत्र संतलाल, 60 वर्षीय लालमन पुत्र अब्बू, 55 वर्षीय नीमा पत्नी लालमन, 55 वर्षीय अनारा पत्नी तिलक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां सभी का प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# प्रकृति को बचाने का प्रयास करें बेटियां : धनंजय सिंह

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** क्षेत्र के पाराकमाल गांव स्थित असमा अरेबिक कालेज का वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व जनता दल

**संबोधन**

**अस्मा अरेबिक कालेज का वार्षिकोत्सव संपन्न**

यूनाईटेड के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि गांव में बेटियों की शिक्षा के लिए इतना बड़ा विद्यालय चलाना देश को तरक्की की दिशा में ले जाने का पुख्ता प्रमाण है। विद्यालय के संस्थापक मौलाना अब्दुल वहीद कासिमी को एक बेहतरीन समाज के निर्माण करने वाला बताया। पूर्व सांसद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां शिक्षा के साथ प्रकृति को बचाने में भी योगदान करें। अपने जीवन


वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व सांसद धनंजय सिंह

में एक लक्ष्य बनाकर कम से कम दस पौधे जरूर लगाएं। विद्यालय की छात्राओं को सामाजिक पाठ पढ़ाते हुए एक अध्यापक की तरह मुखातिब हुए पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि परमात्मा एक है हम सभी लोग अलग अलग नामों से उसे याद करते हैं। उन्होंने कहा केवल चुनाव लड़ना ही राजनीति नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय फाउंडर प्रबंधक डा. अब्दुल वहीद कास्मि ने किया तथा संचालन हम्माम वहीद ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर जफर आलम, डा. फखरुद्दीन, डा. शोहराब सिद्दीकी, राहिल अब्दुल्लाह, शारिक खान एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य भोला राजभर, अदनान खान आदि लोग उपास्थि रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के मैनेजर हम्मार वहीद ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# विश्व बंधुत्व का त्योहार है होली : रमेश सिंह

**शाहगंज।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के द्वारा आयोजित होलिकोत्सव कार्यक्रम उत्सव वाटिका में रविवार देर शाम आयोजित किया गया। सामाजिक समरसता एवं उत्साह के बीच डा. केशव हेडगेवार के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। जिले से आये मुख्य वक्ता

**कार्यक्रम**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आयोजित किया होलिकोत्सव जमकर उड़ा गुलाल**

जिला संघचालक एवं वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डा. सुभाष एवं जिला प्रचारक रजत, कार्यक्रम अध्यक्ष शिव कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

विधायक रमेश सिंह ने कहा कि


रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती बालिकाएं

होली का त्योहार अनेकता में एकता का त्योहार है। विश्व बंधुत्व की भावना से होली का त्योहार मनायें। जिला संघ चालक ने होली को अच्छे ढंग से मनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सरस्वत शिशु मंदिर के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक होली गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समूह संचालन अनुपमा, मुकेश द्वारा एवं कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अरविंद द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य द्वय ज्ञानेश, सूर्यप्रकाश, नरेंद्र, प्रचारक दिलीप अग्रहरि, शीतल प्रसाद अग्रवाल, डा. अभिषेक सिंह, सुनील अग्रहरि टप्पू, अनिल मोदनवाल, डा. जेपी दुबे, अमन आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सिंगरामऊ/बदलापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के पास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बाइक सवार वृद्ध की ट्रैक्टर की चपेट में आने से उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के नेवादा मुखलिसपुर निवासी रामलाल निषाद बाइक पर बैठकर पारसनाथ निषाद के साथ ढ़कवा बाजार की तरफ जा रहा थे। सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। जिसमें 62 वर्षीय रामलाल निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया वहां से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# कबाड़ी और मवेशी पालक की पिटाई कर नकदी ले भागे चोर

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** पिलकिछा दौलतपुर गांव में राजमार्ग के बगल संचालित कबाड़ के दुकानदार की रविवार की रात पिटाई कर आधा दर्जन चोरों ने उसकी जेब में रखा 12 हजार रूपया छीनकर भाग गए। जाते जाते चोर उसके बगल बंधी दो बकरियां भी खोलने लगे। विरोध करने पर बकरी पालक की भी चोरों ने पिटाई कर दोनों बकरियां उठा ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

सुल्तानपुर जिले के करौंदीकला थाना अंतर्गत रामपुर दुबायल गांव निवासी रवी गुप्ता उक्त गांव के राज मार्ग के बगल अपनी कबाड़ की दुकान चलाता है। वह अपनी दुकान का शटर आधा खोलकर अन्दर सो रहा था। आधी रात को छह की संख्या में पहुंचे चोर कमरे में घुस गये। आहट पाकर रवी की नींद खुल गई। उसने शोर मचाना चाहा तो चोरों ने उसे पकड़ कर



पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि चोर उसकी जेब में रखा 12 हजार रुपए छीनकर भाग गए। जाते समय चोर बगल अर्जुन के घर खूंटे से बंधी बकरियां खोलने लगे। अर्जुन चोरों से भिड़ गया। चोरों की संख्या छह होने के कारण वह मुकाबला नहीं कर सका चोर उसकी भी पिटाई कर दोनों बकरियां बगल खड़ी पिकअप गाड़ी पर लाद फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की छानबीन करायी जा रही है।

## संक्षेप

### दहेज हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**सुइथाकला।** पुरासम्भलशाह गाँव में मृत विवाहिता के मामले में दहेज हत्या के आरोपी पति, श्वसुर और ननद तीनों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि मामले में मृतका के भाई विजय की तहरीर पर थाने में पति कुलदीप, श्वसुर अच्छेलाल व ननद पूजा पत्नी योगेश निवासी



मकदूमपुर थाना खुटहन के विरूद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज था। सोमवार को उपनिरीक्षक प्रेमशंकर सिंह व हमराह द्वारा आरोपीगण को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### समाचार पत्र विक्रेता संघ ने आयोजित की शोकसभा

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य की अध्यक्षता में समाचार पत्र विक्रेता संघ भवन धरनीधरपुर मीरपुर में आयोजित हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने बताया कि हमारे बहुत पुराने समाचार पत्र विक्रेता संगठन मंत्री बबलू मौर्य के पिता कन्हैयालाल मौर्य की अचानक मौत हो गई उनकी उम्र 75 वर्ष थी। यह समाचार सुनकर सभी शोकाकुल हो गए। सभी पत्र विक्रेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में उपस्थित अवधेश मौर्य, विजय शर्मा, सोनू साहू, अखिलेश मौर्य, पवन साहू, नरेंद्र मौर्य, राजेश मौर्य, पंकज मौर्य, तरुण मौर्य, रमेश चंद्र मौर्य, रामप्यारे प्रजापति, मंगरू राम मौर्य, राम स्वारथ मौर्य आदि मौजूद रहे।







# सनशाइन के बच्चों ने बिखेरा जलवा



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**सुइथाकला।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र में सरायमोहिऊद्दीनपुर स्थित सनशाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सोमवार को स्कूल के वार्षिकोत्सव में अपना जलवा बिखेरकर लोगों को लोहा मनवा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी ने विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात स्कूल प्रबन्धन द्वारा मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रतिभागियों द्वारा एकल गीत, युगल नृत्य, हरियानवी नृत्य, सामूहिक नृत्य, भाषण और कौव्वाली द्वारा अपना जलवा बिखेर कर लोहा मनवा दिया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह ने स्कूलों को सर्वांगीण विकास का केन्द्र बताया तो विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. उमेश चन्द तिवारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष सिंह ने कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम का समापन अध्यक्षता कर रहे वशिष्ठ नारायण चतुर्वेदी के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। संचालन विजया त्रिपाठी व बीएन सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सुरेश पाण्डेय, अशोक अग्रहरि, थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों के साथ शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे। अन्त में स्कूल के डायरेक्टर रविशंकर चतुर्वेदी व प्रधानाचार्या पूजा सिंह ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताया।

## ओवर रेटिंग का विरोध करने पर बियर विक्रेता ने दी गाली, वीडियो वायरल

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर के मनियरा मोड़ के पास स्थित बीयर के ठेके पर सोमवार को देर रात उपभोक्ताओं द्वारा बियर खरीदने के दौरान ठेके पर उपस्थित बियर विक्रेता द्वारा ओवर रेटिंग किये जाने का जब विरोध किया गया तो विक्रेता ने उपभोक्ता को जमकर गाली गलौज देते हुए देख लेने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो वायरल है जो पुलिस और आबकारी विभाग को खुली चुनौती दे रहा है। गौरतलब है कि उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा और आबकारी विभाग ने क्षेत्र की सभी छोटी बड़ी शराब की दुकानों पर पहुँच सभी को सख्त लहजे में चेताया था। परन्तु बीयर की दुकान के विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक में बिक्री कर रहा है। वहीं उपभोक्ता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये नहीं देने पर दुकानदार ने जमकर गालियाँ देते हुये मारने पीटने पर आमादा हो गया।

# स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन का संघर्ष लाया रंग

**जौनपुर।** स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन की मांग पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व प्रशासक के अथक प्रयास से कर्मचारियों को होली से पूर्व उनका वेतन, बोनस एवं बकाया एरियर का भुगतान सोमवार को कर दिया गया जिसे पाकर कर्मचारियों की महीनों से लंबित मांग पत्र पर आगे उनकी मांगों को पूरा करने का अधिशासी अधिकारी

**हुई जीत**

**होली पर बोनस व वेतन पाकर कर्मचारियों के खिले चेहरे**

ने वादा किया और हर्षोल्लास के साथ त्योहार को मनाने की बधाई दी।

इस मौके पर संगठन के नेता असलम शेर खान ने कहा कि मृतक आश्रितों की नियुक्तियां तथा पेंशनरों का बकाया एरियर रिटायर्ड कर्मचारियों का एरियर आदि ईद से पूर्व किये जाने की मांग किया और कहा कि भविष्य में कर्मचारी जैसे तन मन धन से काम करता है वैसे करता रहेगा लेकिन काम


नगरपालिका ईओ का स्वागत करते लोग

लेने वाले अधिकारियों को भी कर्मचारियों की पीड़ा समझनी चाहिए। यदि कोई अधिकारी पीड़ा समझता है तो कर्मचारी भी उसके लिए पूर्ण मनोयोग से काम करने के लिए तैयार रहेगे। इस खुशी के मौके पर कर्मचारियों ने अपने बीच अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा को पाकर अबीर गुलाल के साथ नगरपालिका परिषद कार्यालय में उनके संग अबीर गुलाल एवं फूलों की होली खेलकर पर्व की शुरूआत की।

इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद जुमराती ने कहा कि हम अपने अधिकारियों और नगर के सम्मान एवं स्वच्छता के लिए सदैव तत्पर रहेगें। इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल यादव, संजीव उपाध्याय, लेखाधिकारी टीएन सिंह, राहुल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, धर्मेंद्र यादव, मनोज यादव, लाखन, कमरूद्दीन, तुफैल अहमद, सफाई निरीक्षक अवधेश यादव, प्रभारी जलकल अभियंता, पिताम्बर यादव, अनवर, नितिन सिंह, विनोद यादव, गोपाल, अरविंद सिंह, राजेश बाल्मीकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।







# अंबेडकर नगर को हरा पोटरियां बना विजेता


फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते विधायक

**खुटहन।** त्रिकौलिया गांव में आयोजित मंडल स्तरीय डे-नाइट बालीवाल प्रतियोगिता में जिले के पोटरियां की टीम ने अंबेडकरनगर को तीन सेट के कांटे के मुकाबले में पहला और अंतिम सेट जीत कर प्रतियोगिता अपने नाम कर लिया। बतौर अतिथि समापनकर्ता शिवेंद्र यादव ने विजेता व उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को परस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया।

प्रतियोगिता में एक दर्जन क्षेत्रीय टीमों के अलावा आजमगढ़, मऊ और अंबेडकर नगर की छह टीमों ने हिस्सा लिया। सेमी फाइनल में पहुंचीं चार टीमों में कराये गये बेस्ट आफ थ्री के मुकाबले में पोटिरियां ने मुबारकपुर मऊ को तथा अंबेडकर नगर की टीम ने बैरीडीह आजमगढ़ को पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक रमेश सिंह ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि खेल आपसी प्रेम और सौहार्द कायम रखने का सशक्त माध्यम है। यह हमें निरंतर लक्ष्य की तरफ बढ़ने को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा खेल में हार से निराशा और जीत पर अहंकार नहीं होना चाहिए। प्रतियोगिता के निर्णायक धर्मेन्द्र यादव और अंकुश यादव तथा कमेंट्री मान बहादुर सिंह व रजनीश सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव यादव, विपिन सिंह, बेचन पाण्डेय, चंद्रभान सिंह, विजय बहादुर यादव, राहुल यादव, संतोष सिंह, उमेश गुप्ता, बिपिन यादव, अमूल्य सिंह आदि मौजूद रहे।

## संस्कृति मंत्रालय ने रजनीश प्रसाद को किया सम्मानित

**मछलीशहर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की विभिन्न स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी जिसमें लोरी लेखन, देश भक्ति गीत और रंगोली आदि की प्रतियोगिताएं शामिल थी। मंत्रालय द्वारा लोरी लेखन में स्थानीय तहसील के रसूलपुर ग्राम निवासी रजनीश कुमार प्रसाद पुत्र संतोष



कुमार सरोज को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 5000 रूपये की धनराशि सरकार की तरफ से दी गई है। उन्होंने अपनी मेधा से पूरे तहसील क्षेत्र का मान बढ़ाया है। पूर्व में भी उनकी कई रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं और विभिन्न मंचों पर उन्हें पुरस्कृत किया जा चुका है।

# थानाध्यक्ष ने होलिका दहन स्थल का किया निरीक्षण

**सिरकोनी।** स्थानीय क्षेत्र के कबूलपुर गांव में सोमवार को थानाध्यक्ष जलालपुर रमेश यादव ने अपने हमराहियों के साथ होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। रमेश यादव ने गांव के लोगों से अपील की कि आप लोग शांतिपूर्वक होली



का त्योहार मनाएं। होली का त्योहार आपसी प्रेम सौहार्द का है। त्योहार के दिन के कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान मो. मोजम्मिल, अजय यादव, विजय सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एसपी ने संवेदनशील होलिका दहन स्थल का किया निरीक्षण

**केराकत।** होलिका दहन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के जनपद के संवेदनशील होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। इस



दौरान स्थानीय क्षेत्र के ग्राम कुशौला व अमिहित गांव में पहुंच होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक के अचानक दौरे से कुछ समय के लिए ग्रामीणों समेत स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मचा रहा।












# प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर पर बीइओ संग बच्चों ने खेली होली

जनसंदेश न्यूज

**सिकरारा।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के बच्चों ने खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह को अपने बीच पाकर उनके साथ व विद्यालय के शिक्षकों के संग जम कर होली खेली। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में भी बच्चों ने शिक्षकों के संग होली खेली। इस दौरान बीइओ ने कहा कि रंगों के इस त्योहार को बच्चों के बीच मनाने का अनुभव अलग ही है।

बच्चों से उन्होंने कहा कि होली पूरे देश का एकमात्र ऐसा त्योहार है जो समृद्ध साहस और सौम्यता का त्योहार है जिसमें सामाजिक भेदभाव को दरकिनार करके लोग अपनत्व के भाव से एक दूसरे को रंग लगाते है और पूरे जीवन के मंगलमय होने की कामना करते है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के मनाए और आपस मे लड़ाई झगड़े न करके आपसी समरसता बनाये यही होली के त्योहार का सबसे बड़ा संदेश है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि बच्चों के बीच इस तरह के आयोजन से बच्चों की मुखरता बढ़ती है और बच्चों में प्रेम समरसता बढ़ती है तथा भेदभाव डोर होता है।

इस अवसर पर मनोज कुमार, श्यामधर, नेहा जायसवाल, मंजू जैसवार, आराधना उपाध्याय, गजाला बानो, माधुरी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में भी बच्चों ने आपस में और शिक्षकों संग जमकर होली खेली। प्राध्यापिका संयुक्ता सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि ये आपसी भाईचारा का त्यौहार है घर पर सौहार्दपूर्ण तरीके से आप लोग मनाएं। इस अवसर पर रीनू देवी, आशा देवी, शुभम पाल, सुषमा यादव, राजकुमारी देवी उपस्थित रहीं।



# स्वयंसेवी स्वच्छता प्रहरी महिलाओं को करें जागरूक : सीमा द्विवेदी



**नौपेड़वा।** राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि स्वयंसेवी स्वच्छता प्रहरी महिलाएं गांव में समाज को जागरूक करने का कार्य करें। महिला सशक्तिकरण अभियान को ऊंचाई देने हेतु गांव-गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्राणपण से कार्य मे समर्पित हो। सासंद डेटॉल बनेगा स्वस्थ्य इंडिया के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह रेकिट इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वयंसेवी स्वच्छता प्रहरी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहाकि बदले परिवेश में महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित समारोह अपनी सार्थकता को प्राप्त कर रहा है। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने स्वच्छता प्रहरी के रूप में सशक्त महिलाओं के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रसंसा की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी डॉ. अंजना सिंह ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मनोज यादव, वरिष्ठ भाजपा नेत्री अंजू पाठक, बीडीओ राजीव सिंह, ब्लॉक कोआर्डिनेटर राजेश दूबे ने संबोधित किया। इस दौरान बीजेपी मंडल अध्यक्ष भूपेश सिंह, सूर्यप्रकाश चौबे, धर्मेंद्र साहू, आंगनवाड़ी मीरा सिंह, रागिनी सिंह, केसरी प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन राज्य कार्यक्रम अधिकारी सुनील पाण्डेय ने किया।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा शाखा के राजा बने जिलाध्यक्ष



**जौनपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक बैठक जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित की गयी जिसमें उपस्थित सभी कायस्थ बंधुओं ने गौरव श्रीवास्तव उर्फ राजा को जिलाध्यक्ष युवा शाखा बनाया। अपनी नियुक्ति के उपरांत राजा ने कहा कि समस्त युवा कायस्थों को एकजुट करने का प्रयास करेंगे तथा उनके हित के लिए प्रयासरत रहेंगे तथा संघर्ष करते रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष विनोद पंकज श्रीवास्तव, भानु श्रीवास्तव, संरक्षक बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट, अनुराग श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव भाजपा नेता आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुरेश अस्थाना ने किया।

### फैमिली आईडी : एक परिवार, एक पहचान योजना का दिया प्रशिक्षण

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 3 से 4 बजे तक सभी उपजिलाधिकारियों तथा सभी खंड विकास अधिकारियों को फैमिली आईडी-एक परिवार, एक पहचान योजना के क्रियान्वयन के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रतीक उपाध्याय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान, सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना हैं। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंको की एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जिसमें परिवार के सदस्यों का विवरण दिया होगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने तथा लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए केन्द्रीय भण्डार के रूप में कार्य करेगा। फैमिली आईडी एक स्वैच्छिक सेवा है, केवल वे परिवार जो उत्तर प्रदेश/केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ प्राप्त कर रहें है या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता हो सकती है। उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाना है, जो राशन कार्ड धारक नहीं है। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामदरस यादव तथा समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में जमकर उड़ा गुलाल

**शाहगंज।** ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में बच्चों ने जमकर अबीर गुलाल की होली खेली। होली के त्योहार की छुट्टियों से पहले स्कूल प्रबंधन ने बच्चों की होली का इंतजाम किया जिसमें बच्चों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य डा. अनामिका मिश्रा ने कहा कि बच्चों को केमिकल युक्त गहरे रंगों से बचने और रंगों से आंख जैसे संवेदनशील अंगों को बचाने की जानकारी दी गई। निदेशक दिवाकर मिश्रा ने बताया कि होली सद्भाव और रंगभरा त्योहार है। हम सभी को इसे गरिमा के साथ मनाना चाहिए। इस दौरान सिमरन अग्रहरी, रागिनी यादव, प्रतिमा जायसवाल आदि अध्यापिका व स्टाफ मौजूद रहे।

### सभी संसाधनों से लैस होगा शाहगंज पब्लिक इंटर कॉलेज : राघवेंद्र सिन्हा

**शाहगंज।** शाहगंज पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक राघवेंद्र कुमार सिन्हा ने सोमवार को विद्यालय में शिक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय को कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, अत्याधुनिक प्रयोगशाला व अन्य संसाधनों से लैस करने के विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्व. राजकिशोर लाल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। विद्यालय के शिक्षक राजेश प्रसाद ने विद्यालय की मौजूदा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कायस्थ समाज की ओर से स्थापित इस विद्यालय को सभी संसाधनों से लैस करते हुए सजाने संवारने की जरूरत है। विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र नाथ राय, आशीष मौर्य, राजेश पटेल, रामकेवल यादव, रजनीश श्रीवास्तव ने उपस्थित जनों के बीच हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक राघवेंद्र कुमार सिन्हा ने आभार व्यक्त जताया।

# अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट की कार्यकारिणी घोषित



**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नगर के टीडी कॉलेज दक्षिणी हाल में ट्रस्ट कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह और महासचिव राधिका सिंह के नेतृत्व में कार्यकारिणी की बैठक के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया।

बैठक में ट्रस्ट की सहमति से तीन समितियों का गठन हुआ, जिसमें शिक्षा समिति अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव सचिव एवं दीपक श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी। स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष डॉ. आकांक्षा, डॉ. शैली निगम सचिव एवं विद्याधर राय विद्यार्थी मीडिया प्रभारी। समाजसेवा समिति अध्यक्ष वंशिका मौर्य, ममता गुप्ता सचिव, ज्ञानचंद गुप्ता को मीडिया प्रभारी घोषित किया गया। नए सदस्य के रूप में स्वर्ण व्यवसायी अमर जौहरी, अब्दुल्ला तिवारी, डॉ. प्रशांत, कनक सिंह, मनीष मौर्या, रीना वर्मा, अरुण वर्मा सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. समर बहादुर सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बहुत ही शानदार और नेक कार्य किया जा रहा है। आज पुरुष जब बाहर निकलता है तो घर के लोग बेफिक्र रहते हैं, पर महिलाओं के लिए चिंता बनी रहती है वहीं उसी समाज में इस ट्रस्ट की महिलाए आज दिन रात बाहर निकलकर समाज में एक अच्छी मिसाल पेश कर रही है। ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह पूरे जिले में ही नहीं अपितु पूरे देश में एक नारी शक्ति की मिसाल है जो ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को जागरूक के साथ मदद के लिए आगे आ रही हैं।

### अप्रतिम प्रतिभा की धनी थीं किरन श्रीवास्तव : डा. हरेन्द्र

**जौनपुर।** किरन फाउण्डेशन के तत्वावधान में अहमदपुर स्थित भीम पाठशाला में वरिष्ठ भाजपा नेत्री व पूर्व प्रत्याशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद स्व. किरन श्रीवास्तव की जन्म जयंती सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर परिवार के सदस्यों एवं समाज के वरिष्ठ लोगों ने पूर्व विधायक डॉ. हरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में भीम पाठशाला पहुँचकर बच्चों को पढ़ाई की सामग्री, स्टेशनरी सेट एवं लंच पैकेट वितरित किया एवं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। पठन सामग्री मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक डॉ. हरेन्द्र सिंह ने इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर किरन फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रमोहन श्रीवास्तव, गिरजेश श्रीवास्तव, श्याम रतन श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप सिंह, दयाशंकर निगम, राजेश श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, बच्चा भैया, विजय श्रीवास्तव, संजय सेठ जेब्रा, हीरा लाल आजाद, सुरेश अस्थाना, राजेश किशोर, गौरव श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव, अंजना श्रीवास्तव, राजन राय सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जेसीआई क्लासिक का होली मिलन समारोह आयोजित



**जौनपुर।** जेसीआई क्लासिक के तत्वाधान में होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसको जनपद के विख्यात कलाकार कृष्णा पंडित ने ब्रज की होली एवं कृष्ण लीला प्रस्तुत किया साथ ही बनारस से आए कलाकारों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहाकि राग रंग का यह त्योहार लोकप्रिय बसंत का संदेशवाहक है। संगीत व रंग इसके प्रमुख अंग हैं। कार्यक्रम संयोजक अविनाश गोयल व श्रवण कुमार ने कहा होली के पर्व की तरह इसकी परंपरा भी अति प्राचीन है भारत में होली का पर्व अलग-अलग प्रदेशों में भिन्नता के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन एवं हास्य व्यंग का पाठ सुजीत अग्रहरी व प्रदीप उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष विशाल गुप्ता, अमित पांडे, राजीव साहू, रंजीत सिंह, कार्तिक सेठी, शुभम जावा, विकल्प शुक्ला, दुर्गेश सिंह, सतपाल सिंह, अभिषेक जायसवाल, यस बैंकर, श्यामजी सेठ, अबूजर, हसन अब्बास, हर्षित अग्रहरी, आशुतोष सिंह आदि सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव योगेश साहू द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# न्याय न मिलने तक लड़ी जाएगी लड़ाई शेफर्ड धामू पाल

**सुजानगंज।** क्षेत्र के मुस्तफाबाद में शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया इकाई जौनपुर द्वारा अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड एवं उनके सुरक्षा में तैनात दो सुरक्षाकर्मियों के विरोध में जन आक्रोश रैली एवं श्रद्धांजलि शोक सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेफर्ड धामू पाल ने कहा कि पाल बघेल धनगर समाज के ऊपर लगातार अत्याचार अन्याय किया जा रहा है जो बिल्कुल बर्दाश्त करने लायक नहीं है। पूर्व एमएलसी प्रभावती पाल ने कहा जब तक हम संगठित नहीं होंगे तब तक किसी भी हक अधिकार की लड़ाई में सफलता नहीं पा सकते। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर सुभाष पाल तथा संचालन जयनारायण पाल ने किया। कार्यक्रम के आयोजक विक्रम पाल, सुभाष पाल, अच्छेलाल पाल, अनुराग पाल ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विजय बहादुर पाल, प्रीति पाल, उर्मी पाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### होली पर्व को लेकर इओ ने की कर्मचारियों संग बैठक



कर्मचारियों संग बैठक करती अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह

**गोपीगंज।** नगर पालिका कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने सोमवार को आगामी होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मद्देनजर पालिका बैठक कक्ष में होली त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में एक बैठक की। बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी ने सभी नलकूप चालकों, विद्युतकर्मियों, सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि होली पर्व पर सभी कर्मचारी अपने अपने कार्य क्षेत्र में मौजूद रहेंगए। विद्युत आपूर्ति न रहने पर जलापूर्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनरेटर से टंकियों को लोड कर के आपूर्ति को निरंतर जारी रखे जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से मंगला प्रसाद, विष्णु प्रसाद, शशि प्रकाश तथा सभी नलकूप चालक, लाइन मैन, सफाईकर्मी आदि मौजूद रहे।

### ललक शिक्षा की चौथी वर्षगांठ पर 76 बालक बालिकाएं पुरस्कृत



बच्चों को पुरस्कृत करती विशिष्ट अतिथि यास्मीन बानो

**भदोही।** ललक शिक्षा सामाजिक संस्था की चौथी वर्षगांठ पर रविवार को लोहरा खास गांव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 76 बालक, बालिकाओं को संस्था की तरफ से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी. डी पाण्डेय ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि यास्मीन बानो ने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देने पर बल दिया वही संस्था के संस्थापक प्रशान्त कुमार ने आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को अनवरत शिक्षा देने की बात कही। संस्था की अध्यक्ष अंशिका मौर्या ने बालिकाओं के प्रति हो रहे भेदभाव को दूर करने पर बल दिया। सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक राजेश परदेशी ने गाने के माध्यम से शिक्षा जागरूकता और बेटियों की शिक्षा पर गीत गाकर लोगो को जागरूक किया। विशिष्ट अतिथियों में रोहित सिंह, पूजा विश्वकर्मा, नीतू पाठक, विजय पाल, अमरेश यादव, विनोद कुमार, सन्नो बानो, डॉ. जे. एस बिंद, सुमन श्रीवास्तव ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अमर बहादुर चौधरी, निर्देशक संजय पाल, जितेंद्र यादव, उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अर्शे बरी पर होता है चर्चा रसूल का: फैयाज भदोहवी

**जलसा**

### सीरतुन नबी का 23 वां सालाना उर्स मदरसा इस्लामिया अरबिया दुलमदासपुर सररोई में मना

जनसंदेश न्यूज



मदरसा इस्लामिया अरबिया दुलमदासपुर सररोई में आयोजित जलसे में बोलते अशफाक रजा मुशाहिदी गोंडवी



मदरसा इस्लामिया अरबिया दुलमदासपुर सररोई में आयोजित जलसे में शामिल लोग

**भदोही।** जलसा सीरतुन नबी का 23 वां सालाना उर्स मदरसा इस्लामिया अरबिया दुलमदासपुर सररोई भदोही में रविवार की रात को आयोजित किया गया। जिसमें शायरों ने नातेपाक का नजराना पेश किया तो वहीं आलिमों ने दीनी मसलों की जानकारी दी। जलसे का आगाज कुराने पाक की तिलावत से हाफिज व कारी फिरोज अंबर ने किया। इसके बाद नातखानी का सिलसिला शुरू हुआ।

फैयाज भदोहवी ने पढ़ा अर्शे बरी पर होता है चर्चा रसूल का शजर अजर भी पढ़ते है कलमा रसूल का, कितना बुलंद आप को अल्लाह ने किया अरे झुक कर तवाफ करता है काबा रसूल का। इसके अलावा शायरे इस्लाम अहमदुल फत्ताह फैजाबाद, शकील रजा, झारखंडी, अब्दुल गनी बनारसी, नेहाल हबीबी, अकरम झिंगुरपुर, आमिर रजा स्माइली ने भी एक से बढ़ कर एक नातेपाक का नजराना पेश किया। जलसे में तकरीर करते हुए मौलाना सैयद आदिल मियां ने कहा कि दीन व दुनिया मे दोनों जगह अगर कामयाब होना है तो नमाज पढ़ो, नमाज नबी के आंखों की ठंडक है। मौलाना मुफ्ती एहतेशाम उल कादरी जौनपुर ने भी इस्लाही खिताब किया।

जलसे की सरपरस्ती मौलाना अब्दुल समद ने किया। इस दौरान 7 बच्चों को दस्तारे हिफ्फजुल कुरान व सनद से नवाजा गया। जिसमें सदारत मौलाना फैसल हुसैन अशर्फी ने की और निजामत मौलाना अशफाक रजा मुशाहिदी गोंडवी ने किया। आखिर में मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना अकरम रजा कादरी ने सभी मेहमानों को शुक्रिया अदा किया एवं गांव वासियों को मुबारकबाद पेश किया और दिनों दुनिया के सलामती के लिए दुआ किया।

जलसे में शिरकत करने वालों में मुख्य रूप से भदोही विधायक जाहिद बेग, अब्दुल हाई मैनेजर प्रवेज कारपेट, तौकीर अहमद, अख्तर अली, जाबिर बाबू, कादिर बाबू, नूरुद्दीन, अमीन, इमामुद्दीन, इलियास, आसिफ रजा, टोनी मंसूरी, वारिस अली, मौलवी ईसा, खुर्शीद, मुन्ना प्रधान, अखलाक, फखरुद्दीन, तौफीक, जाफर, हसनैन, कामरान, माबूद, जुनैद, तालिब, अयूब अंसारी उर्फ बाबू भाई आदि रहे।

### बाइक व साइकिल की टक्कर मे साइकिल सवार की हुई मौत, तीन घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जगीगंज बाजार मे साइकिल व बाइक की सीधी टक्कर मे चालीस वर्षीय युवक की मौत हो गई, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए, घायलो को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया जाता है की बाइक सवार प्रयागराज से काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे थे। रविवार की देर रात तीन बाइक पर छः युवक प्रयागराज जनपद के मुकुंदपुर होलागढ़ सोरांव से काशी विश्वनाथ धाम दर्शन करने के लिए निकले थे। एक बाइक जिस पर वेद प्रकाश 20 वर्ष व अनुज कश्यप 25 वर्ष सवार थे जंगीगंज पुलिस चौकी के पास साइकिल से टकरा गये। घटना मे साइकिल सवार रमेश गौतम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मोहम्मद शाबान अपने हमराहियो के साथ घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवारों को अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया गया वही साइकिल सवार की मौत होने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

# बाइक की टक्कर से किशोरी की हुई मौत

**हादसा**

### मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा



**गोपीगंज।** मिजार्पुर गोपीगंज मार्ग पर स्थानीय थाना क्षेत्र के नरउर गाँव में सोमवार को बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल किशोरी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची गोपीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार को सुबह लगभग दस बजे उजाला यादव उम्र 13 वर्ष पुत्री बेचूराम यादव अपने घर के सामने सड़क पार कर गोबर फेंकने गई थी, और गोबर फेंक कर जैसे ही वापस घर की तरफ जाने के लिए सड़क पार करने लगी उसी दौरान मिजार्पुर की तरफ से गोपीगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार बाइक के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल अवस्था में उपचार के लिए भदोही निजी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। परिजन किशोरी के शव को घर वापस ले आए। जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। सूचना पर पहुंचे कोतवाल सदानंद सिंह ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर लिखा पढ़ी करने में लगे रहे। बताया जाता है कि किशोरी पाँच बहन एक भाइयों में तीसरे नंबर पर थी, पिता मुंबई में प्राइवेट नौकरी कर-के घर गृहस्ती चलाते थे जो मुंबई में ही हैं। किशोरी कक्षा चार की छात्रा थी। ग्रामीण दशरथ यादव, ग्राम प्रधान बद्री चन्द मिश्रा, गोपाल यादव, मनोज यादव, बिजुली समेत लोगो ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है।

### विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ ने दिया तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार नोटिस

**भदोही।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ ने 13 से 15 मार्च तक 72 घंटे कार्य बहिष्कार की नोटिस सरकार व ऊर्जा प्रबंधन को दी है। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ ने नोटिस के माध्यम से अवगत कराया कि 70 हजार संविदा कर्मी अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जताएंगे।महासंघ ने संविदा कर्मियों को समान कार्य का समान वेतन और दुर्घटना में मृतक आश्रित को 20 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने तथा सेवाकाल 55 वर्ष से बढ़ा कर 60 वर्ष किए जाने सहित अन्य 12 सूत्री मांगों के समाधान की मांग की है। मीडिया प्रभारी पुनीत राय ने बताया कि वर्षों से बार-बार सरकार और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद संविदा कर्मियों की मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। पदाधिकारी विमल चंद्र पांडेय ने आरोप लगाया कि बिजली आपूर्ति सहित 90 प्रतिशत कार्यों को आठ से नौ हजार रुपये अल्प वेतन पा रहे संविदा कर्मियों से बारह-बारह घंटे कार्य कराया जा रहा है। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच वर्ष अनुभव पर संविदा कर्मियों को पावर कारपोरेशन में रिक्त पदों पर पैसठ हजार पदों पर ज्येष्ठता से नियमित किए जाने और लंबित मांगों को पूरा कराने की अपील की हैं।

# जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

**अवसर**

### 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' थीम पर छात्रों ने अभिनव मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत वीएन जीआईसी ज्ञानपुर में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का शुभारंभ व अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना तथा गणेश वंदना छात्राओं द्वारा किया गया। सभी अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। वैज्ञानिक दृष्टिकोण,बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक विकायल भारती ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

वीएन जीआईसी प्रधानाचार्य विजय यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी वी रमन की याद में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की इस वर्ष की थीम -'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय' पर जनपद के विभिन्न बच्चों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इस जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में वीएन जीआईसी ज्ञानपुर के छात्र प्रवीण कुमार द्वारा बनाई गई प्रोजेक्ट को प्रथम स्थान प्राप्त किया। वुडवर्ड पब्लिक स्कूल भदोही के यश विश्वकर्मा को द्वितीय एवं मदर हलीमा पब्लिक स्कूल भदोही के खुशनुमा जमाल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर धनराशि, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।



वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के यश विश्वकर्मा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अपने मॉडल के विषय में बताता हुआ

# ऑनलाइन पोर्टल 'जनसुनवाई' ने की जनता की राह आसान

**खास मुलाकात**

**शासन की ऑनलाइन व्यवस्था 'जनसुनवाई.यूपी.एनआईसी.इन' पर किसी भी वक्त लगा सकते हैं गुहार**

**शिकायतें-समस्याएं लेकर विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाने के संकट से नागरिकों को मिला छुटकारा**

**प्रकरणों के निस्तारण को लेकर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी से लेकर शाससन स्तर तक होती है समीक्षा**

**सुरोजीत चैटर्जी**

सूबे में पहले अपनी-अपनी समस्याएं लेकर जनता विभिन्न सरकारी दफ्तरों में एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय का चक्कर लगाया करती थी। 'तहसील दिवस' पर भी शिकायतें दर्ज करायी जाती थीं। अब तहसील दिवस का नाम 'संपूर्ण समाधान दिवस' करते हुए जनसमस्याएं सुनी जाती हैं। दूसरी ओर, शिकायतें और समस्याएं ऑनलाइन भी दर्ज करने की व्यवस्था दी गयी है। खास यह कि ऑनलाइन स्तर पर की गयी इस पहल के बाद बहुत बड़ा बदलाव आया। इसमें आला अफसर से लेकर कर्मचारी तक की जिम्मेदारी तय कर दिये जाने से शिकायतें के निबटारे को लेकर अधिकारी गंभीर हो गये। इसकी एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन स्तर पर समस्या दर्ज कराने के बाद उसके निस्तारण की प्रगति की निगरानी मुख्यमंत्री स्तर से की जाती है। यह ऑनलाइन व्यवस्था सरकारी पोर्टल 'जनसुनवाई. यूपी.एनआईसी. इन' पर दी गयी है। इसे आईजीआरएस यानि इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम या समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली भी कहते हैं। इसकी मॉनिटरिंग जनपद में तैनात ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर यानि ईडीएम करते हैं। जन समस्याओं के निबटारे के बारे में वाराणसी में ईडीएम के पद पर तैनात प्रसून कुमार अग्रवाल से खास मुलाकात की गयी।

**ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रसून अग्रवाल ने कहा : समाधान में लापरवाही पर तय होती है जिम्मेदारी**



(प्रसून कुमार अग्रवाल, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर)

## घर बैठे ऑनलाइन दर्ज करें अपनी समस्या

ईडीएम प्रसून बताते हैं कि शासन ने आईजीआरएस की शुरुआत 2016 में की। विशेष बात यह है कि इस पोर्टल पर पर आप अपने स्मार्ट फोन या लैपटॉप अथवा एप के जरिये घर बैठे भी शिकायत या समस्या दर्ज कर सकते हैं। यदि घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने में कठिनाई है तो अपने क्षेत्र या कहीं भी स्थित जनसेवा से केंद्र यानि सीएससी पर जाकर 'जनसुनवाई' पोर्टल पर शिकायत दज कराने भी संभव है। इस पोर्टल पर एक बार शिकायत फीड होने के बाद जनपद में स्थित संबंधिक विभाग से लेकर लखनऊ तक उसके निस्तारण पर निगरानी रहती है। शिकायतों के निबटारे का टाइमलाइन तय है। निश्चित अवधि के भीतर फरियादी की समस्या का समाधान हर हाल में गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने की अनिवार्यता है। इसके लिए जनपद स्तर पर लगभग प्रतिदिन, साप्ताहिक और मासिक स्तर पर समीक्षा होती है। किसी प्रकरण में समाधान न किये जाने पर उसमें आ रही अड़चन को समाप्त करने के उपाय निर्धारित किये जाते हैं। यदि कोई मामला कोर्ट में है तो उस प्रकरण में न्यायालय स्तर से संबंधित फैसला आने तक किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाता।

## टोल फ्री नंबर से भी कर सकते हैं शिकायत

ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रसून अग्रवाल कहते हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस के मौकों पर प्राप्त शिकायतें व समस्याएं भी एकीकरण पोर्टल 'जनसुनवाई' पोर्टल पर फीड कर संबंधित विभाग को उसके निबटारे के लिए भेज दी जाती हैं। इसके लिए प्रत्येक विभाग में जन शिकायत का अलग टेबल और नोडल अधिकारी निर्धारित हैं। खास यह कि इस पोर्टल पर आप सरलतापूर्वक यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि आपकी ओर से दर्ज करायी गयी शिकायत वर्तमान में कहां तक पहुंची। दूसरी ओर, शासन की एक और व्यवस्था उल्लेखनीय है कि आप अपनी शिकायत या समस्या टोल फ्री नंबर '1076' पर फोन के माध्यम से भी दर्ज करा सकते हैं। सिर्फ यही नहीं, किसी भी शिकायतकर्ता के प्रकरण के निस्तारण के बाद अधिकारी रेंडमली किसी फरियादी को कॉल पर पूछते हैं कि क्या वह अपनी समस्या को लेकर किये गये समाधान से संतुष्ट है अथवा नहीं। यदि उस फरियादी ने असंतुष्टी व्यक्त की तो उसे और भी गंभीरतापूर्वक लिया जाता है।

## तीन विभागों से जुड़ी शिकायतें सर्वाधिक

जनसुनवाई पोर्टल शिकायतों को निबटारा उसी दिन से लेकर एक माह के भीतर अलग-अलग मामलों में अलग-अलग है। कुछ प्रकरण उसी दिन या तीन दिन के भीतर तो कुछ मामले सात दिन से लेकर 30 के अंदर निस्तारित करना अनिवार्य किया गया है।

शिकायतों के निबटारे में उदासीनता बरतने या लापरवाही पाए जाने अथवा मामला संज्ञान में न लेने की स्थिति में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेदारी तय होती है। प्रसून के अनुसार वाराणसी में आमतौर पर सर्वाधिक शिकायतों नगर निगम से संबद्ध साफ-सफाई, पुलिस के विभिन्न प्रकरण और राजस्व से जुड़े मामलों के आते हैं।




## जनपद में हैं करीब 1700 जनसेवा केंद्र

वाराणसी जिले के ग्रामीण इलाकों के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो और शहरी क्षेत्र के हरएक वॉर्ड में दो जनसेवा केंद्र स्थापित हैं। जनपद में कुल मिलाकर लगभग 17 सौ जनसेवा केंद्र संचालित हो रहे हैं। इस कारण नागरिक विभिन्न समस्याओं या शिकायतों के समाधान के लिए अपने क्षेत्र में स्थित जनसेवा केंद्र का लाभ उठा रहे हैं।





